धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

सुप्रभात

रांची, रविवार

18.12.2022

* नगर संस्करण । पेज : 12

epaper.khabarmantra.net पौष, कृष्ण पक्ष, दशमी, संवत 2079 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 155




12 इंडो इटैलियल फिल्म में लियोनार्डी के साथ नजर आयेंगी चित्रांगदा

## न्यूज डायरी

### सीएम हेमंत ने आज यूपीए की बैठक बुलायी

रांची। सीएम हेमंत सोरेन रविवार को यूपीए विधायक दल की बैठक बुलायी है। बैठक सीएम आवास पर अपराह्न तीन बजे होगी। विधानसभा के शीतकालीन सत्र से एक दिन पहले इस बैठक में शीतकालीन सत्र में सरकार की रणनीति पर चर्चा की जायेगी। भाजपा ने भी रविवार को अपने विधायकों की बैठक बुलायी है। 19 से विधानसभा का शीतकालीन सत्र शुरू हो रहा है।

### सीए सुमन कुमार की डिस्चार्ज अर्जी खारिज

रांची। मनरेगा घोटाले और मनी लाउंड्रिंग मामले के आरोपी निलंबित आइएएस पूजा सिंघल के पति के सीए सुमन कुमार की डिस्चार्ज अर्जी को ईडी के स्पेशल कोर्ट ने खारिज कर दी। इस पर सुनवाई पूरी होने के बाद अदालत ने 12 दिसंबर को फैसला सुरक्षित रख लिया था। सुमन कुमार ने दो नवंबर को डिस्चार्ज अर्जी दाखिल किया था। मामले में अब जल्द ही आरोपियों के खिलाफ आरोप गठन के बिंदु पर सुनवाई होगी।

### सिल्ली में आज से गूंज महोत्सव का आगाज

रांची। विकास की नयी यात्रा के साथ सिल्ली में होने वाले गूंज महोत्सव का आयोजन 18 दिसंबर रविवार से शुरू होगा। तीन दिवसीय इस महोत्सव का उदघाटन रविवार को झारखंड के राज्यपाल रमेश बैस करेंगे। महोत्सव की सारी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। सिल्ली का स्टेडियम सजधज कर तैयार है।

### नाबालिग से दुष्कर्म के दो आरोपी दोषी करार

रांची। पोक्सो के विशेष न्यायाधीश आसिफ इकबाल की अदालत ने दुष्कर्म के दो आरोपित रोहित उरांव और विक्रम पाहन को दोषी करार दिया है। अदालत ने दोषियों की सजा के बिंदु पर फैसले की तिथि 22 दिसम्बर निर्धारित की है। दुष्कर्म की यह घटना कांके थाना क्षेत्र की है।

### संपत्ति विवाद में छोटे ने की बड़े भाई की हत्या

लातेहार। सदर थाना क्षेत्र के नवागढ़ गांव में शुक्रवार की देर रात संपत्ति विवाद में बड़े भाई ने अपने ही छोटे भाई की गोली मार कर हत्या कर दी। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने शनिवार को घटना के बाद फरार मनोज प्रसाद को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं शव को पोस्टमार्टम के लिए लातेहार सदर अस्पताल भेज दिया गया है। मनोज प्रसाद का उनके भाई दिलीप प्रसाद के बीच संपत्ति विवाद को लेकर पिछले एक वर्षों से लगातार विवाद चल रहा था।

### भीषण आग से एक ही परिवार के छह की मौत

हैदराबाद। तेलंगाना के मनचेरियल जिले के मंदमारी मंडल के गुडीपल्ली गांव में शनिवार तड़के एक में भीषण आग लगने से एक ही परिवार के छह सदस्यों की मौत हो गयी।

इजेडसी की बैठक में शाह के सामने हेमंत ने उठाया झारखंड का मुद्दा, कहा

# आदिवासी रेजिमेंट बने, वन नियम में बदलाव जरूरी

## कोल इंडिया से 1.36 लाख करोड़ बकाये का शीघ्र भुगतान करायें

### आदिवासी हित में पूर्व के वन नियम की बहाली हो

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में कोलकाता में शनिवार को हुई पूर्वी क्षेत्रीय परिषद (इजेडसी) की बैठक में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड से जुड़े मसलों को जोरदार तरीके से उठाया। श्री सोरेन ने राज्य में वन अधिकारों के अतिक्रमण का मुद्दा उठाया। साथ ही कोयला कंपनियों पर राज्य सरकार का बकाया जल्द से जल्द दिलाने की मांग की। झारखंड में रेलवे का जोनल मुख्यालय खोलने और सेना में आदिवासी रेजिमेंट के गठन की मांग भी जोरदार ढंग से उठायी। जीएसटी कंपनसेशन की अवधि अगले पांच साल तक बढ़ायी जाये, अन्यथा झारखंड जैसे गरीब राज्य को हर वर्ष लगभग 5 हजार करोड़ का नुकसान होने के संभावना है। इजेडसी की इस 25वीं बैठक में राज्यों के बीच नक्सल उन्मूलन व आपसी तालमेल समेत कई मुद्दों पर चर्चा हुई। बैठक में बंगाल की सीएम ममता बनर्जी, झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन, बिहार के डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव और ओडिशा के मंत्री प्रदीप अमत ने भाग लिया।



**नया वन संरक्षण अधिनियम आदिवासी विरोधी :** सीएम हेमंत सोरेन ने अपने संबोधन में कहा कि वन सरंक्षण नियम,-2022 में जिस प्रकार से वन भूमि अपयोजन में ग्राम सभा के अधिकार को समाप्त किया गया है, उससे देश के करीब 20 करोड़ आदिवासी एवं वनों में निवास करने वाले लोगों के अधिकारों का अतिक्रमण हुआ है। यह पूरी तरह से अदिवासी विरोधी है। अतः अदिवासियों के अधिकारों की रक्षा के लिए नये वनाधिकार अधिनियम में 2006 के अनुरूप संशोधन किया जाये। पांच हेक्टेयर तक की वन भूमि के अपयोजन के लिए राज्य सरकार द्वारा स्वीकृत किये जाने के पूर्व के प्रावधान को बहाल किया जाये।

**झारखंड में रेलवे का जोनल मुख्यालय खुले :** श्री सोरेन ने कहा कि रेलवे को सर्वाधिक आय झारखंड से प्राप्त होती है, परंतु झारखंड में रेलवे का एक भी जोनल मुख्यालय नहीं है। यहां रेलवे का जोनल मुख्यालय स्थापित करने का निर्देश दिया जाये। केंद्र प्रायोजित सामाजिक सुरक्षा योजनाओं में विगत दस वर्षों से भारत सरकार द्वारा कोई बढ़ोतरी नहीं की गयी है। महंगाई को देखते हुए इस राशि में पर्याप्त बढ़ोतरी की जाये।

**सेना में आदिवासी रेजिमेंट के गठन का निर्देश दिया जाये :** मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत का इतिहास आदिवासियों के बलिदान से भरा पड़ा है। परंतु इनकी वीरता को वह पहचान नहीं मिल पायी, जिसके वह हकदार हैं। इसलिए सेना में आदिवासी रेजिमेंट के गठन का निर्देश रक्षा मंत्रालय को दिया जाये।

### बंद माइंस का विधिवत क्लोजर कराया जाये

मुख्यमंत्री ने बैठक के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से कहा कि झारखंड का विभिन्न कोयला कंपनियों, जैसे सीसीएल, बीसीसीएल व ईसीएल पर कुल 1 लाख 36 हजार करोड़ बकाया है। बकाया राशि का शीघ्र भुगतान कराया जाये। बंद खदानों का विधिवत माइंस क्लोजर कराया जाये, ताकि पर्यावरण की सुरक्षा हो सके एवं अवैध खनन पर रोक लग सके। वहीं साहेबगंज को मल्टी मॉडल टर्मिनल के रूप में विकसित किया जा रहा है। भविष्य में यह पूर्वोत्तर राज्यों के लिए गेटवे बनेगा। यहां पर एयरपोर्ट का निर्माण कराया जाये।

### राज्य के 8 लाख 35 हजार परिवार को आवास दिलायें


सीएम ने कहा कि पीएम आवास योजना में झारखंड के लगभग 8 लाख 35 हजार परिवार इसके लाभ से अभी भी वंचित हैं। इन सभी को आवास स्वीकृत करने का निर्देश ग्रामीण विकास मंत्रालय को दिया जाये। उन्होंने यह भी कहा कि झारखंड जैसे उग्रवाद प्रभावित एवं गरीब राज्य में सीएपीएफ (केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल) की प्रतिनियुक्ति के लिए केंद्र सरकार द्वारा राज्य सरकार से पैसा नहीं मांगा जाये।



बांग्लादेश को हरा कर भारत ने रचा इतिहास

# लगातार तीसरी बार जीता नेत्रहीन टी20 विश्व कप

एजेंसी




बेंगलुरु। आशाओं और उत्साह से भरी भारतीय दृष्टिबाधित क्रिकेट टीम ने शनिवार को तीसरे दृष्टिबाधित टी20 विश्व कप 2022 के फाइनल मुकाबले में बांग्लादेश को 120 रन से हराकर खिताब जीतने की हैट्रिक पूरी कर ली। भारत के दो 2 बल्लेबाजों ने फाइनल में शतक जड़ा। टूनामेंट का यह तीसरा सीजन था। भारत को छोड़ अब तक कोई और टीम खिताब नहीं जीत सकी है। भारत ने पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवर में दो विकेट पर 277 रन का स्कोर बनाया। जवाब में बांग्लादेश 157 रन ही बना सका। भारत की इस जीत पर पीएम मोदी, झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने टीम को बधाई दी है। मोदी ने खिताब जीतने पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि देश को अपने खिलाड़ियों पर गर्व है। हमने विश्व कप जीत लिया है जिससे बहुत खुश हूं। हमारी टीम को बधाई और उन्हें भविष्य के लिये शुभकामनाएं।

**जीत की हैट्रिक :** 2012 में पहली बार इस टूनामेंट का आयोजन किया गया था। उस समय भी भारत ने खिताब जीता था। फिर 2017 में हुए दूसरे टूनामेंट में भी बेंगलुरू में खेले गये फाइनल में टीम इंडिया, पाकिस्तान को हराकर चैंपियन बना। अब 2022 में भारत ने टूनामेंट को जीतकर अपनी हैट्रिक पूरी की। शनिवार को फाइनल में पहले बैटिंग करते हुए भारत ने 20 ओवर में दो विकेट पर 277 रन का स्कोर बनाया। ओपनर सुनील रमेश ने 63 गेंद पर नाबाद 136 रन और कप्तान एके रेड्डी ने 50 गेंद पर नाबाद 100 रन की पारी खेली। सेमीफाइनल में भारत ने साउथ अफ्रीका को हराया था। वहीं बांग्लादेश, श्रीलंका को हराकर फाइनल में पहुंचा था। 6 देशों के बीच 5 दिसंबर से इस टूनामेंट की शुरूआत हुई थी। वीजा न मिलने के चलते इस बार पाकिस्तान टूनामेंट में हिस्सा नहीं ले सका था।

(शेष पेज 11 पर)

बैठक में रामेश्वर उरांव ने झारखंड में जीएसटी ट्रिब्यूनल गठन की मांग की

# केंद्र से मांगा अपना 1268 करोड़ बकाया

खबर मन्त्र ब्यूर

रांची। जीएसटी काउंसिल की 48वीं बैठक में झारखंड ने केंद्र से अपना बकाया 1268 करोड़ रुपये मांगा है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के नेतृत्व में हुई काउंसिल की बैठक में झारखंड के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने राज्य की ओर से कंपनसेशन मद के बकाया के भुगतान की मांग रखी। उन्होंने कहा कि वित्तीय वर्ष 2022-23 के जून तक का कंपनसेशन के मद में राज्य का केंद्र के पास 1268.94 करोड़ रुपये बकाया है। केंद्र बकाया राशि का भुगतान जल्द से जल्द करे ताकि राज्य सरकार की ओर से चलायी जा रही योजनाओं का क्रियान्वयन हो सके। वित्तमंत्री रामेश्वर उरांव ने बैठक में वर्चुअल हिस्सा लिया। नयी दिल्ली में शनिवार को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वर्चुअल मोड के माध्यम से जीएसटी परिषद की 48वीं बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी, राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के वित्त मंत्री भी शामिल थे।



### क्षतिपूर्ति 5 साल और बढ़ाने की मांग पर जोर

झारखंड सरकार की ओर से यह भी कहा गया कि झारखंड एक मैन्युफैक्चरिंग स्टेट है, जिससे राज्य को राजस्व प्राप्ति कम हो रही है। इसलिए कोविड के मद्देनजर कंपनसेशन को 5 सालों तक आगे भी बढ़ाया जाए। बैठक में देशभर के सभी राज्यों के वित्तमंत्री शामिल हुए।

### झारखंड में जीएसटी ट्रिब्यूनल का गठन जरूरी

बैठक में झारखंड सरकार की ओर से कहा गया कि टेक्सटाईल और रेडिमेड पर मल्टीपल टैक्स रेट होने से टैक्स मैनेजमेंट में परेशानी हो रही है। 1000 से कम पर 5 प्रतिशत और 1000 से ज्यादा पर 12 फीसदी टैक्स होने से कई विसंगतियां पैदा हो रही है। इसलिए सिंगल कमोडिटी पर सिंगल टैक्स रेट निर्धारित किया जाये। इसके अलावा झारखंड में जीएसटी ट्रिब्यूनल के गठन का भी मामला उठा। झारखंड ने कहा कि जीएसटी के मामलों में अपीलीय कोर्ट के बाद सीधे हाईकोर्ट में रिट दायर हो रहे हैं इसलिए जल्द ट्रिब्यूनल का गठन किया जाए।

# 60 घंटे की आइटी रेड में 400 करोड़ रुपये की कर चोरी का खुलासा

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। झारखंड-बंगाल के 33 ठिकानों पर करीब 60 घंटे से अधिक समय तक चली आयकर की छापेमारी में अब तक विभाग ने करीब 400 करोड़ रुपये की आयकर चोरी का मामला सामने आया। शनिवार को भी गिरिडीह में सरिया से संबंधित पांच फैक्ट्रियों में छापामारी जारी रही। ये कंपनियां सलूजा, मोंगिया के अलावा गंगा प्रसाद साव ग्रुप से संबंधित हैं। बुधवार की सुबह से रांची के डाक्टर मजिद आलम, सरिया कंपनी सलूजा, मोगिया व गंगा प्रसाद ग्रुप से जुड़े झारखंड व बंगाल के 33 ठिकानों पर छापेमारी शुरू हुई थी। इन तीन दिनों में संबंधितों के ठिकाने से तीन करोड़ रुपये से अधिक की नकदी मिली है। तीसरे दिन छापेमारी 17 ठिकानों पर हुई। चौथे दिन सिर्फ पांच ठिकानों पर छापेमारी हुई। अब तक जिन ठिकानों पर छापेमारी हुई है, उनमें रांची, गिरिडीह व देवघर प्रमुख हैं। छापेमारी में बरामद तीन करोड़ से अधिक के नकदी मामले में गिरिडीह की सरिया निमार्ता कंपनी गंगा प्रसाद ग्रुप के ठिकाने से सर्वाधिक एक करोड़ पांच लाख रुपये मिले थे। सलूजा के ठिकाने से भी एक करोड़ नकदी की बरामदगी हुई है। इनमें 40 लाख रुपये सलूजा के कोलकाता स्थित कार्यालय से मिले हैं। मोंगिया के ठिकाने से भी नकदी मिली है। इनसे जुड़े देवघर के सहयोगी के ठिकाने से भी बेनामी संपत्ति से संबंधित कागजात मिले हैं।

### डाक्टर माजिद आलम के इस्लामिक डेवलपमेंट बैंक से कनेक्शन की पुष्टि

इधर रांची के डाक्टर मजिद आलम का इस्लामिक डेवलपमेंट बैंक से कनेक्शन पुष्ट हुआ है। वे इस बैंक की आल इंडिया कमेटी में सदस्य हैं और इससे होने वाले लेन-देन में इनका हस्तक्षेप रहता है। उन्होंने इस बैंक के माध्यम से कर चोरी में क्या लाभ उठाया, इसकी जांच के लिए आयकर विभाग दूसरी सक्षम केंद्रीय जांच एजेंसी से अनुशंसा कर सकती है।




### तीन दिनों में कई योजना और सेवा की होगी शुरूआत, पूरे क्षेत्र में उत्साह

# सिल्ली में गूंज महोत्सव आज से, राज्यपाल करेंगे उदघाटन

## छऊ नृत्य कार्निवाल होगा आकर्षण का केंद्र, सिल्ली स्टेडियम सजधज कर तैयार




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** विकास की नई यात्रा के साथ सिल्ली में होने वाले गूंज महोत्सव का आयोजन 18 दिसंबर रविवार से शुरू होगा। तीन दिवसीय इस महोत्सव का उदघाटन रविवार को झारखंड के राज्यपाल रमेश बैस करेंगे। महोत्सव की सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। सिल्ली का स्टेडियम सजधज कर तैयार है।

तीन दिनों के महोत्सव में कई योजना और सेवा की शुरूआत की जा रही है। इसके केंद्र में है शिक्षा और चिकित्सा। महोत्सव के आगाज के साथ शनिवार की शाम सिल्ली विधानसभा क्षेत्र के 48 पंचायतों में कैंडल मार्च निकाला गया। सिल्ली और मूरी शहरी क्षेत्र में भी बड़ी संख्या में लोग कैंडल मार्च में शामिल हुए। इस मार्च के जरिए विकास उत्सव में एकजुटता और सामूहिक भागीदारी के संदेश दिए गए।

उदघाटन के दिन, 18 दिसंबर को एक साथ पांच हजार छऊ नृत्य कलाकारों का 'छऊ कार्निवाल' आकर्षण का केंद्र होगा। इस कार्निवाल में बतौर विशिष्ट अतिथि लोक कला से जुड़ी कई महान हस्तियां शामिल होंगी। छऊ कार्निवाल के साथ ही पाइका और अन्य लोक कलाओं का प्रदर्शन होगा। साथ ही डेढ़ हजार युवा, बच्चे भी सांस्कृतिक प्रदर्शन करेंगे। स्टेडियम में ही गांव के जीवंत शक्ल में सिल्ली हाट का निर्माण किया गया है। इनमें कई स्टॉल लगाए गए हैं, जो 18 दिसंबर से ही खुल जाएंगे।

महोत्सव को लेकर पूरे क्षेत्र में उत्साह और उल्लास का वातावरण बना है। गूंज महोत्सव के संरक्षक और सिल्ली के विधायक सुदेश कुमार महतो दिन- रात तैयारियों का जायजा लेने में लगे हैं। महोत्सव की सफलता के लिए उन्होंने वॉलंटियर, एसएचजी, गूंज परिवार के सदस्यों के अलावा समाज के सभी वर्गों की जिम्मेदारी तय की है। महोत्सव का पहला दिन महिलाओं के नाम होगा। जबकि दूसरा दिन किसान और तीसरा दिन युवा महोत्सव मनाया जाएगा।

**महोत्सव के साथ प्रगति की नई यात्रा तय होगी : सुदेश कुमार महतो**
सुदेश कुमार महतो ने कहा है कि सामाजिक-सांस्कृतिक अवधारणा का जीवंत प्रतीक गूंज महोत्सव ने समय के साथ क्षेत्र के विकास को गतिमान किया है। इस बार प्रगति की नई यात्रा तय होगी। हमें जनाकांक्षाओं के अनरूप सृजन के नए प्रयासों को मूर्त रूप देना है। विविध आयाम से जुड़े इस महोत्सव से अवसर भी तैयार किए जाने हैं, जिनसे सिल्ली विस क्षेत्र का वर्तमान और भविष्य संवारा जा सके। यह महोत्सव उत्साह और उल्लास के पर्याय के साथ समाज के सशक्तिकरण का निरंतर प्रयास भी है।

### तीन दिनों के महोत्सव में कब क्या

**18 दिसंबर** : सिल्ली स्टेडियम परिसर में बिनोद बिहारी महतो की पुण्य तिथि पर श्रद्धांजलि सभा

सिल्ली कॉलेज में उच्चस्तरीय लाइब्रेरी की शुरूआत की जाएगी।

सिल्ली कॉलेज में ही झारखंड स्टेट ओपेन यूनिवर्सिटी का स्टडी सेंटर शुरू होगा।

लाइब्रेरी और स्टडी सेंटर का उदघाटन महामहिम राज्यपाल करेंगे।

**19 दिसंबर** : दिव्यांगजन के लिए जांच शिविर और प्रमाण पत्र देने की प्रक्रिया

**20 दिसंबर 2022** : आम आदमी स्वास्थ्य सेवा की शुरूआत होगी।

20 दिसंबर को सिल्ली विधानसभा क्षेत्र में खेलो सिल्ली अभियान का शुभारंभ होगा। इस अभियान के तहत पूरे विधानसभा क्षेत्र के सभी पंचायतों में विभिन खेलों का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

**स्मार्ट क्लास** : शिक्षा के क्षेत्र में एक नयी क्रांति की नींव के साथ 'पढ़ेगा सिल्ली, बढ़ेगा सिल्ली' अभियान के दूसरे चरण में सिल्ली विधानसभा क्षेत्र के सभी उच्च विद्यालयों में स्मार्ट क्लास के माध्यम से पढ़ाई की शुरूआत होगी।

# कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा में शामिल हुए हजारों कार्यकर्त्ता



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** महानगर एवं रांची जिला कांग्रेस के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर के नेतृत्व में जिला स्कूल से बिरसा मुंडा समाधि स्थल तक भारत जोड़ो यात्रा निकाली गयी। बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी को लेकर राहुल गांधी की तर्ज पर निकाली गयी। इस यात्रा में हजारों नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए। अलबर्ट एक्का की प्रतिमा पर फूल-माला चढ़ाने के बाद कांग्रेस कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुए बिरसा मुंडा समाधि स्थल तक पहुंचे। इसमें महिलाओं के साथ ही टाना भगत भी शामिल रहे।

**संविधान की रक्षा कांग्रेस का लक्ष्य :** प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि नफरत को मिटाने के लिए राहुल गांधी के नेतृत्व में निकाली गयी भारत जोड़ो यात्रा का आज 101 दिन पूरा हो गये हैं। झारखंड के 22 जिलों में यात्रा के माध्यम से राहुल गांधी का संदेश को पहुंचाने का प्रयास किया गया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में देश में नफरत का माहौल व्याप्त है और चहुंचोर बढ़ती महंगाई एवं बेरोजगारी से आम जनता त्राहिमाम है, इसे हमें भारत जोड़ो यात्रा के माध्यम से दुरूस्त करना है। केंद्र की भाजपा सरकार को 2024 के आम चुनाव में देश की जनता उखाड़ फेंकेगी।

**रांची की यात्रा ऐतिहासिक :** भारत जोड़ो यात्रा के संयोजक सुबोध कांत सहाय ने कहा भारत जोड़ो यात्रा आंदोलन का रूप ले चुका है, जिसमें हमे लोगों का प्यार और आशीर्वाद मिल रहा है। उन्होंने रांची की यात्रा को एंतिहासिक बताते हुए कहा कि आज संविधान की रक्षा चुनौती बन गयी है जिसे जनता 2024 में कांग्रेस की सरकार बनाकर जवाब देगी।

विधायक दल के नेता सह मंत्री आलमगीर आलम ने कहा आज भगवान बिरसा मुंडा के पावन धरती में हमसभी को संकल्प लेना होगा कि केंद्र की भाजपा सरकार सरकार को उखाड़ फेंकना है।

**भारत जोड़ो यात्रा एक संकल्प :** महानगर अध्यक्ष डॉ कुमार राजा ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा एक संकल्प है उन सभी भारतीयों को साथ जोड़ने का जिन्हें भारत की विविधता में एकता और संविधान पर विश्वास है।

ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो ने कहा भारत जोड़ो यात्रा के आयोजन का उद्देश्य महान है। अब भाजपा की गंदी और विभाजनकारी राजनीति को जनता ने पहचान लिया है। 2024 के आम चुनाव में जनता इसका करारा जवाब देगी।

**यात्रा को अपार जन समर्थन मिल रहा :** मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा में हमें अपाल जन समर्थन मिल रहा है। यह यात्रा राहुल गांधी के नेतृत्व में केरल से शुरू हुई थी। यह पार्टी के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है। उनकी यात्रा का आज 101वां दिन है। इस यात्रा से कांग्रेस पार्टी मजबूत हो रही है। पार्टी की विचारधारा से लोग जुड़ रहे हैं।

**राहुल गांधी से बड़ा देश भक्त कोई नहीं :** यात्रा में शामिल खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने कहा कि आज राष्ट्रवाद की बात की जाए, तो राहुल गांधी से बड़ा देशभक्त कोई नहीं है। राहुल गांधी पैदल यात्रा कर रहे हैं। वे नफरत की राजनीति को तोड़ने के लिए निकले हैं। आज पूरा रांची जिला इस यात्रा में शामिल हुआ है।

पूर्व विधायक बंधु तिर्की ने कहा कि आज जो पूरे देश का हाल है, उसे लेकर हमने भारत जोड़ो यात्रा निकाली है। आज संविधान खतरे में है। देश में नफरत फैलाया जा रहा है। इन सभी को रोकना बहुत जरूरी हो गया है। राहुल गांधी कन्याकुमारी से कश्मीर तक पद यात्रा कर रहे हैं। जन समर्थन भी पूरा मिल रहा है। सभा का संचालन झारखंड प्रदेश प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन ऐनुल हक अंसारी ने किया।

कार्यक्रम में रमा खलखो, प्रदीप तुलस्यान, केशव महतो कमलेश, रवीन्द्र सिंह, अमुल्य नीरज खलखो, चंचल चटर्जी, राकेश सिन्हा, आभा सिन्हा, सतीश पॉल मुंजनी, बिनय सिन्हा दीपू, अजय नाथ शाहदेव, सुरेश बैठा, शकील अख्तर अंसारी, केदार पासवान, अभिलाष साहू, सुन्दरी तिर्की, सुरेन्द्र सिंह, अमरेन्द्र सिंह, सुरेन राम, केके. गिरि, शशि भूषण राय, निरंजन शर्मा, सुनील सिंह, जगदीश साहू, निरंजन पासवान, प्रभात कुमार, सलीम खान, शाहबाज अहमद, जितेंद्र त्रिवेदी, संजय पासवान, अख्तर अली, परवेज आलम, प्रिंस बप्त, मेरी तिर्की, सद्दाम खान, रीता चौधरी, विक्की ठाकुर, राजकुमार महतो, मेहुल प्रसाद, रोहित खान, दीपक गुप्ता, गौरव सिंह, शिल्पी कुमारी, नीरज भोक्ता, रंजन पासवान नरेंद्र लाल गोपी, सुरेंद्र राम, करण सिंह, अंकित सिंह, मोहित रजत, सतीश पण्डा, इंद्रजीत सिंह, आयुष अग्रवाल,सरी कमर, अब्दुल रहमान, अनिकेत राज, प्रिया वर्मा, जमील अहमद, कृतिका त्रिपाठी, डॉक्टर बिरसा उरांव, राजीव सिन्हा, बबलू रिद्धि, सागर तिर्की, मैनुअल जॉन पॉल, रेशमा बेगम, विनय पाठक, मनोज मुंडा, भक्तों राम, मोहम्मद सलीम, सुषमा हेमरोम, अर्चना मिर्धा, इन्दिरा देवी, कमल ठाकुर, सोनल शांति, दीपक ओझा, सुरेंद्र साहू, आदित्य विक्रम जायसवाल सहित हजारों हजार कार्यकर्ता गण मौजूद थे।

## नियोजन नीति को लेकर हाइकोर्ट का निर्णय स्वागत योग्य : दीपक प्रकाश

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने नियोजन नीति को लेकर हाइकोर्ट के निर्णय का स्वागत किया है। पार्टी कार्यालय में शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में इसे झारखंड की जनता की जीत बताया। कहा कि इस फैसले से राज्य सरकार का चेहरा उजागर हो गया है। सरकार वर्ष 2020-21 में नियोजन नीति लायी। ग्रुप सी और ग्रुप डी की नौकरी में कुछ ऐसी चीजों का प्रावधान किया गया था, जो असंवैधानिक और गैर कानूनी था। इसलिए हाइकोर्ट ने झारखंड की जनता के हित में यह निर्णय लिया है। प्रेस वार्ता में प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक, प्रवक्ता अविनेश कुमार सिंह भी उपस्थित थे।

**सरकार की नीयत में खोट :** दीपक प्रकाश ने कहा कि सरकार की नियोजन नीति में दो चीजों पर जनता और पार्टी को आपत्ति थी। दी इस देश का मस्तक है। 2011 को आधार माना जाये तो झारखंड में हिंदी बोलने वाले 62 प्रतिशत लोग हैं। मात्र 7.34 लोग उर्दू जाननेवालों में से हैं। हिंदी को शेड्यूल एरिया में रखा गया है। सरकार की नीयत में ही खोट थी। तुष्टिकरण के तहत हिंदी को परीक्षाओं से बाहर करने का काम किया। उर्दू को जबरन लादने की कोशिश की। हालांकि उर्दू पर किसी को कोई आपत्ति नहीं है। नियोजन नीति के माध्यम से सरकार ने हिंदी के मस्तक को नीचे करने का काम किया। उर्दू को क्षेत्रीय भाषा के रूप में उपयोग किया गया और हिंदी को अपमानित करने का काम किया। जो बच्चे हिंदी में पढ़ते उन्हें नौकरी से वंचित रखना सरकार की मंशा थी।

श्री प्रकाश ने पार्टी के भावी कार्यक्रम के संदर्भ में बताया कि राज्य सरकार जब अपनी तीसरी वर्षगांठ मनाएगी, तब भाजपा पोल खोल कार्यक्रम का आयोजन करके राज्य सरकार की नाकामियों का भंडाफोड़ करेगी।

## कमिश्नर प्रवीण टोप्पो ने दिया योगदान



**रांची।** आईएएस अधिकारी प्रवीण टोप्पो ने शनिवार को प्रमंडलीय आयुक्त के रूप में योगदान दे दिया है। आयुक्त के सचिव जुल्फिकार अली ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। श्री टोप्पो इससे पूर्व श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग में सचिव के पद पर पदस्थापित थे।


कार्यालय, उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, खूँटी
(समाज कल्याण शाखा)
Email ID – dswo-khunti@jharkhandmail.gov.in

(अति अल्पकालीन निविदा)

वित्तीय वर्ष 2022–23 में खूँटी जिला अन्तर्गत समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित आंगनबाड़ी केन्द्रों में पंजीकृत 3–6 वर्ष तक के बच्चों के लिए गर्म पोशाक (स्वेटर) का क्रय/आपूर्ति निर्धारित दर पर करने हेतु आपूर्तिकर्ता के चयन के निमित मुहरबंद निविदा दिनांक 23.12.2022 को अपराहन 01:00 बजे तक जिला समाज कल्याण कार्यालय, खूँटी में आमंत्रित किया जाता है। प्राप्त निविदा उसी दिवस को 03:30 बजे जिला स्तरीय क्रय/निविदा समिति के सदस्यों के समक्ष खूँटी खोला जाएगा, जिसमें निविदादाता या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि स्वेटर के नमूने के साथ भाग लेंगे। विस्तृत जानकारी जिले का वेबसाईट khunti.nic.in पर देखा जा सकता है।

PR 285296 Social Welfare,Women and Child Development (22-23)_D — उपायुक्त खूँटी

वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय,राँची

सर्वसाधारण के लिए सूचना
Sadar PS Case No.116/21

Whereas complaint has been made before me that Raju Sao Age about 40 years S/o- Munsi Sao R/o-Choratand P.O-Amnari P.S-Saria District-Giridh (name,description and address) has committed(or is suspected to have committed) the offence of punishable under section 376(2)(n) of the Indian Penal Code, and it has been returned to warrant of arrest thereupon issued that the said accused Raju Sao (name cannot be found, and whereas it has been shown to my satisfaction that the said accused Raju Sao has absconded (or is concealing himself to avoid the service of the said warrant);
Proclamation is hereby made that the said accused Raju Sao Age About 40 years S/o- Munsi Sao R/o- Choratand P.O- Amnari P.S- Saria District-Giridih (Address of accused) is required to appear (place) before this court (or before me) to answer the said complaint at 10:30 A.M. on 19th December 2022.
(I) Time of Appearance : 10:30 A.M (Day Court)
(II) Date of Appearance : 19-12-2022
(III) Place of Appearance: Court of Sri Digvijay Nath Shukla, J.M.F.C.-XXVIII, Ranchi

अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि उक्त काण्ड के प्राथमिकी अभियुक्त राजु साव के बारे जानकारी प्राप्त होने पर या पता चलने पर इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।
पुलिस उपाधीक्षक, सदर, रांची। –9431102090
थाना प्रभारी, सदर, रांची। –9431706160
वरीय पुलिस अधीक्षक, राँची
PR 285328 Police(22-23).D


# प्रेम प्रकाश की अर्जी पर सुनवाई 23 दिसंबर को

### सौंपे गये पुलिस पेपर पर आपत्ति, कुछ और दस्तावेज की ईडी से की गयी मांग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** खनन घोटाले में आरोपी चर्चित कारोबारी प्रेम प्रकाश को पुलिस पेपर दिये जाने के बाद ईडी से कुछ अन्य दस्तावेज मांगने संबंधी अर्जी पर 23 दिसंबर को सुनवाई होगी। अर्जी में प्रेम प्रकाश की ओर से आपत्ति जताते हुए कहा गया है कि उन्हें अधूरा पुलिस पेपर मिला है। ईडी से कुछ और दस्तावेज उपलब्ध कराने के लिए प्रेम प्रकाश की ओर से ईडी कोर्ट में लिखित अर्जी दी गयी है। जिसमें कहा गया है पुलिस पेपर में उन्हें कुछ और पेपर चाहिए, इसकी लिस्ट उनकी ओर से अदालत को दी गयी है। इन दस्तावेज को उपलब्ध कराने के लिए प्रेम प्रकाश की ओर से ईडी कोर्ट से गुहार लगायी गयी है। इस पर सुनवाई के दौरान ईडी कोर्ट ने 23 दिसंबर को प्रेम प्रकाश को इन दस्तावेज को ईडी को देने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई 23 दिसंबर को होगी।

बता दें कि प्रेम प्रकाश की जमानत याचिका ईडी कोर्ट खारिज कर चुका है, जिसके बाद उनकी ओर से हाइकोर्ट में जमानत के लिए आग्रह किया गया है। उल्लेखनीय है कि प्रेम प्रकाश सहित तीन के खिलाफ ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोप पत्र पूर्व में ही दाखिल कर दिया है। ईडी पूर्व में ही प्रेम प्रकाश से 12 दिनों तक दो बार रिमांड पर लेकर पूछताछ कर चुकी है।

### 25 अगस्त को ईडी ने किया था गिरफ्तार

ईडी ने अवैध खनन के मामले में प्रेम प्रकाश के 16 ठिकानों पर पहले छापेमारी की थी और बाद में 25 अगस्त को प्रेम प्रकाश को गिरफ्तार किया था। ईडी की टीम ने प्रेम प्रकाश के ठिकानों पर हुई छापेमारी के दौरान अरगोड़ा स्थित आवास से दो एके-47 और 60 गोलियां बरामद की थीं। इसके अलावा कई अवैध संपत्तियों व कोयला कारोबार से जुड़े दस्तावेज बरामद किये थे।

# कोल्हान के जंगल में माओवादियों ने लगाया आइइडी, ग्रामीणों से कहा-जंगल में न जायें

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** कोल्हान के जंगल और ग्रामीण क्षेत्रों के आसपास भाकपा माओवादियों ने आईईडी लगाने का दावा किया है। इसके तहत भाकपा माओवादी के दक्षिणी जोनल कमिटी के प्रवक्ता ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर ग्रामीणों से जंगल में नहीं जाने की अपील की है। जारी विज्ञप्ति में माओवादियों ने कहा है कि कोल्हान में कई महीनों से खासकर बीते एक महीना से साम्राज्यवादी कॉरपोरेट घरानों के इशारे पर केंद्र व राज्य सरकार खासकर केंद्र सरकार के निर्देश से केंद्रीय संयुक्त कमांड के प्रत्यक्ष देखरेख व दिशा-निर्देशन में सुरक्षाबलों को उतार कर माओवादी क्रांतिकारियों को नाश करने के लिए अभियान चलाया जा रहा है।

भाकपा माओवादियों का कहना है कि कानून व जनाधिकारों का पुलसि द्वारा घोर उल्लंघन किया जा रहा है। ग्राम सभा की सहमति लिये बगैर 10 अक्टूबर से 12 दिसंबर तक तीन पुलिस कैंप रेंगड़ाहातु, सायतबा और इंजेदबेड़ा में स्थापित किया जा चुका है। आये दिन पुलिसकर्मियों द्वारा ग्रामीणों को पूर्व सूचना दिये बगैर कोल्हान के विभिन्न जंगल व पहाड़ों में मोर्टार सेल व भारी हथियारों से गोलाबारी की जा रही है।



माओवादियों ने लिखा है कि इसी परिपेक्ष्य में हत्यारी, दमनकारी पुलिसकर्मियों को लक्षित करते हुए जनता की अपनी सेना पीएलजीए द्वारा कोल्हान वन प्रमंडल में स्थित सभी पुलिस कैंप के चारों ओर तथा वन ग्राम व राजस्व ग्राम के सभी जंगल-पहाड़ों, रोड और पगडंडी वाले रास्तों में बारूदी सुरंग लगा दिया गया है।

### जंगलों में हॉर्न बजा कर चलने की अपील

ग्रामीणों से गांव के आसपास के जंगल, पहाड़ पर न जाने की अपील की गई है। माओवादियों ने कोल्हान वन प्रमंडल के ग्रामीण इलाकों से शहरों की तरफ जाने वाले वाहन चालकों और मालिकों से रास्ते में बीच-बीच में हॉर्न बजाने की अपील की है। साथ ही इस दौरान गाड़ी में पुलिसवालों को नहीं बैठाने और गाड़ी नहीं देने की अपील की है। ऐसे करने पर माओवादियों की कार्रवाई की चपेट में आ सकते हैं, इसके लिए पीएलजीए जिम्मेवार नहीं होगी, ऐसा करने वाले लोग खुद और पुलिस-प्रशासन इसकी जिम्मेवार होगी।

## कोल इंडिया अध्यक्ष ने की समीक्षा बैठक



**रांची।** सीसीएल मुख्यालय, दरभंगा हाउस में कोल इंडिया के अध्यक्ष प्रमोद अग्रवाल ने शनिवार को सीसीएल के कार्य निष्पादन की समीक्षा बैठक की। बैठक में सीएमडी, सीसीएल, पीएम प्रसाद, सीएमडी, सीएमपीडीआई, मनोज कुमार, सीसीएल निदेशक राम बाबू प्रसाद, हर्ष नाथ मिश्र, पवन कुमार मिश्रा, बी. साईराम एवं अन्य अधिकारीगण थे। बैठक में प्रमोद अग्रवाल ने क्षेत्रीय महाप्रबंधक एवं अधिकारियों को संबोधित करते हुये कहा कि आप सभी उत्पादन पर विशेष ध्यान दें ताकि कंपनी अपना लक्ष्य प्राप्त कर सके। इससे पूर्व सीसीएल सीएमडी पीएम प्रसाद ने प्रमोद अग्रवाल का स्वागत करते हुये उन्हें पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से कंपनी के कोयला उत्पादन,उपभोक्ताओं को कोयला आपूर्ति आदि की वर्तमान स्थिति से अवगत कराया।


कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, कोडरमा

ई-निविदा आमंत्रण सूचना

ई– निविदा सूचना संख्या – 10/EE/RDSD/KODERMA/2022-23
1. कार्य की विस्तृत विवरणी :

| ग्रुप० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | कोडरमा जिला के चन्दवारा प्रखण्ड के उत्क्रमित विद्यालय जौंगी का चाहरदीवारी निर्माण। | 2344737.00 | 47000.00 | 5000.00 | 06 (छः) माह। |
| 2. | झुमरी तिलैया के राज्यकृत उ०म० विद्यालय मड़ुआटॉड में 07 कमरा का मरम्मति कार्य। | 1829000.00 | 37000.00 | 5000.00 | 06 (छः) माह। |
| 3. | गाँधी उच्च विद्यालय झुमरी तिलैया के चाहरदीवारी एवं बारामदा में ग्रील कार्य। | 1138800.00 | 23000.00 | 2500.00 | 06 (छः) माह। |
| 4. | कोडरमा के केन्द्रीय विद्यालय,झुमरी तिलैया में मरम्मति शौचालय एवं विद्युतीकरण कार्य। | 2257800.00 | 45500.00 | 5000.00 | 06 (छः) माह। |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 26.12.2022
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय – 30.12.2022 अपराह्न 5:00 बजे तक
4. कार्यपालक अभियंता कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, कोडरमा में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि एवं Affidavit जमा करने की तिथि 06.01.2023 एवं समय 10:00 बजे से 05:00 बजे तक।
5. निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, कोडरमा।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समय –07.01.2023 अपराह्न 2:00 बजे
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, कोडरमा।
8. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9939700965 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
9. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत ड्राफ्ट या बैंकर्स चेक जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, कोडरमा के पदनाम से देय हो देना होगा।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल
कोडरमा

PR 285323 Rural Work Department (22-23)_D


### राज्य सरकार ने किया भोजन के समय सारणी में बदलाव

# राज्य के स्कूलों में बदला एमडीएम का समय, अब 1 से 1.30 बजे तक भोजन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड के सरकारी स्कूलों में मध्याह्न भोजन का समय बदल गया है। नई समय सारणी जारी हो गई है। इसकी अधिसूचना शिक्षा सचिव के रवि कुमार ने 16 दिसंबर जारी कर दी है। इसकी जानकारी दे दी गई है। जारी अधिसूचना में सचिव ने लिखा है कि झारखंड राज्य मध्याह्न भोजन प्राधिकार की राज्य कार्यकारिणी समिति की बैठक 18 नवंबर को हुई। यह बात संज्ञान में आई कि 1 जुलाई से 31 मार्च तक मध्याह्न भोजन का समय दोपहर 2.30 से 3 बजे तक है।

विद्यार्थी नाश्ता करके सुबह 8.55 बजे स्कूल आते हैं। उन्हें दोपहर 2.30 बजे तक भूखे रहना पड़ता है। क्षेत्र भ्रमण के क्रम में मामला भी संज्ञान में आया है। कार्यकारिणी समिति की बैठक में मध्याह्न भोजन की समय अवधि को दोपहर 1.00 से 1.30 तक किए जाने का प्रस्ताव पारित करते हुए संशोधित आदेश जारी करने का निर्णय लिया गया है। इस आलोक में मध्याह्न भोजन के समय में बदलाव की आवश्यकता को ध्यान में रख1 जुलाई से 31 मार्च के लिए विद्यालय की समय सारणी में संशोधन किया गया है।

**यह है नई समय सारणी**

शिक्षा का आगमन सुबह 8.45 बजे

विद्यार्थी आगमन सुबह 8.55 बजे

प्रातः सभा/सदन सुबह 9.00 बजे से 9:15 बजे तक

शिक्षण अवधि सुबह 9.15 बजे से शाम 3.00 बजे तक

मध्याह्न भोजन दोपहर 1.00 से 1.30 तक

शिक्षक प्रस्थान शाम 4.00 बजे

## संघ ने कहा भ्रमित न हों शिक्षक स्कूल का समय 9 से 3 बजे तक

**रांची।** विद्यालय संचालन अवधि को लेकर शिक्षकों के बीच भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो गई है। मध्याह्न भोजन के समय में बदलाव को लेकर जारी अधिसूचना से यह स्थिति उत्पन्न हुई है। इसके बाद अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ ने स्थिति साफ की है। शिक्षकों से भ्रमित नहीं होने की अपील की है। संघ के प्रदेश महामंत्री राम मूर्ति ठाकुर ने कहा कि मध्याह्न भोजन प्राधिकरण की 16 दिसंबर, 2022 को जारी अधिसूचना विद्यालयों में पूर्व से दिए जाने वाले एमडीएम के दैनिक समय में परिवर्तन से संबंधित है। इसका विद्यालय संचालन की अवधि से कोई लेना देना नहीं है। संघ ने कहा कि इस अधिसूचना का दायरा सिर्फ मध्य एवं प्राथमिक विद्यालयों के लिए ही है। प्राथमिक से लेकर +2 स्तर तक के विद्यालयों की संचालन अवधि को एक सामान होने का निर्देश विभाग 2 नवंबर, 2011 को जारी अधिसूचना में दे चुका है। संघ ने शिक्षकों से कहा कि मध्याह्न भोजन प्राधिकरण के कार्यक्षेत्र में विद्यालयों का संचालन अवधि निर्धारित करना नहीं आता है। संघ ने कहा कि विभाग के विभिन्न कोषांग, प्राधिकरणों में समन्वय नहीं है।

# दो दर्जन से अधिक मामलों में वांछित था कुख्यात अपराधी लव कुश शर्मा: एटीएस

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** रांची पुलिस के लिए सिरदर्द बन चुका कुख्यात अपराधी लवकुश शर्मा को झारखंड एटीस की टीम ने बिहार के अरवल में शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। एटीएस एसपी सुरेंद्र कुमार झा ने शनिवार को इस संबंध में मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि लवकुश कई मामलों में वांटेड है। लवकुश एव उसके गैंग पर रांची में कई लोगों से रंगदारी मांगने का भी आरोप है। रांची में घटना को अंजाम देने के बाद लवकुश शर्मा फरार चल रहा था। अपराधी लवकुश शर्मा लगातार अपना ठिकाना बदलता रहता था, कहीं भी अधिक समय तक नहीं रुकता था। एटीएस और रांची पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा उसे गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि पुलिस की टीम लवकुश को रिमांड पर लेकर पूछताछ करेगी ताकि गिरोह के बारे में और जानकारी हासिल किया जा सके।

बता दें कि इसी साल 27 जनवरी को मोरहाबादी मैदान के समीप दिनदहाड़े अपराधी कालू लामा की गोली मार कर हत्या कर दी गयी थी। इस घटना में कालू का भाई राजू लामा और एक अन्य युवक शुभम विश्वकर्मा घायल हो गये थे। इस हत्याकांड का आरोप भी लवकुश और उसके गुर्गों पर लगा था। इसके अलावा रंगदारी नहीं मिलने पर प्रोपर्टी डीलर, इंजीनियर और व्यवसायी को गोली मारने और हत्या करने वाले मोस्ट वांटेड शूटर लवकुश के खिलाफ राजधनी रांची के अलग-अलग थानों में 24 मामले दर्ज हैं। रांची पुलिस और एटीएस की संयुक्त टीम उसे गिरफ्तार किया है। लवकुश लंबे समय से रांची पुलिस के लिए सिरदर्द बना हुआ था। मोरहाबादी जैसे वीआईपी इलाके हुई गैंगवार के बाद रांची पुलिस की काफी किरकिरी हुई थी।

**जेल से मांगता था रंगदारी :** कुख्यात लवकुश शर्मा ने पथ निर्माण विभाग के सहायक अभियंता समरेंद्र प्रसाद से एक करोड़ रुपये की रंगदारी मांगने एवं नहीं देने पर गोलाबारी की थी। इसके बाद से वह फरार चल रहा था। पुलिस ने उसे 12 अप्रैल 2017 को पश्चिम बंगाल के चंदननगर, हुगली से तब गिरफ्तार किया था, जब वह एक ई-रिक्शा से जा रहा था। गिरफ्तारी के बाद लवकुश ने पुलिस को बताया था कि रंगदारी से अब तक एक करोड़ रुपये से अधिक वसूला है। लवकुश शर्मा जेल से ही रंगदारी मांगता था। इसे लेकर बरियातू थाना में तत्कलानी थाना प्रभारी अजय केशरी ने एफआइआर दर्ज कराई थी। दर्ज एफआईआर में कहा गया था कि लवकुश शर्मा जेल के भीतर रहते हुए भी, गलत तरीके से फोन का इस्तेमाल कर रंगदारी वसूली रहा है। इलाके के कई व्यवसायियों को कॉल कर धमकी दे रहा है। इस तरह की कई शिकायतों के बाद पुलिस व जिला प्रशासन की टीम ने जेल में निरीक्षण किया था, इस दौरान लवकुश शर्मा के पास से कई फोन नंबर और फोर जी सिम मिले थे।

## कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष से मिला झारखंड पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन

# अध्यक्ष के सामने रखी डीजल और पेट्रोल पर वैट कम करने की मांग

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष सह वरीय कांग्रेस नेता अशोक कुमार सिंह ने दिल्ली में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से मुलाकात की। उनसे झारखंड में डीजल, पेट्रोल पर वैट कम करने की मांग की। उन्होंने राष्ट्रीय अध्यक्ष को याद दिलाया है कि 2019 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के घोषणा पत्र में यह मुख्य मुद्दा था। हालांकि झारखंड में सरकार बनने के बाद लगातार अनुरोध के बाद भी इस पर ध्यान नहीं दिया गया।

**राज्य का राजस्व घट रहा है :** नतीजा है कि राज्य का राजस्व घट रहा है। जनता महंगे पेट्रोल डीजल खरीद रही है। प्रदेश में महंगाई पर भी इसका सीधा असर पड़ा है। ढुलाई महंगी होने से जिंसों के दाम अधिक हो गए है। पत्र में उन्होंने यह भी कहा है कि 22% वैट की दर तत्कालीन रघुवर सरकार ने 24 फरवरी 2015 को लागू किया था। हालांकि झारखंड पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन के अनुरोध पर 2018 में प्रति लीटर 2.5 रुपए का रिबेट देने का एलान किया।

**रघुवर का रिबेट हेमंत ने लिया वापस :** रघुवर सरकार के रिबेट देने से आमजन को काफी राहत मिली थी। वर्तमान हेमंत सरकार ने कार्यभार संभालते ही रिबेट वापस ले लिया। यह आदेश कांग्रेस के चुनाव घोषणा पत्र के खिलाफ था। बावजूद कोई ध्यान नहीं दिया गया। एसोसिएशन ने इस संबंध में मुख्यमंत्री, झारखंड के प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष, झारखंड के तत्कालीन इंचार्ज आरपीएन सिंह, अभी के इंचार्ज अविनाश पांडे सहित अन्य नेताओं को भी चुनाव के समय के वादे को याद कराया, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई।

**अन्य सरकारों ने वैट की दर घटाई**

पत्र में यह भी कहा गया है कि राजस्थान, छत्तीसगढ़ सरकार ने वैट में कमी की है, लेकिन झारखंड सरकार ने कोई कमी नहीं की। पत्र में झारखंड एवं अगल-बगल के प्रदेशों में वैट की दर का भी जिक्र किया गया है। बताया गया है कि झारखंड में बिक्री मूल्य पर 22% या 12.50 रुपए प्रति लीटर (जो अधिक हो) के अतिरिक्त 1 रुपए प्रति लीटर सेस से निर्धारित है। बिहार में 16.37% या 12.33 रुपया प्रति लीटर (जो अधिक हो) दर लागू है। उत्तर प्रदेश में यह दर 17.8% या 10 . 41 रुपये प्रति लीटर (जो अधिक हो) लागू है। पश्चिम बंगाल में 17% या 7.70 रुपये (जो अधिक हो) लागू है।

**पड़ोसी राज्यों में वैट की दर झारखंड से कम :** एसोसिएशन ने कहा है कि बगल के प्रदेशों में वैट की दर कम होने से झारखंड के राजस्व में लगातार कमी हो रही है। पश्चिम बंगाल में तो दर सबसे अधिक कम है। झारखंड से सटे होने के कारण यहां के लोग बंगाल से पेट्रोल, डीजल खरीद रहे है, लेकिन सरकार का इस ओर कोई ध्यान नहीं है। उन्होंने राष्ट्रीय अध्यक्ष से इस पर अविलंब ध्यान देने की मांग की है।

**कांग्रेस पार्टी को भी हो रहा है नुकसान :** आपको बता दें कि झारखंड में अगर वैट की दर कम हो जाए, तो जो लोग बगल के प्रदेशों से पेट्रोलियम उत्पाद की खरीद करते हैं, वह झारखंड में ही करेंगे। झारखंड की बिक्री बढ़ने से राजस्व में स्वभाविक तौर पर बढ़ोतरी होगी। यह बात झारखंड सरकार को बार-बार बताया गया। आंकड़ा देकर समझाया गया, लेकिन सरकार अपने निर्णय पर अडिग है। ऐसे में कांग्रेस पार्टी को भी नुकसान हो रहा है। प्रदेश के राजस्व का भी।

**कांग्रेस के प्रति जनता का भरोसा बढ़ेगा :** एसोसिएशन का दावा है कि वैट कम कर देने से बिक्री इतनी अधिक बढ़ जाएगी कि वर्तमान के राजस्व से अधिक आमदनी राज्य सरकार को होने लगेगी। इससे जनता को भी राहत मिलेगी। कांग्रेस पार्टी को भी फायदा होगा। कांग्रेस पार्टी के प्रति झाखंड की जनता का भरोसा भी बढ़ेगा।

# ध्रुव कुमार बने झारखंड सचिवालय सेवा संघ के नये अध्यक्ष

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड सचिवालय सेवा संघ के नए अध्यक्ष ध्रुव प्रसाद चुने गए हैं। शनिवार को मतदान के बाद रिजल्ट घोषित कर दिया गया है। कोषाध्यक्ष पद के लिए हेम नारायण सिंह निर्विरोध चुने गए हैं। इस पद के लिए वह एकमात्र कैंडिडेट थे। झारखंड सचिवालय सेवा संघ का चुनाव हटिया के हेसाग स्थित पशुपालन निदेशालय के सभागार में हुआ। चुनाव में कुल 44 प्रत्याशी मैदान में थे। कुल 20 पदों के लिए मतदान हुआ था। यह चुनाव अध्यक्ष (1) पद, महासचिव (1) पद, उपाध्यक्ष (5) पद, सचिव (2) पद, संगठन सचिव (5) पद, संयुक्त सचिव (5) पद, कोषाध्यक्ष (1) पद के लिए हुआ। अध्यक्ष पद के लिए चुने गए ध्रुव प्रसाद स्वास्थ्य विभाग में उप सचिव के पद पर कार्यरत हैं।

**किस पद के लिए कौन जीते :**

अध्यक्ष- ध्रुव प्रसाद, महासचिव-सिद्धार्थ शंकर बेसरा, उपाध्यक्ष- रितेश कुमार, धर्मेन्द्र कुमार, विनय कुमार बरनवाल, निधि स्मिता टोपनो, नीलम श्वेता इंदवार, सचिव- पीयूष कुमार, सीमा कुमारी, संगठन सचिव- अष्टमी बानरा, धर्मवीर कुमार, प्रणव कुमार पांडा, राजा हांसदा, संध्या खलखो, संयुक्त सचिव- इरशाद आलम, जयकांत पंडित, अमिता लकड़ा, देवाशीष सिंहा, उमा शंकर मुंडा और कोषाध्यक्ष- हेम नारायण सिंह चुने गये हैं।

# सरकार गणतंत्र दिवस पर आंदोलकारियों को करें सम्मानित, नहीं तो करेंगे उग्र आंदोलन : मोर्चा

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** पूर्व सांसद शैलेन्द्र महतो ने कहा कि झारखंड राज्य खैरात में नहीं मिला है। इसके लिए कितने आंदोलनकारियों ने अपने प्राणों की आहुति दी है। झारखंड अलग राज्य की कल्पना आंदोलनकारियों की सोच थी और वर्षों लड़ाई लड़ने के बाद झारखंड राज्य का गठन किया गया। आज आंदोलकारी फिर से आंदोलन करने को विवश हैं। यह बातें उन्होंने बतौर मुख्य अतिथि बिहार क्लब में झारखंड आंदोलकारी मोर्चा के केंद्रीय संयोजक मुमताज अहमद खान की अध्यक्षता में आयोजित एक दिवसीय सम्मेलन में कही। उन्होंने कहा कि आज इस मंच से सभी आंदोलकारियों को निर्णय लेना होगा कि सरकार हमारी मांगों पर गौर नहीं करती है तो बड़े आंदोलन के लिए तैयार रहें। शैलेन्द्र महतो ने कहा कि सरकार आंदोलकारियों के हित में जेल जाने की बाध्यता को समाप्त करे ताकि सभी आंदोलकारियों को उचित सम्मान मिल सके। उन्होंने कहा कि 2023 में आंदोलकारी चुप नही रहेंगे बल्कि करो या मरो की लड़ाई लड़ेंगे।

**आंदोलनकारी कल्याण बोर्ड का गठन हो: मुमताज अहमद खान**

मोर्चा के केंद्रीय संयोजक मुमताज अहमद खान ने कहा कि झारखंड आंदोलकारियों ने सरकार को 26 जनवरी तक का अल्टीमेटम दिया है। गणतंत्र दिवस के मौके पर आंदोलकारियों को ताम्र पत्र, परिचय पत्र देकर सरकार मोरहाबादी में और अन्य जिलों के मुख्यालय सम्मानित करे अन्यथा बाध्य होकर 2 फरवरी को मोर्चा बैठक बुलायेगा। झारखंड में आंदोलनकारी कल्याण बोर्ड का गठन किया जाये।

**सर्वसम्मति से सात प्रस्ताव किये गये पारित :** 26 जनवरी 2023 को चिन्हित आंदोलनकारियों को ताम्र पत्र प्रदान करते हुए सम्मानित किया जाये। सभी आंदोलकारी को एक समान एक ही कैटेगरी में रख कर बराबरी का दर्जा दिया जाये व चिन्हितकरण कार्य में तेजी लायी जाये। सभी आंदोलकारियों को झारखंड सेनानी का दर्जा देते हुए विशिष्ट अतिथि की सूची में शामिल किया जाये एवं राजकीय कार्यक्रम में आमंत्रित किया जाये। आंदोलनकारी के आश्रितों को तृतीय एवं चतुर्थ वर्गीय पदों पर पांच प्रतिशत का क्षैतिज आरक्षण देकर नियुक्तियों में बहाली किया जाये।

## खबर एक नजर में

### केंद्र से मिला मनरेगा का 438.96 करोड़

**रांची।** मनरेगा मजदूरों के बकाया का पैसा के लिए केंद्र सरकार ने 438 .96 करोड़ रुपये का आवंटन आदेश जारी कर दिया है। लगभग एक माह से मनरेगा मजदूरों को समय से मजदूरी नहीं मिल पा रहा था। केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय ने यह राशि रिलिज कर दिया है। पिछली बार केंद्र सरकार ने 18 अगस्त 2022 को 472 करोड़ रुपये जारी किया था, जिसके लगभग चार माह बाद फिर से राशि दी गयी है। जारी राशि से मजदुरों को पुरानी बकाया राशि का भी भुगतान किया जायेगा।

### प्रथम पुण्यतिथि पर याद किये गये केके भगत

**रांची।** रांची महानगर आजसू पार्टी ने झारखंड आंदोलनकारी सह लोहरदगा के पूर्व विधायक स्वर्गीय कमल किशोर भगत की प्रथम पुण्यतिथि पर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। मौके पर महानगर अध्यक्ष ज्ञान सिन्हा ने कहा स्वर्गीय भगत झारखंड अलग राज्य की लड़ाई में अग्रणी भूमिका निभाया एवं अलग राज्य के संघर्ष में कई बार कारावास भी गए। आजसू के संस्थापक सदस्य रहे स्वर्गीय कमल किशोर भगत लोहरदगा से दो बार विधानसभा सदस्य भी रहे, पार्टी में उनकी कमी की क्षति पूर्ति कभी नहीं की जा सकती है। मौके पर रांची कुमोद वर्मा, सीमा सिंह,बंटी यादव, सुनील यादव, वीरेंद्र प्रसाद, विश्वविजय गांगुली, जय श्रीवास्तव, सूरज कुमार, संजय वर्मा, ओम वर्मा उपस्थित थे।

### मेकॉन क्रिकेट टीम में चयन के लिए 20-21 को ट्रायल

**रांची।** मेकॉन क्रिकेट टीम में चयन के लिए 20 एवं 21 दिसंबर 2022 को ट्रायल लिया जाएगा। स्पोर्ट्स क्लब के सचिव पीके दास ने बताया कि ट्रायल सुबह 9 :30 बजे से श्यामली कॉलोनी स्थित मेकॉन स्टेडियम में लिया जाएगा। ट्रायल में वही खिलाड़ी प्रतिभाग कर सकेंगे, जिन्होंने विश्वविद्यालय, जिला या राज्य स्तर पर खेला हो। खिलाड़ी की न्यूनतम उम्र 18 वर्ष होनी चाहिए। इच्छुक खिलाड़ी 20 दिसंबर को सुबह 9 :30 बजे मेकॉन स्टेडियम में सुदीप रॉय को रिपोर्ट करें। चयनित खिलाड़ियों को छात्रवृति दी जाएगी।

### नेशनल जूनियर जूड़ो चैंपियनशिप का उद्घाटन

रांची। अध्यक्ष झारखंड विधानसभा रबीन्द्र नाथ महतो शानिवार को हरिवंश टाना भगत इनडोर स्टेडियम रांची में नेशनल जूनियर जूडो चैंपियनशिप वर्ष 2022-23 का उद्घाटन किया। विस अध्यक्ष ने कहा कि झारखंड खेल की भूमि है। जूडो आज विश्व में खेल के सबसे बड़े संस्था ओलंपिक में शामिल है। आशा है कि इस तरह के प्रतिस्पर्धा से निकले हुए खिलाड़ी ओलंपिक तक पहुंचेंगे और हमारे देश दुनिया का नाम को रोशन करेंगे। इस चैंपियनशिप में भारत के विभिन्न राज्यों से 700 खिलाड़ियों शामिल हो रहे हैं। उद्घाटन समारोह में पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी, जूडो फेडरेशन ऑफ इंडिया के पदाधिकारी, झारखंड जुडो एसोसिएशन के पदाधिकारी और प्रतिभागी उपस्थित थे।

### झारखंड की ब्रिया शर्मा रनर अप

**रांची।** दिल्ली में हुए नॉर्दर्न इंडिया ओपन नेशनल लेवल स्क्वैश टूनार्मेंट अंडर 13 में यूपी की एरोमा विनर बनी जबकि झारखंड की ब्रिया शर्मा रनर अप रही। इस नेशनल इवेंट में 359 खिलाड़ियों ने भाग लिया। लोरेटो कॉन्वेंट स्कूल की ब्रिया शर्मा छात्रा है, क्रॉस कोर्ट के कोच पुनीत पारीक, निलेश उदय और विजय अहम योगदान रहा। रांची क्रॉस कोर्ट की संचालक श्वेता बुधिया बच्चों को प्रमोट कर रही है। ब्रिया शर्मा के साथ आध्या बुधिया एचसीएल 12वीं इंडियन जूनियर ओपन चैंपियनशिप में झारखंड को रिप्रेजेंट करेंगे।

### संत माईकल्स स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी

**रांची।** संत माईकल्स विद्यालय में कला एवं शिल्प प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। उद्घाटन संत माईकल्स प्ले स्कूल की प्रधानाचार्या वंदना बहल ने किया। प्रधानाचार्य रंजीत कुमार ने उनका स्वागत किया। इस प्रदर्शनी में ढाक एवं गणपति क्राफ्ट, फ्रूट कार्निवॉल, स्नोमैन, ट्री एवं पीकॉक, क्रिसमस, हेल्थ जंक्शन, हस्तकला, अंतरिक्ष ज्ञान, स्टोन पेंटिंग्स, पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण जैसे मूल विषयों पर विशेष प्रदर्शनी को नाट्य मंचन, गायन एवं इसके महत्त्व को बच्चों द्वारा रोचक ढंग से प्रस्तुत किया गया। मौके पर विज्ञान प्रदर्शनी भी लगाई गई थी, जिसमें पृथ्वी के दैनिक चक्र, मनुष्य के श्वसन-तंत्र, जल-संरक्षण, सफाई से संबंधित सामग्री, जल शुद्धिकरण प्रक्रिया आदि को बहुत ही बेहतरीन तरीके से प्रस्तुत किया गया।

# नियोजन नीति को रद्द करने का फैसला युवा हित में : कैलाश यादव

**रांची।** झारखण्ड नवनिर्माण मंच के अध्यक्ष कैलाश यादव ने झारखण्ड सरकार द्वारा वर्ष 2021 में बनाई गई असंवैधानिक एवं जनविरोधी नियमावली को माननीय झारखंड उच्च न्यायालय द्वारा रद्द करने का फैसला युवाओं के उज्ज्वल भविष्य के हित में, मंच ने स्वागत किया है। न्यायालय ने स्पष्ट रूप से राज्य की हेमन्त सोरेन सरकार को संदेश दिया है कि वर्ष 2021 नियोजन नीति नियमावली लोगों की मूल भावना के खिलाफ एवं समानता के अधिकार का हनन है। यादव ने कहा कि राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन हाईकोर्ट के फैसले का सम्मान कर युवाओं के भविष्य के विषय में गंभीरता पूर्वक मूल संविधान के अनुरूप जेएसएससी, जेपीएससी सहित अन्य विभागों में बहाली के लिए सकारात्मक नियुक्ति नियमावली बनाने का जनहित में संवैधानिक निर्णय लें। यादव ने कहा कि लोगों को अब सिर्फ न्यायपालिका पर भरोसा है।

## फिल्म फेस्टिवल का विद्यार्थी कर रहे हैं विरोध

# डीएसपीएमयू में झारखंड अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव की हुई शुरूआत

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव का आगाज शनिवार को हो गया। दो दिनी फिल्म फेस्टिवल का आयोजन डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय परिसर में किया गया है। आयोजन में किसी प्रकार की बाधा ना पहुंचे, इसके लिए विश्वविद्यालय ने छात्रों के एंड सेमेस्टर परीक्षाओं को 12 जनवरी तक स्थगित कर दी गयी है। इस फिल्म फेस्टिवल का आयोजन जोहार एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के संधि से नव भारत निर्माण संघ द्वारा आयोजित कराया गया है। इसके चेयरपर्सन सुनील सिंह बादल, प्रोग्राम हेड आकाश सिन्हा, और को-ऑर्डिनेटर संजीव कुमार सिंह हैं।

**छात्रों ने किया विरोध :** यह पहली बार नहीं हुआ है, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय में ऐसे कई बाहरी कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है, जिसका छात्र हित से कोई सरोकार नहीं रहा है। जिसके कारण विद्यार्थियों के परीक्षाओं को स्थगित कर फिल्म फेस्टिवल के आयोजन को रद्द करने की मांग को लेकर छात्रों ने इसका विरोध प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय के डीएसडब्ल्यू से बात की जिसमें डीएसडब्ल्यू विद्यार्थियों को जवाब नहीं दे पाये। विरोध प्रदर्शन में आए विद्यार्थियों में अमनदीप मुंडा ने बताया कि विश्वविद्यालय प्रशासन छात्र हितों को भूलकर कमर्शियल आयोजनों से कॉरपोरेट को फायदा पहुंचाने में जुटी हुई है, विद्यार्थियों के विरोध प्रदर्शन को नजरअंदाज कर आयोजन किया जा रहा है। विश्वविद्यालय प्रशासन शैक्षणिक कार्यों के बजाय कॉरपोरेट कार्यों और अपने वेलफेयर में जुटा है।

# चुटिया में पुलिस के घर लाखों की चोरी

**रांची।** राजधानी रांची के चुटिया थाना क्षेत्र में शुक्रवार को चोरों ने एक पुलिसवाले के घर में चोरी की घटना को अंजाम दिया।

**पुलिस लाइन में है नवीन कुमार की ड्यूटी :** पुलिस लाइन में पदस्थापित एसआई नवीन कुमार, पिता का इलाज कराने के लिए दिल्ली जाने वाले थे, लेकिन इसी बीच चुटिया स्थित घर में चोरी हो गई। नवीन के साथ उनका एक मित्र भी उस घर में रहता था। इधर, सूचना मिलने के बाद चुटिया थाना की पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। पीड़ित नवीन कुमार की तीन दिसंबर को शादी होनी वाली थी। इस कारण घर में गहने और कीमती कपड़े खरीद के रखे थे। पिता के अचानक बीमार पड़ने के कारण शादी की तिथि आगे बढ़ा दी गई थी। इस बीच चोरों ने हाथ साफ कर लिया। घटना की जानकारी मिलते ही चुटिया पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। घर के अगल-बगल के सीसीटीवी फुटेज खंगाला जा रहा है।

# राष्ट्रीय रत्न सम्मान-2022 के दूसरे संस्करण के नामों की हुई घोषणा

सम्मान पाने वाले देश के 20 शख्सियतों में झारखंड के तुषार कांति शीट शामिल



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** एमटीटीवी ने राष्ट्रीय रत्न सम्मान-2022 के दूसरे संस्करण के नामों की घोषणा की है। इसमें देश के विभिन्न इलाकों में समाजसेवा, शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण, पीड़ित मानवता की सेवा सहित अन्य क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने और उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान करने वाले शख्सियत शामिल हैं। एमटीटीवी के राष्ट्रीय रत्न सम्मान 2022 के दूसरे संस्करण में जिन शख्सियतों को सम्मानित किया गया है, उनमें पहला नाम झारखंड की राजधानी रांची निवासी तुषार कांति शीट का है। श्री शीट ने वैश्विक महामारी (कोरोना काल) के दौरान मानव सेवा की उत्कृष्ट मिसाल पेश की। उन्होंने सैकड़ों लावारिस लाशों की अंत्येष्टि अपने स्तर से कराई। गरीबों की सहायता, जरूरतमंदों के बीच कंबल व गर्म वस्त्र का वितरण, स्लम एरिया के गरीब बच्चों के बीच भोजन का वितरण, पीड़ित मानवता की सेवा हेतु रक्तदान शिविर का आयोजन आदि मानव सेवा के क्षेत्र में विभिन्न कार्यों के प्रति श्री शीट का समर्पण अनुकरणीय है। समाज सेवा के प्रति उनके समर्पण और उल्लेखनीय योगदान के लिए देश की कई ख्यातिप्राप्त संस्थाओं द्वारा उन्हें सम्मानित किया जा चुका है।

एमटीटीवी के राष्ट्रीय रत्न सम्मान 2022 के दूसरे संस्करण की सूची में श्री शीट का नाम पहले स्थान पर है। उन्हें सोशल एक्टिविस्ट ऑफ द ईयर के सम्मान से नवाजा गया है। यह जानकारी एमटीटीवी के सुशील पाल ने दी।

# वर्तमान में घटती हुई प्राकृतिक संपदा को संरक्षित और संबर्द्धित करने की आवश्यकता : चेयरमैन

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद के अध्यक्ष एस सामंता ने कहा कि हमारा एक मात्र घर पृथ्वी है। हमें इसके संरक्षण और अपने दीर्घकालीन जीवन-यापन के लिए अपने प्रकृति के साथ सामंजस्य बनाये रखना होगा। वर्तमान में घटती हुई प्राकृतिक संपदा को संरक्षित और संबर्द्धित करने की आवश्यकता है। अन्यथा हमें पृथ्वी पर जीवन के लिए और अधिक संघर्ष करना पड़ेगा। यह बातें उन्होंने झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की स्कूली बच्चों के साथ आयोजित कार्यक्रम में कही। यह आयोजन शनिवार को फोरेस्ट कॉलोनी स्थित पलास सभागार में किया गया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में आये रांची के स्कूली बच्चों ने यहां आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया।

श्री सामंता ने आगे कहा कि झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सामने वास्तविक चुनौती है, समाज में जागरूकता बनाने की और सतत और तत्काल कार्यवाही करने की। आज हम यहां उपस्थित हैं यह जानने के लिए कि ऊर्जा से संपन्न युवा छात्र समुदाय इस संदर्भ में हमारे सामने क्या नूतन विचार रखते हैं।

प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सदस्य सचिव वाईके दास ने कहा कि हम बात कर रहे हैं, लेकिन क्या हमें समाज सुन रहा है? इस चुनौती का सामना करने के लिए हमें प्रयास करना है कि समाज हमारी बातों को सुने। वे सुनेंगे तो वे अधिक चौतन्य बनेंगे। इस क्रम में हम चाहते हैं कि हमारी युवा पीढ़ी हमें नया मार्गदर्शन दें।

कार्यक्रम का विषय था- जेएसपीसीबी ने पृथ्वी के संरक्षण के लिए प्रकृति के साथ मनुष्य का सामंजस्य बनाने के लिए उठाये गये त्वरित। इस पर प्रदूषण नियंत्रण पर्षद की ओर से बताया गया कि हवा, पानी, मिट्टी, वनस्पति, ईंधन, ऊर्जा से महत्वपूर्ण कुछ भी जीवन में नहीं है। यही वे तत्व हैं जो हमें जिंदा रखते हैं। वन विनाश को रोकने के लिए झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद ने बहुत से प्रगतिशील कदम उठाये हैं। प्रदूषण कम करने के लिए वैश्विक स्तर पर जो प्रविधियां अपनाई जाती हैं, उन्हीं प्रविधियों के अनुरूप, यहां भी प्रदूषण नियंत्रण के लिए नियामक सुनिश्चित किये गये हैं। लोगों को जागरूक करने की पहल लगातार जारी है। इस साल दो दिसंबर को राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस पर जागरूकता वर्द्धन के लिए अनेक कार्यक्रमों का निर्धारण किया गया। इस पहल के तहत सात दिसंबर को वर्तमान और भविष्य में प्रदूषण जनित संकटों पर विमर्श के लिए प्रदूषण नियंत्रण के विशेषज्ञों, कॉरपोरेट के अधिकारियों और पत्रकारों को आमंत्रित किया गया था।

### प्रतियोगिता के जजों के पैनल में ये थे

जजों के पैनल में प्राख्यात विद्वान, प्रशासनिक अधिकारी, शिक्षाविद् आदि शामिल थे। निदेशक नन्हे कदम विभा सिंह, झारक्राफ्ट के अवकाश प्राप्त प्रबंध निदेशक धीरेन्द्र कुमार, अध्यक्ष आर्यज्ञान प्रचार समिति प्रेम प्रकाश आर्य, सहायक प्रोफेसर आइसीएफआई विवि डॉ सुब्रत डे, सहायक प्रोफेसर आइसीएफआई विवि प्रबंध निदेशक मंगलम लुब्रिकेंट्स एवं अध्यक्ष कैराली स्कूल फिलिप मैथ्यू शामिल थे। इन जजों ने क्वीज, निबंध लेखन और आशु भाषण प्रतियोगिता को आकलित किया।

### संत जेवियर स्कूल डोरंडा रहा विजेता

**क्विज प्रतियोगिता के विजेता :** प्रथम स्थान पर संत जेवियर स्कूल डोरंडा, द्वितीय स्थान पर विशप वेस्टकोट गर्ल्स स्कूल डोरंडा तथा तृतीय स्थान पर आइसीएफएआइ तथा उषा मार्टिन युनिवर्सिटी। संत जेवियर स्कूल के आदित्य चितलांगिया एवं सफायर के बच्चों ने एक्सटेंपोर कॉम्पीटीशन में बढ़चढ़कर अपनी भागीदारी निभाई।

झारखण्ड विधानसभा सचिवालय

आवश्यक सूचना

सर्वसाधारण की जानकारी के लिए यह प्रकाशित किया जाता है कि पंचम झारखण्ड विधानसभा का दशम् (शीतकालीन) सत्र दिनांक-19/12/2022 से आहूत किया गया है। सत्र अवधि के दौरान झारखण्ड विधानसभा परिसर में बिना वैध पत्रक के बाह्य व्यक्तियों का प्रवेश निषिद्ध है।

ह०/-
(सैयद जावेद हैदर)
प्रभारी सचिव,
झारखण्ड विधानसभा, राँची

# ख्रीस्त के जयकारे के साथ नाचते गाते मसीही विश्वासियों ने निकाला क्रिसमस कार्निवाल

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** युवा विश्वासियों के कैरोल गान के साथ प्रभु येसु ख्रीस्त के अनुयायी, राजधानी रांची के विभिन्न चर्चों के मसीही विश्वासियों ने शनिवार को डॉ कामिल बुल्के पथ स्थित लोयोला ग्राउंड से श्रद्धा व भक्तिपूर्वक वर्ष 2022 की क्रिसमस कार्निवाल अर्थात क्रिसमस उत्सव यात्रा निकाली। संत अलबर्ट एक्का चौक पहुंचकर सभा में तब्दील हो गयी। यहां इस क्रिसमस उत्सव में शामिल तथा आमंत्रित लोगों ने क्रिसमस केक काटकर खुशी का इजहार किया। झारखंड क्रिश्चियन यूथ एसोसिएशन (जेसीवाईए) के बैनर तले निकाले गए इस क्रिसमस उत्सव यात्रा के मुख्य अतिथि एनडब्ल्यूजीईएल चर्च के आर्चबिशप राजीव सतीश टोप्पो रहे। मुख्य अतिथि ने रिबन काटकर तथा बैलून उड़ाकर क्रिसमस कार्निवाल का उद्घाटन किया। इस मौके पर फादर मार्क मुकुल लकड़ा, कुलदीप तिर्की, अल्बिन लकड़ा, विकास तिर्की आदि शामिल थे।

**प्रभु येसु से जो प्रेम व शांति मिली है उसे दूसरों के साथ साझा करें: आर्चबिशप आरएस टोप्पो :** मुख्य अतिथि आर्चबिशप राजीव सतीश टोप्पो ने इस मौके पर अपने संबोधन में कोरोना जैसी वैश्विक महामारी के कारण दो साल बाद इस वर्ष क्रिसमस के अवसर पर हमें क्रिसमस उत्सव यात्रा का अवसर मिला है। प्रत्येक मसीही इस साल के क्रिसमस को सही अर्थों में मनाएं। हमें बालक येसु से प्रभु की जो शांति और प्रेम मिला है उस शांति, प्रेम व खुशी दूसरों के साथ बांटें। **ख्रीस्त के प्रेम की गहराई को समझें और अपने जीवन से ख्रीस्त की साक्षी दें : फादर एमएम लकड़ा :** लोयाला ट्रेनिंग सेंटर के डायरेक्टर फादर मार्क मुकुल लकड़ा ने कहा कि इस साल का क्रिसमस दूसरों के साथ परमेश्वर के प्रेम, शांति, दया, सेवा और खुशियां बाटते हुए मनाएं। ईश्वर ने हमें जो जीवन और शिक्षा दी है उस जीवन में येसु के प्रेम की गहराई को समझें और दूसरों के साथ वह प्रेम साझा करें। हमारा क्रिसमस तभी सार्थक होगा जब हम अपनी समर्पित सेवा, प्रेम, जीवन व व्यवहार के माध्यम से येसु ख्रीस्त की साक्षी दें। ईश्वर जो प्रेम है उसका अनुभव दूसरों को कराएं। जेसीवाईए के केंद्रीय अध्यक्ष कुलदीप तिर्की ने कहा कि प्रेम, शांति व खुशियां बांटने का यह त्योहार सिर्फ ईसाइयों का नहीं बल्कि समस्त मानव जाति का त्योहार है।

इस उत्सव यात्रा के सफल आयोजन में स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, विधायक राजेश कच्छप, विधायक शिल्पी नेहा तिर्की, बन्धु तिर्की,केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष अजय तिर्की, पंकज सोनी,जेसीवाईए के मुख्य संरक्षक सुजीत कुजूर, दीपक, अभिषेक, शशि आकाश, संदीप, अरुण, पास्टर विंग के अध्यक्ष पास्टर सुजीत,पास्टर माइकल, पास्टर कृष्णा महतो व यूथ वॉलेंटियर्स का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## निःस्वार्थ प्रेम और सेवा के साथ दूसरों में खुशियां बांटना ही आगमन काल की सच्ची तैयारी : डॉ राजू फेलिक्स क्रास्ता

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** क्रिसमस का त्योहार राजाओं के राजा, शांति के राजकुमार तथा अंतिम दिनों के न्यायकर्ता बालक येसु के जन्मोत्सव का पर्व है। क्रिसमस सिर्फ ख्रीस्तीयों का ही नहीं बल्कि जगत के तमाम मानवजाति के लिए जगत के उद्धारकर्ता येसु ख्रीस्त के जन्मोस्तव की खुशी है। इसलिए जरुरी है कि क्रिसमस की तैयारी हम सभी, ख्रीस्तीय मूल्यों को अंगीकार कर करें। जिस प्रकार किसी बालक या व्यक्ति विशेष के जन्मदिन पर हमारी कोशिश होती है कि हम उनकी रूचि या इच्छा के अनुरुप उन्हें उपहार देते हैं उसी तरह क्रिसमस के मौके पर हम सभी को चाहिए कि येसु ख्रीस्त को वही उपहार दें जो वे चाहते थे। जिस प्रकार उन्होंने समस्त मानवजाति से प्रेम किया। उसी तरह हम भी दूसरों के साथ बगैर किसी भेद भाव के निस्वार्थ प्रेम में बढ़ें। पड़ोसियों से अपने समान प्रेम करें। कोई भूखा है तो उसे खिलाएं। कोई प्यासा है तो उसे पानी दें। कोई निर्वस्त्र है तो यथासंभव अपनी सलाहियत के अनुसार निर्वस्त्र के तन पर कपड़ा डालें। बीमार व असहाय है तो उनकी सेवा करें। प्रत्येक साल क्रिसमस आता है और न सिर्फ ख्रीस्तीय अनुयायियों को बल्कि ख्रीस्त को मानने वाले तमाम लोगों के लिए एक रिमाइंडर देता है कि क्रिसमस की खुशियां उसके सच्चे और निहित अर्थों के साथ मनाएं। इसके लिए जरुरी है कि हम प्रार्थना मनन चिंतन कर प्रभु के सानिध्य में रहे। एक मसीही के लिए गिरजाघर जाना विश्वास की दृढ़ता नहीं है बल्कि उस व्यक्ति को यह सुनिश्चित करने की जरुरत है कि उसके परिवार या मुहल्ले में कोई भी ऐसा व्यक्ति, बच्चा या बुजुर्ग तो नहीं जिसे एक जून की रोटी या भोजन नसीब नहीं होता है तो उसके लिए भोजन की व्यवस्था करें। पर्व त्योहार पर दिखावे के लिए साज-सज्जा, खान-पान और बाहरी चमक धमक में फिजूलखर्ची करने से बचें और उस पैसे को किसी अभावग्रस्त, गरीब, लाचार, बीमार की मदद के लिए दें। ताकि वह व्यक्ति भी भोजन ग्रहण कर, वस्त्र पहन कर और अपनी समस्याओं का निदान पाकर आत्मिक तौर पर खुशी महसूस करे। जब वह खुश होगा तो निश्चित रुप से उसके हाथ ईश्वर की ओर आपको दुआ देने के लिए उठेंगे और सही मायने में क्रिसमस का सच्चा आनंद उसी में है। इसलिए इस वर्ष के क्रिसमस में प्रत्येक मसीही यह संकल्प ले कि यथासंभव वह नम्रता, न्याय और दया करुणा के साथ अपने जीवन, कार्य और सलाहियत से दूसरों के साथ खुशियां साझा करेगा।

# न केक कटा, न मोमबत्तियां बुझीं, न कोई अंग्रेजी गीत गाया गया और मन गया 75वां जन्मदिन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**एक अमृत जन्मोत्सव ऐसा भी**

**रांची।** एक सृजनशील मन ही लीक से हटकर सोच सकता है और एक समर्थ कलाकार ही सोच को परिणाम में बदल सकता है। विशेषकर जब वह चित्रकार नाटककार मूर्तिकार विश्वनाथ प्रसाद हो। अपनी अनूठी लगन के लिए रंगकर्म और चित्रकर्म में निष्णात झारखण्ड के प्रख्यात चित्रकार विश्वनाथ प्रसाद ने हस्ताक्षर परिवार के सहयोग से अपना 75वां जन्मदिन अर्थात अमृत उत्सव कुछ इस तरह मनाया जो सबके लिए अनुकरणीय बन गया।न केक कटा, न मोमबत्तियां बुझीं, न कोई अंग्रेजी गीत गाया गया और मन गया 75वां जन्मदिन। बस दीप जले, प्रकाश हुआ, बाती प्रज्ज्वलित हुई और भाल पर अक्षत चंदन लगाकर गणपति की अभ्यर्थना हुई और मन गया 75 वां जन्मदिन। स्वस्ति वाचन हुआ और पान के पत्ते पर मोदक का वितरण करके हर्षध्वनि की गयी और मन गया अमृत महोत्सव.....। शहर के वरिष्ठ रंगकर्मी, चित्रकार और मूर्तिकार विश्वनाथ प्रसाद ने अपना 75 वां जन्मदिन इसी तरह मनाया, जिसमें नगर के चुनिंदे कलाकार साहित्यकार उपस्थित थे और शंख घड़ी घंट के साथ कार्यक्रम स्थल पर प्रवेश द्वार से उन्होंने इंट्री मारी। श्री विश्वनाथ प्रसाद ने अथक परिश्रम से तैयार किया गया ताम्रपत्र पर प्रत्येक मित्र को उनका चित्र उकेर कर भेंट किया। उनकी यह अनूठी भेंट सबके बीच चर्चा का विषय बन गयी है। उन्हें शतायु होने की कामना करते हुए प्रसिद्ध रंगकर्मी डॉ. सुशील कुमार अंकन ने एक अनोखा कार्टून चित्र उन्हें सबकी ओर से भेंट किया वहीं हस्ताक्षर परिवार ने तूलिका और अंगवस्त्र देकर उन्हे सम्मानित किया। एक स्थानीय होटल के प्रांगण में आयोजित इस अभिनव आयोजन में उनके परिवार जनों के साथ साथ नगर के जाने माने रंगकर्मी साहित्यकार तथा संगीतज्ञ बड़ी संख्या में उपस्थित थे। उनमे प्रो. बिमला चरण शर्मा, केदार नाथ पाण्डेय, कुलदीप सिंह दीपक, सुजान पंडित, नरेश प्रसाद, सुशील अंकन, शिशिर पंडित, शुभा चौधरी, राकेश रमण, रीना सहाय, मिथिलेश पाठक, मधु गुप्ता, कीर्ति शंकर वर्मा, कुमकुम गौड़, ईश्वरलाल राजप्रिय, महेंद्र अनंत, उदयशंकर मिश्र, दरोगा सिंह, उदय साहू आदि मुख्य हैं।

# औद्योगिक यात्रा से जीतो के सदस्यों को व्यापार के क्षेत्र में बहुत कुछ सीखने को मिला

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**रांची।** जैन इंटरनेशनल ट्रेड आर्गेनाइजेशन (जीतो) के द्वारा ऑबर्न डिजाइन प्राइवेट लिमिटेड की औद्योगिक यात्रा कराई गई। बताते चलें कि इस इस कंपनी में जॉकी, डिक्सी जैसे ब्रांड्स के कपड़ों का उत्पादन होता है ।इसमें जीतो के उपाध्यक्ष राजकुमार रामपुरिया और विशाल जैन, सचिव अनन्त जैन, महिला शाखा की अध्यक्षा प्रियंका पाटनी, निर्देशिका पायल सेठी, सचिव सरोज पांडया, प्रवक्ता पायल गोधा, युवा शाखा के अध्यक्ष देवेश जैन, कोषाध्यक्ष ऋषभ जैन तथा परियोजना निदेशक सुमिल एवं विवेक जैन , प्रवीण छाबड़ा, लब्धी जैन, सुरेश जैन, संतोष जी पाटनी (सरिया) के अलावा 40 से अधिक सदस्य उपस्थित थे। ऑबर्न डिजाइन कंपनी के डायरेक्टर विरेन्द्र सिंह रावत ने सभी सदस्यों को इंडस्ट्री का भ्रमण कराते हुए सारी जानकारी दी ।उन्होंने बताया की यहां 950 कर्मचारी कार्यरत है। जिसमे 900 महिला कर्मचारी है ।यहां 2 पारी में काम होता है। एक उत्पाद बनाने में करीब 4 घंटे का समय लगता है। प्रतिदिन करीब 35000 उत्पाद बन के तैयार होते हैं। बीरेंद्र सिंह रावत जी ने उत्पादन की सारी प्रक्रिया और उत्पाद की गुणवत्ता जांच की सारी मापदंडों के बारे में बारीकी से जानकारी दी। उत्पादन के कच्चे माल के लिए यह उद्योग झारखंड के बाहर राज्यों पर निर्भर है इसलिए झारखंड से कच्चे माल को क्रय करने की संभावना है,जो की यहां के व्यापारियों के लिए अच्छा अवसर है। इस औद्योगिक भ्रमण से जीतो के सभी सदस्य उत्साहित व खुश नजर आए। सदस्यों ने कहा कि उन्हें इस कार्यक्रम के जरिए अपने व्यापार संबंधी कई बातों को सुनने हुए तथा उन्हें अपने व्यापार के लिए काफी कुछ सीखने को मिला ।

**खबर एक नजर में**

## स्कूली बच्चों ने जैव विविधता उद्यान का किया शैक्षणिक भ्रमण, वन्य और वन्यजीव की ली जानकारी

**रांची।** वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की ओर से आज जैव विविधता उद्यान, लालखटंगा रांची का ग्रामीण स्कूल के बच्चों को शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। स्कूली बच्चों ने शैक्षणिक भ्रमण के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक एन के सिंह ने बच्चों को वन एवं वन्य जीवों के संरक्षण की महत्ता के बारे में विस्तृत जानकारी दी। शैक्षणिक भ्रमण के दौरान उपस्थित अन्य पदाधिकारियों ने बच्चों को वनों के संरक्षण से संबंधित कई तरह की जानकारियां दी और अलग-अलग प्रकार के औषधीय पौधों के संबंध में भी उनके महत्व और उनके उपयोग पर जानकारी दी गई। इस दौरान बच्चों के बीच विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया जिससे बच्चे काफी प्रभावित एवं उत्साहित हुए। सभी स्कूली बच्चों के बीच एक स्कूल बैग, पानी, बोतल और टोपी का वितरण किया गया।

## आईएलसीसी कैंपस में सामन्य ज्ञान प्रश्नोतत्री आयोजित

**रांची।** इंटरनेशनल लाइब्रेरी एंड कल्चरल सेंटर (आईएलसीसी) ने शनिवार को कैंपस के लाईब्रेरी में एक सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया। यह प्रतियोगिता आईएलसीसी के युवा छात्र सदस्यों के लिए खुली थी, जिन्होंने पुस्तकालय को अपने लिए एक वाचनालय / अध्ययन केंद्र में बदल दिया है और यहां वे लम्बा समय खर्च करते हैं। यहां वे विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करतें है। उन्होंने अपने साथियों के साथ इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए उत्साहपूर्वक अपना नाम दर्ज किया। क्विज के लिए 65 सदस्यों ने पंजीकरण कराया, जो दो चरणों में आयोजित किया गया था। सभी के लिए एक लिखित स्क्रीनिंग टेस्ट शुक्रवार को आयोजित किया गया था। वे आवेदक जिन्होंने 19 अंक और उससे अधिक (40 में से) स्कोर किया, अंतिम क्विज के लिए योग्य थे। चार सदस्यों की सात टीम बनाई गई है। सदस्य अच्छी तरह से तैयार थे और उन्होंने चतुराई से और ज्ञानपूर्वक उत्तर दिए। पर्यावरण, प्राकृतिक संसाधन, इतिहास, भूगोल, अंतरिक्ष कार्यक्रम, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, भारतीय वित्तीय प्रणाली, डाक सेवाएं, रेलवे प्रणाली और भारतीय राजनीति जैसे विषयों पर उनसे प्रश्न पूछे गए।

## 2022-23 के लिए केवल एक ही बोर्ड परीक्षा आयोजित की जाएगी : डॉ राम सिंह

**रांची।** डीपीएस रांची में शनिवार को स्टेट लेवल प्रिंसिपल मीट का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीबीएसई पटना रीजन के रीजनल ऑफिसरअरविंद कुमार मिश्रा थे। डीपीएस के प्राचार्य सह सीबीएसई के सिटी को-ऑडिनेटर डॉ. राम सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया। साथ ही सीबीएसई के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि यह सत्र आगामी सीबीएसई बोर्ड परीक्षाओं के लिए सभी प्राचार्यों को मार्गदर्शित करेगा। उन्होंने सीबीएसई (2021-22) कक्षा दसवीं और बारहवीं बोर्ड परीक्षाओं में पटना रीजन के छात्रों के उत्कृष्ट प्रदर्शन का एक सिंहावलोकन प्रस्तुत किया। उन्होंने सीबीएसई एग्जामिनेशन बाय लॉ, सीबीएसई बोर्ड एग्जाम 2023 के एग्जाम पैटर्न, सिलेबस, असेसमेंट स्कीम, सीबीएसई एग्जाम क्वेश्चन पैटर्न (कॉम्पेटेन्सी बेस्ड क्वेश्चन, मल्टीप्ल चॉइस क्वेश्चन एवं केस बेस्ड क्वेश्चन) पर अपने विचारों को साझा किया। उन्होंने कहा कि सीबीएसई बोर्ड के अनुसार सत्र 2022-23 के लिए केवल एक ही बोर्ड परीक्षा आयोजित की जाएगी। सीबीएसई बोर्ड परीक्षा की शुरूआत की संभावित तारीख 15 फरवरी 2023 है। सीबीएसई बोर्ड परीक्षा 2023 की आकलन योजना की मुख्य विशेषता यह है, इसकी मूल्यांकन प्रक्रिया को कम्पेटेन्सी बेस्ड एजुकेशन के आधार पर की जाएगी। इसके अनुरूप, आगामी सत्रों के लिए वार्षिक बोर्ड परीक्षाओं में अधिक संख्या में कम्पेटेन्सी बेस्ड क्वेचन होंगे।

## स्व. उदय सर्राफ की द्वितीय पुण्यतिथि आज

**रांची।** जिला मारवाड़ी सम्मेलन व मारवाड़ी सहायक समिति के प्रवक्ता संजय सर्राफ के बड़े भाई स्व.उदय सर्राफ की द्वितीय पुण्यतिथि पर श्री लक्ष्मी वेंकटेश्वर अन्नपूर्णा सेवा (तिरुपति बालाजी मंदिर के सामने) में 18 दिसंबर- दिन- रविवार को पूर्वाह्न- 11:00 बजे पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी जाएगी। साथ ही इस मौके पर निर्धनों व जरूरतमंदों को भोजन कराया जाएगा। उक्त जानकारी संजय सर्राफ ने दी।

## श्री श्याम मंदिर में 41वां श्री श्याम भंडारा का आयोजन

**रांची।** श्री श्याम मित्र मंडल के स्वर्ण जयंती वर्ष 2223 के अवसर पर शनिवार को हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में 41वां श्री श्याम भंडारा का आयोजन किया गया। मंडल अध्यक्ष सुरेश सरावगी के मार्गदर्शन में मंदिर के श्री श्याम रसोई में श्री श्याम भंडारा के प्रसाद निर्माण का कार्य प्रातः से चला। प्रसाद में केसरिया खीर पूड़ी, सब्जी, व गरमा गरम पकौड़ी बनाया गया था। श्री श्याम मंदिर में विराजमान खाटू नरेश, बजरंगबली,शिव परिवार, लड्डू गोपाल, शालिग्राम जी व गुरुजनों को श्री श्याम भंडारा का प्रसाद अर्पित किया गया । आओ आओ भोग लगाओ बाबा श्याम जी रुचि रुचि भोग लगाओ बाबा श्याम जी के मधुर भजनों का गायन कर भक्तजनों ने देवताओं के भोग के समय मनोहर कर अपनी भक्ति निवेदित की। भीलवाड़ा (राजस्थान) निवासी राहुल बांगड़ ने अपनी धर्मपत्नी अंकिता बांगड़ के साथ परिवार संघ श्री श्याम भंडारे की सेवा निवेदित की। भोग लगे प्रसाद को विशाल भंडारे में यजमान श्री परिवार ने सर्वप्रथम मंदिर के आचार्यों को प्रसाद खिला कर दक्षिणा प्रदान कर बांगड़ परिवार ने आशीर्वाद व स्नेह प्राप्त किया। मंदिर में भक्तों की लंबी-लंबी कतारें लगनी शुरू हो गई थी। हरमू रोड खाटू नरेश की जय श्याम बाबा की जय बजरंगबली के जय कार से गूंजने लगा ।

## फिशरीज साइंस कॉलेज के छात्र ने राष्ट्रीय प्रतियोगिता में हासिल किया दूसरा स्थान

**रांची।** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के अधीन संचालित गुमला स्थित कॉलेज ऑफ फिशरीज साइंस के छात्र शिव कुमार यादव ने नेशनल टैलेंट सर्च प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। प्रथम स्थान पर केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय, त्रिपुरा का छात्र रहा। इसकी घोषणा वीरबैक कंपनी, नई दिल्ली ने शुक्रवार को की। पशुपालन एवं मत्स्य चिकित्सा के दवा उत्पादन एवं शोध से जुड़ी वीरबैक कंपनी हर वर्ष पशु चिकित्सा विज्ञान से जुड़े छात्रों की मेधा जांच और छात्रों को प्रोत्साहित करने के लिए जोनल एवं नेशनल स्तर पर नेशनल टैलेंट सर्च प्रतियोगिता आयोजित करती है। कॉलेज के एसोसिएट डीन डॉ एके सिंह ने बताया कि इस वर्ष मत्स्य उत्पादन, रोग नियंत्रण, उत्पाद एवं मूल्यवर्धन विषय पर इस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जोनल स्तर की प्रतियोगिता में पूरे देश के फिशरीज साइंस कॉलेज के 42 छात्रों का चयन किया गया। इनमें नार्थ जोन से कॉलेज ऑफ फिशरीज साइंस के दो छात्र निधि पंडित एवं शिव कुमार यादव भी शामिल थे। कंपनी द्वारा शुक्रवार को राष्ट्रीय स्तर पर प्रतियोगिता का फाइनल राउंड का आयोजन किया गया। इसमें शिव कुमार यादव ने द्वितीय स्थान हासिल कर कॉलेज एवं विश्वविद्यालय का मान बढ़ाया। कंपनी द्वारा छात्रों को प्रमाण-पत्र प्रदान किया जायेगा। इससे छात्रों को सरकारी एवं प्राइवेट सेवा में प्राथमिकता मिलेगी। शिव कुमार यादव की सफलता से कॉलेज के छात्र काफी उत्साहित है। कॉलेज के शिक्षकों ने इस सफलता के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं व्यक्त की है। यह कॉलेज अल्प समय में ही राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने में सफल रहा है, जो झारखंड के लिए गौरव की बात है। उन्होंने इस सफलता पर विजेता छात्र, एसोसिएट डीन एवं शिक्षकों को बधाई दी।

## डालसा ने कस्तूरबा गांधी विद्यालय के बच्चों को दी बाल श्रम और बाल अधिकारों की जानकारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** कस्तुरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय, ओरमांझी में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा) रांची के निर्देशानुसार पीएलवी के द्वारा लीगाल लिट्रेसी क्लास लिया गया। इस अवसर पर पीएलवी ने बच्चों को संविधान में वर्णित मूल अधिकार तथा मूल कर्त्तव्य के बारे में बताया। इस अवसर पर पीएलवी किरण कुमारी एवं शीला तिग्गा तथा स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्राएं उपस्थित थीं। संबोधित करते हुए डालसा पीएलवी ने बच्चों को मूल अधिकार व मूल कर्त्तव्य के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने समानता का अधिकार, स्वतंत्रता का अधिकार, शोषण के खिलाफ अधिकार, धर्म की स्वतंत्रता का अधिकार, संवैधानिक उपचारों का अधिकार के बारे में विस्तार से चर्चा की। इसके अलावा बच्चों भारतीय संविधान का पालन करने उसकी आदर्शों, संस्थाओं, राष्ट्रध्वज और राष्ट्रगान का सम्मान, भारत की एकता, प्रभुता और अखंडता की रक्षा करने व उसे बनाए रखने, देश की रक्षा और जरूरत पड़ने पर राष्ट्र की सेवा करने, भारत की सभी लोगों में समानता और बंधुत्व की भावना का निर्माण करने तथा वैज्ञानिक दृष्टिकोण मानववाद, ज्ञानार्जन तथा सुधार की भावना का विकास करने पर जोर दिया। डालसा के पीएलवी किरण कुमारी एवं शिला तिग्गा के द्वारा द्वारा सरकार के द्वारा चलाये जा रहे लाभकारी योजना, आयुष्मान भारत योजना, प्री-लिटिगेशन मुकदमा दर्ज कराने के तरीके, वृद्धा पेंशन, बाल विवाह, बाल श्रम, विधवा पेंशन के बारे बताते हुऐ बच्चों के बीच संबंधित पम्पलेट व लिफलेट का वितरण भी किया। लीगल लिट्रेसी क्लास को संचालित करवाने में विद्यालय के प्रधानाध्यापिका, शिक्षक एवं शिक्षिकाओं का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## हरमू मैदान में 15 से 21 जनवरी तक श्री राम कथा का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** श्री राम कथा सेवा समिति रांची के सानिध्य में आगामी 15 जनवरी से 21 जनवरी 2023 तक रांची के हरमू मैदान में सात दिवसीय श्रीराम कथा का आयोजन किया जा रहा है। प्रेम मूर्ति पूज्य संत श्री प्रेम भूषण जी महाराज के परम शिष्य श्री राजन महाराज श्री राम कथा का व्यासपीठ से अपनी मधुर वाणी में उपस्थित श्रोताओं को अमृत पान करायेंगे। कथा वाचक राजन जी महाराज के मुखारविंद से उक्त सात दिनों तक राज्य के सभी धर्म प्रेमियों को प्राप्त होगा श्री राम कथा के रसपान का आनंद। इस कथा में रांची के सभी धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाओं का सहयोग लिया जाएगा।

आयोजन समिति के प्रेम चंद श्रीवास्तव ने बताया कि इस कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर लेक रोड स्थित पुष्पांजलि बिल्डिंग में कथा से संबंधित जानकारी के लिए शनिवार को कार्यालय का उद्घटान किया गया। प्रतिदिन सुबह 10 बजे से सायं 7 बजे तक कार्यालय खुला रहेगा। मीडिया प्रभारी सह प्रवक्ता प्रमोद सारस्वत ने बताया कि इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में 100 से अधिक लोग अपनी समर्पित सेवा दे रहे है। 15 जनवरी से 21 जनवरी तक चलने वाले कथा का समय दोपहर 2:00 बजे से सायं 6:00 बजे तक रहेगा। रामकथा आयोजन स्थल पर 50 हजार वर्ग फीट का वाटरप्रूफ विशाल पंडाल बनाया जाएगा। जिसमें 5000 से भी ज्यादा लोगों के बैठने की व्यवस्था होगी। महिला और पुरुष की अलग-अलग बैठने की व्यवस्था अति उत्तम रहेगी। कार्यक्रम को सफल बनाने में मनीष साहू, प्रकाश धेलिया ,श्रबन अग्रवाल, प्रेमचंद श्रीवास्तव, बसंत गौतम , मुकेश काबरा, प्रमोद सारस्वत, सज्जन पाड़िया, सुरेश चंद अग्रवाल , नेमीचंद अग्रवाल , प्रवीण मोदी, मुकेश अग्रवाल, गुड्डू गोयनका ,लड्डू अग्रवाल, कमल सिंघानिया आदि का अहम योगदान है।

# इस स्कूल के सभी छात्र-छात्रा काफी ऊजार्वान और प्रतिभावान है : एसएसपी

## निर्मला कॉन्वेंट हाई स्कूल में 18वां वार्षिक खेलकूद दिवस आयोजित

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** एदलहातु के निर्मला कॉन्वेंट हाई स्कूल में शनिवार को 18वां वर्षिक खेलकूद दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसएसपी रांची कौशल किशोर थे। इनके अलावा विशिष्ट अतिथि के रूप`मं मौजूद एसपी ग्रामीण नौशाद आलम, ज्वाइंट कमिश्नर श्रीमोहन सिंह, सीनियर डीएसपी सुरजीत कुमार, विद्यालय प्रबंधन समिति की सचिव सीमा शर्मा, प्राचार्य विजय कुमार शर्मा तथा उप प्राचार्य विमलेश कुमार अवस्थी ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इसके बाद स्टूडेंट्स ने सर्वप्रथम मार्च पास्ट एवं फ्लैग होस्टिंग प्रस्तुत करके अपनी एकाग्रता, अनुशासन और संतुलन का परिचय दिया। वहीं, नर्सरी और केजी के छात्र-छात्राओं द्वारा इंस्ट्रुमेंटल ड्रिल प्रस्तुत कर दर्शकों को झूमने पर विवश कर दिया। मुख्य अतिथि ने बच्चों की सभी उत्कृष्ट प्रस्तुति की सराहना की एवं बच्चों का सर्वांगीण विकास करने के लिए विद्यालय परिवार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि खेलकूद एक ऐसा माध्यम है, जिससे हम बच्चों के अंदर छिपी हुई अद्भुत प्रतिभा को पहचान कर उसे निखारने का काम कर सकते हैं। श्री कौशल ने कहा कि इस विद्यालय के सभी छात्र-छात्रा काफी ऊजार्वान और प्रतिभावान है। श्रीमोहन सिंह दोराय ने कहा कि जीवन में अगर सफल होना है तो हमें खेलकूद को अपने जीवन में प्राथमिकता देनी होगी। एसपी ग्रामीण ने कहा कि उन्हें यह कार्यक्रम देखकर अपने छात्र जीवन की याद आ गई। श्री आलम ने सभी छात्र-छात्राओं शिक्षकों और अभिभावकों को कहा कि खेलकूद के माध्यम से हम ऊंची से ऊंची बुलंदियों को छू सकते हैं। वहीं, सुरजीत कुमार ने कहा कि विद्यालय छात्र-छात्राओं के चरित्र निर्माण में आम भूमिका निभाता है, क्योंकि चरित्र निर्माण से ही बच्चे जीवन में अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं।

**16 गोल्ड मेडल के साथ विवेकानंद हाउस ने बाजी मारी :** इधर, खेलकूद के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम में विभिन्न राज्यों के राजकीय नृत्य प्रस्तुत कर विविधता में एकता को प्रतिबिंबित किया गया ,जिसमें बिहू, नेपाली, पंजाबी, गुजराती, कश्मीरी सहित अन्य फॉल्क डांस के साथ वेस्टर्न कल्चर को समर्पित इंग्लिश डांस भी प्रस्तुत किया गया। सभी सांस्कृतिक प्रस्तुति एक से बढ़कर एक थे जिसने अभिभावकों तथा अतिथियों के चेहरों को खुशी से प्रफुल्लित कर दिया ' बच्चों ने अपनी प्रस्तुति के माध्यम से सभी के दिलों में अविस्मरणीय छाप अंकित कर दिया। योगा एवं कराटे के कठिन से कठिन आसान ने दर्शकों तथा अतिथि गणों को अचंभित व रोमांचित कर दिया। इस वार्षिक खेलकूद दिवस में 16 गोल्ड मेडल के साथ विवेकानंद हाउस ने बाजी मारी। मौके पर स्टूडेंट्स के साथ ही उनके माता-पिता तथा अभिभावक ने भी पूरे जोश और जूनून के साथ बच्चो का हौसला बढ़ाया।

विजेता छात्रों को मुख्य अतिथि ने मेडल पहनाकर और इनाम देकर सम्मानित किया गया। प्राचार्य श्री विजय कुमार शर्मा ने कहा कि पेरेंट्स अपने बच्चों को खेलों में हिस्सा लेने से कभी नहीं रोके। बल्कि जिस खेल में उनकी दिलचस्पी हो उसमें हिस्सा लेने के लिए उन्हें प्रेरित करें। कार्यक्रम में वार्ड पार्षद बसंती लकड़ा, प्रो. नय्यर इकबाल, अजय राय के अलावा सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं, अभिभावक और छात्र मौजूद थे।

समय संवाद

रामगढ़, जो फलपट्टी के रूप में जाना जाता है, वहां भी आडू-सेब को छोड़ दें, तो ज्यादातर फल और सब्जियों में वे गोबर की खाद या कंपोस्ट खाद का इस्तेमाल करते हैं। इस अंचल से जैविक उत्पादों के बारे में जब किसानों से बात हुई, तो उन्होंने बताया कि वे जैविक खेती तो नहीं करते हैं, पर रासायनिक उर्वरक का इस्तेमाल भी नहीं करते। यही स्थिति छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश के आदिवासी अंचलों की भी यही स्थिति है। उनके पास इतना रुपया ही नहीं होता कि वे महंगे कीटनाशक और उर्वरक खरीद पाएं। ऐसे में वे जो भी उगाते हैं, वह रासायनिक खेती से बेहतर होता है। ऐसे अन्न का इस्तेमाल अगर वे करते हैं, तो बड़े शहरों में लोग आर्गेनिक उत्पाद के रूप में भी करते हैं। पर यह बहुत महंगा होता है। जिस जौ को हमारे पूर्वांचल में दो दशक पहले कोई पूछता नहीं था और वह गेहूं के मुकाबले उसके आधे दाम में मिलता था, काफी महंगा बिक रहा है।

# मोटे अनाज की ओर लौटता भारतीय समाज

**अंबरीश कुमार**



**बड़े** महानगरों में लोग ऑनलाइन बाजार से अब जैविक, प्राकृतिक और मोटे अनाज भी मंगाने लगे हैं। वजह- खेती में खतरनाक कीटनाशकों और उर्वरकों का अंधाधुंध इस्तेमाल किया जाना है, जिनसे तरह-तरह की बीमारियां फैल रही हैं। ये वही अनाज हैं, जिन्हें सत्तर के दशक में ग्रामीण और मध्यवर्गीय परिवारों ने छोड़ दिया था। कुछ दिन पहले उत्तर प्रदेश के सिद्धार्थ नगर के ग्रामीण अंचल में मेरा जाना हुआ। यह अंचल अपनी खुशबू के लिए मशहूर काला नमक चावल के लिए जाना जाता है। कहते हैं कि अगर आपके घर में यह चावल पक रहा हो, तो आसपास के कई घरों तक इसकी खुशबू जाती है। यह देश के एरोमैटिक यानी सुगंधित चावलों में से एक है। पर यह चावल स्थानीय बाजार में भी दो तरह का मिलेगा। एक तो वह चावल है, जो जैविक विधि से यानी बिना रासायनिक कीटनाशक और उर्वरक के उगाया जाता है।

दरअसल यह ज्यादा महंगा होता है और बड़े किसान इसे ज्यादातर अपने इस्तेमाल के लिए बोते हैं। पर जब से प्राकृतिक और जैविक उत्पादों की मांग बढ़ी है, तब से वे कुछ हिस्सा बाजार में भी देने लगे हैं। उनके खेत भी दो तरह के हो गए हैं, एक जिसमें वे अपने घर के लिए प्राकृतिक ढंग से बोते हैं, तो दूसरा जो प्रचलित रासायनिक खेती का तरीका है, उसके लिए। साफ है कि वे खुद रासायनिक फसल से दूरी बना रहे हैं। पर ज्यादा मुनाफा के चलते बाजार में वे रासायनिक उर्वरक से पैदा हुआ अन्न बेचते हैं। यही स्थिति देश के विभिन्न हिस्सों की भी है। देश में कुछ अंचल ऐसे भी हैं, जहां की खेती अगर जैविक नहीं भी है, तो प्राकृतिक जरूर है। इसकी वजह किसानों की गरीबी भी है। उदाहरण के लिए उत्तराखंड के ज्यादातर इलाकों में आज भी रासायनिक कीटनाशक और उर्वरक का इस्तेमाल नहीं होता। चाहे अल्मोड़ा के आसपास की भट की दाल हो या फिर चंपावत का मशहूर आलू- राजमा हो। इनमें रासायनिक उर्वरक का इस्तेमाल बहुत कम होता है।

रामगढ़, जो फलपट्टी के रूप में जाना जाता है, वहां भी आडू-सेब को छोड़ दें, तो ज्यादातर फल और सब्जियों में वे गोबर की खाद या कंपोस्ट खाद का इस्तेमाल करते हैं। इस अंचल से जैविक उत्पादों के बारे में जब किसानों से बात हुई, तो उन्होंने बताया कि वे जैविक खेती तो नहीं करते हैं, पर रासायनिक उर्वरक का इस्तेमाल भी नहीं करते। ऐसे में इस अंचल के कृषि उत्पादों को जैविक भले न माना जाए, पर वह प्राकृतिक ही माने जाएंगे। यही स्थिति छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश के आदिवासी अंचलों की भी यही स्थिति है। उनके पास इतना रुपया ही नहीं होता कि वे महंगे कीटनाशक और उर्वरक खरीद पाएं। ऐसे में वे जो भी उगाते हैं, वह रासायनिक खेती से बेहतर होता है। ऐसे अन्न का इस्तेमाल अगर वे करते हैं, तो बड़े शहरों में लोग आर्गेनिक उत्पाद के रूप में भी करते हैं। पर यह बहुत महंगा होता है। जिस जौ को हमारे पूर्वांचल में दो दशक पहले कोई पूछता नहीं था और वह गेहूं के मुकाबले उसके आधे दाम में मिलता था, काफी महंगा बिक रहा है। मुंबई में एक वरिष्ठ पत्रकार करीब ढाई सौ रुपए किलो का जौ हर महीने ऑनलाइन मंगाते हैं। सिर्फ यही नहीं, वे सरसों का तेल, दाल से लेकर हल्दी-गुड़ आदि भी मंगाते हैं। इसकी कीमत बाजार से ज्यादा तो होती है, पर यह गारंटी भी होती है कि आप शुद्ध अन्न खा रहे हैं। यह जागरूकता हाल के कुछ वर्षों की है।

अब पंजाब के अन्न से लोग बचना चाहते हैं, क्योंकि समूचा पंजाब रासायनिक खेती के दुष्परिणाम झेल रहा है। ज्यादातर गांवों में कैंसर के मरीजों की संख्या तेजी से बढी है। यह पंजाब की हरित क्रांति का काला पक्ष है। यही वजह है कि बहुत से लोग अब जैविक अन्न पर जोर देने लगे हैं। पर जैविक अन्न कम उत्पादन की वजह से महंगा पड़ता है। इसका प्रमाण पत्र लेना भी कम झमेले का काम नहीं है। इसकी फीस बहुत छोटे किसानों को महंगी पड़ती है, जिसकी वजह से वे अपना उत्पाद जैविक उत्पाद के रूप में नहीं बेच पाते हैं। ऐसे में उनका कृषि उत्पाद, जो जैविक होने के बावजूद जैविक उत्पाद के रूप में नहीं बिक पाता, उनके लिए घाटे का सौदा बन जाता है। उदाहरण के लिए अरहर की आम दाल जो बाजार में अस्सी से सौ रुपए किलो बिकती है, वह जैविक दाल के रूप में सवा सौ से डेढ़ सौ रुपए के भाव बिकती है। अगर सरकार जैविक और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देना चाहती है, तो उसे इन सब बातों पर गौर करना चाहिए।

दरअसल सेहत को लेकर लोगों में जो जागरूकता बढ़ी है, उसके चलते लोग मोटे अनाज को भी अपने भोजन का हिस्सा बना रहे हैं। जौ, ज्वार, बाजरा, मक्का, रागी, मंडुआ से लेकर जई-अलसी तक सब इस्तेमाल होने लगे हैं। शहरी इलाकों में लोगों का खानपान बदल रहा है, तो बाजार भी बदल रहा है। अब पैकेट बंद आटे में मल्टी ग्रेन के कई ब्रांड बाजार में आ गए हैं। यह बात अलग है कि गेहूं के आटे में कौन सा अनाज कितना मिलाना चाहिए, इसकी समझ नहीं विकसित हुई है। यही वजह है कि लोग सोयाबीन या अन्य मोटे अनाज की मात्रा भी जरूरत से ज्यादा मिला देते हैं, जिससे वह सेहत को नुकसान भी पहुंचा देता है। मोटा अनाज खाना चाहिए, पर उसकी मात्रा का भी ध्यान रखना चाहिए। उदाहरण के लिए पहाड़ पर जो भट की दाल होती है, उसके आटे की रोटी डायबिटीज वालों के लिए बहुत फायदेमंद है, क्योंकि इसमें बहुत ज्यादा प्रोटीन होता है। लेकिन ज्यादा मात्रा नुकसान भी दे सकती है।

# छोटे से बड़े की ओर बढ़ना ही भक्ति

**स्वामी सत्यांनदजी सरस्वती**



**किसी** भी निर्माण की प्रकिया छोटे से आंरभ होती है। धीरे-धीरे आंरभ होकर वह प्रकिया बड़ा रुप ले लेती है। काई भी प्रकिया में आंरभिक तेजी हार का कारण भी बनती है। व्यवहार जगत में मैराथन दौड़ वही जीतता है जो आंरभ में अपनी उर्जा बचाता है और अंतिम में अपनी पूरी उर्जा लगा देता है। धर्य से ही निमार्ण होता है। भक्ति का निमार्ण भी जीवन में धर्य से ही होता है। राम के जीवन में भी धर्य असीम था। वे शिक्षा प्राप्त करने के बाद पूरे देश के तीर्थो का भ्रमण करने के बाद भी चिंतन में ही थे। ब्रंह्र ज्ञान के लिए मिला जीवन किस ओर जा रहा है। कोई तो मिले जो हमें इस बात को बताये। इसी बीच गुरु विश्वमित्र यज्ञ की रक्षा के लिए उनसे मिलने आये तब उन्होंने उन्हें ज्ञानी मानकर अपनी समस्या बतायी। तब विश्वमित्र ने कहा कि गुरु वशिष्ठ के होते मैं क्या समझा सकता हूं। वे हमारे भी गुरु हैं और हमने जो कुछ ज्ञान हासिल किया है वे उनकी कृपा से हो सकी है।

**जिज्ञासा का परिपक्व होना**

राम समझते थे कि वशिष्ठ तो उनके कुल के गुरु हैं एक सामान्य पूजा-पाठ करने वाले व्यक्ति है। लेकिन जब उन्हें मालूम हुआ कि वशिष्ठ ब्रह्य ज्ञानी है तब वे वशिष्ठ के पास गये और पूछा की आप ब्रंह्म ज्ञानी है यह बात हमें पता नहीं था। विनम्रता पूर्वक श्री राम ने पूछा कि आपने उस स्तर का ज्ञान मुझे क्यों नहीं दिया।

वशिष्ठ ने कहा आपकी जिज्ञासा आज परिपक्व हुई है इसलिए आज मैं आपको ज्ञान दूंगा। आदमी जो भी जप-तप-ज्ञान करता है उससे जिज्ञासा पैदा होना चाहिए। यह जिज्ञासा ज्ञान का होगा। ज्ञान के लिए गुरु स्थान और गुरु की भूमिका होगी। यही ज्ञान हर काल में रहा है सिर्फ स्थान और व्यक्ति बदल गये हैं। राम के काल में गुरु वशिष्ठ, कृष्ण के काल में दुर्वासा और आधुनिक काल में स्वामी रामकृष्ण परमहंस और विवेकानंद, स्वामी परमहंस दयाल जी और स्वामी जी ने ज्ञान को संरक्षित किया प्रचार और प्रसार किया। योग्य पात्र को खोजा और उन्हें प्रदान किया। धन से ज्ञान खरीदा नहीं जा सकता है। ब्रंम्हचर्य, गृहस्थ,वानप्रस्त और सन्यास चार अवस्था से मनुष्य गुजरता है।

गृहस्थी के लिए भी सन्यास की अवस्था है। जीवन के सभी जवाबदेही निभाते हुए सन्यासी का जीवन भरत ने जीया था। योग्य, अतियोग्य व्यक्ति का मिलने का क्रम जारी रहता है। पूर्ण समर्पण से ज्ञान का मार्ग प्रशस्त होता है। प्रकृति में भी इसका उदाहरण है। यमुना का गंगा में समर्पण के बाद यमुना पूरी तरह से समाप्त हो जाती है। गंगा सागर में मिलकर समर्पित हो जाती है। इसी प्रकार पूर्ण समर्पण से ही ज्ञान मिल सकता है जिसके बाद कुछ भी पाना शेष नहीं रह जाता है।

**(बह्म विद्यालय सह आश्रम छोटका राजपुर, बक्सर शाखा कुटी : रांची।)**

# खरमास: विशेष पूजा का माहात्म

**बीएन पाण्डेय**

**सूर्य** जगत में तेज का प्रतीक व प्राणदाता हैं। शास्त्रोक्त मान्यता है कि सूर्यदेव की उपासना से यश, कीर्ति, वैभव, मान-सम्मान, ओजस, वर्चस व तेजस की प्राप्ति होती है। इसलिए सूर्य उपासना का बड़ा महत्व है। खरमास या मलमास सूर्य से संबंधित है, इसलिए इन दिनों में फल प्राप्ति हेतु सूर्य उपासना के साथ दान-पुण्य, पूजा, हवन, धर्म और उपासना का विशेष महत्व है।

मलमास या खरमास में किसी तरह का कोई मांगलिक, शुभ कार्य न करें। लोक कथाओं के अनुसार खरमास के पीछे एक पौराणिक कथा प्रचलित है। धार्मिक मान्यता है, मार्कण्डेय पुराण में वर्णन है– एक बार सूर्य देवता अपने सात घोड़ों के रथ पर सवार होकर ब्रह्मांड की परिक्रमा करने के लिए निकल पड़ते हैं। इस दौरान उन्हें कहीं पर भी रुकने की इजाजत नहीं थी। लेकिन लगातार चलते रहने के कारण उनके रथ मे जुते घोड़े थक जाते हैं और घोड़ों को प्यास लग जाती है।

सूर्यदेव घोड़ों को लेकर एक तालाब के किनारे चले गये। लेकिन उन्हें तभी यह आभास हुआ कि अगर रथ रुका तो पूरा जनजीवन भी ठहर जायेगा। लेकिन घोड़ों का सौभाग्य ही था कि उस तालाब के किनारे दो खर मौजूद थे। भगवान सूर्यदेव की नजर उन गदहों पर पड़ती है और वो घोड़ों के जगह पर खर यानी गधों को अपने रथ में जोड़ लेते हैं। लेकिन खरों के चलने की गति धीमी होने के कारण रथ की गति भी धीमी हो गयी। फिर भी जैसे-तैसे किसी तरह 1 मास का चक्र पूरा होता है। उधर तब तक घोड़ों को भी काफी आराम मिल चुका होता है। इस तरह यह क्रम चलता रहता है और इस सौरवर्ष में 1 सौरमास खरमास कहलाता है।

खरमास के महीने में भागवत् गीता, श्रीराम की पूजा, कथा-वाचन और विष्णु भगवान की पूजा करना शुभ माना जाता है। इस माह में भगवान शिवशंकर की आराधना करने से कष्टों का निवारण होता है। मलमास में भगवान विष्णु की पूजा भी फलदायी मानी जाती है। मान्यता है कि पीले वस्त्र धारण करके मंत्र का जप करना और भी लाभदायी होता है, इसलिए सुबह जल्दी उठ कर और स्नान आदि से निवृत्त होकर सूर्य को अर्घ्य दें और सूर्य आराधना करें। सूर्य आदित्य स्त्रोत और सूर्य मंत्रों का जाप करें।

इस साल खरमास का प्रारंभ 16 दिसंबर दिन शुक्रवार से हो रहा है। इस दिन सूर्य की धनु संक्रांति का क्षण सुबह 10 बजकर 11 मिनट पर है। 16 दिसंबर से प्रारंभ हो रहे खरमास का समापन नये साल 2023 के पहले माह जनवरी में होगा। जब सूर्य का धनु राशि से निकलकर मकर राशि में प्रवेश होगा तो वह सूर्य की मकर संक्रांति होगी। मकर के प्रारंभ होते ही खरमास का समापन हो जाता है। 14 जनवरी दिन रविवार को रात 8 बजकर 57 मिनट पर मकर संक्रांति का क्षण है।

# बढ़ता वेरीकोस का खतरा

**कुमार गौरव**

**टांगों** में उभरने वाली नीले रंग की मकड़ीनुमा नसों को लेकर लोगों में चिन्ता बढ़ रही है। दरअसल यह टांगों में वेरीकोस वेन्स की समस्या है जो आरामतलबी व विलासितापूर्ण जीवन शैली के चलते तेजी से सामने आ रही है। शुरूआती दिनों में हम स्वभावतः इसको नकारते हैं पर जब तकलीफ ज्यादा बढ़ जाती है तो इधर-उधर परामर्श लेना शुरू कर देते हैं।

**शुरूआती वजह**

वेरीकोस वेंस के सबसे ज्यादा शिकार दुकानदार व महिलाएं होती हैं। कम्प्यूटर के सामने व आफिस में घंटों बैठने वाले लोग, होटलों की रिसेप्शन, शोरूम में लम्बे समय तक खड़े रहने वाले लोग वेरीकोस वेंस के प्रकोप से बच नहीं पाते हैं। ट्रैफिक पुलिस मैन तथा तकनीकी प्रयोगशालाओं में कार्यरत वैज्ञानिक वेरीकोस वेन्स को निमन्त्रण देते दिखेंगे वहीं वकील व शिक्षक भी जद में हैं।

**पहचान ऐसे करें**

अपनी टांगों व पैरों का अवलोकन कीजिये। अगर आपको केंचुए नुमा या मकड़ीनुमा उभरी हुई नीले रंग की नसें टांगों की त्वचा पर दिख रही हैं या काले रंग के निशान या चकत्ते-बिन्दियां दिखायी पड़ रही हैं तो आप वेरीकोस वेन्स से ग्रसित हो सकते हैं। अगर थोड़ा चलने के बाद आपके पैरों में सूजन या थकान या हल्का दर्द महसूस होने लगे तो समझ जाइये कि आप वेरीकोस वेन्स के शिकार होने लगे हैं। अगर चलने के बाद टांगों में थोड़ी लाली व उभरी हुई नीले रंग की नसें दिखने लगें तो वेरीकोस वेन्स की दस्तक हो सकती है।



**शुद्ध रक्त का प्रवाह**

अगर आप आरामतलब व बैठक पसन्द व्यक्ति हैं तो आपकी टांगें वेरीकोस वेन्स से दूर नहीं हैं। इसे ऐसे समझिये कि आपकी टांग की धमनियों यानी पैरों की आर्टरीज से शुद्ध खून निरन्तर प्रवाहित हो रहा है जिसकी वजह से चलने के लिये जरूरी आक्सीजन की हमेशा आवश्यकता रहती हैं। टांगों की मांसपेशियों को आक्सीजन सप्लाई करने के बाद खून आक्सीजन रहित व गन्दा हो जाता है। यह खून अब तभी लाभदायक और फिर से पैरों को दुबारा से सप्लाई करने लायक बनेगा जब पुनः इसमें आक्सीजन डाली जाये। इसके लिये जरूरी है कि पैर में इकट्ठा हुआ यह गन्दा खून ऊपर चढ़ कर दिल के जरिये फेफड़े तक पहुंचे। फेफड़े में फिर से आक्सीजन प्राप्त करके दुबारा सकुर्लेशन में आये और आर्टरीज के जरिये फिर से पैरों को शुद्ध रक्त पहुंचे। अगर किसी कारण से अशुद्ध खून ऊपर नहीं चढ़ेगा तो उसके पैर व टांगों में इकट्ठा होने की क्रिया बढ़ती जायेगी। ऐसे में टांगों में सामान्यतः सोयी हुई वेन्स गन्दे खून से भरना शुरू हो जायेंगी और फूलने के कारण त्वचा के नीचे उभरी हुयी मकड़ी के जाले की तरह दिखने लगेंगी। यहीं से वेरीकोस वेन्स रोग की शुरूआत होती है।

**दिनचर्या में फेरबदल**

वेरीकोस वेन्स की शुरूआत होने पर तुरन्त सर्जरी या लेसर की जरूरत नहीं पड़ती है बल्कि दिनचर्या में फेरबदल करना होता है। रोज सुबह व शाम एक-एक घंटे पार्क में टहलने, पैरों को कुर्सी से एक घंटे से ज्यादा लटका कर नहीं बैठने और लगातार खड़े न रहने की सलाह दी जाती है। वजन घटाना जरूरी है। क्रमित दबाव वाली जुराबों को टांगों पर पहनें। हर दो महीने में वैस्क्युलर सर्जन से परामर्श करते रहना बेहतर है। वेरीकोस वेन्स पूरी तरह विकसित हो जाये, पैरों पर काले निशान व चकत्ते उभर आयें अथवा सूजन-लाली बनी रहें तो सर्जरी, लेजर या आरएफए तकनीक का सहारा लेना पड़ता है। सर्जरी व लेजर तकनीक वैरिकोस वेन्स को टांग से बाहर निकालने का काम सर्जरी का है और टांग के अन्दर ही अन्दर खत्म कर देने का काम लेजर तकनीक का है। इलाज के रास्ते अलग-अलग हैं पर दोनों तकनीकों के अपने-अपने फायदे हैं। लेजर तकनीक में मरीज को बेहोश नहीं करना पड़ता है। त्वचा में कट नहीं लगाने पड़ते हैं इसलिये टांके लगवाने और कटवाने की जरूरत नहीं। न ब्लीडिंग, न ट्रेसिंग का चक्कर। अस्पताल से एक दिन में ही मरीज घर जा सकता है व अगले दिन काम पर लौट सकता है।उपचार की नयी विधि आधुनिकतम तकनीक आरएफए (रेडियो फ्रीक्वेंसी एब्लेशन) आजकल लोकप्रिय हो रही है। (लेखक संस्था प्रमुखा दिशा संस्थान हजारीबाग हैं।)

# नींद हराम करती वर्तमान पीढ़ी



**अजयदीप बाधवा (मोटिवेटर)**

**अच्छी** नींद के लिए शरीर का थकना बेहद जरूरी है। आज के युवा रात में सो नहीं रहे क्योंकि वे नौकरी ही दूसरे देश की करते हैं या फिर सोशल मीडिया पर सक्रिय रहते हैं।

सेहत को लेकर यह नसीहत पुरानी है कि नींद अच्छा तो स्वास्थ्य भी अच्छा। पर बहुत कम ही लोग हैं जो नींद और सेहत के संबंध की गंभीरता को समझते हैं। मौजूदा जीवनशैली तनाव बढ़ाने वाली है। साथ ही खानपान को लेकर भी लोग ज्यादा सतर्क नहीं रहते है। साथ ही अपेक्षित शारीरिक श्रम का भी लोगों के जीवन में अभाव है। इस कारण लोग तेजी से कई गंभीर बीमारियों के भी शिकार हो रहे हैं। अच्छी नींद के लिए हमें सबसे पहले अपनी जीवनशैली में सुधार करना होगा और कुछ बातों का सख्ती से नियमित पालन करना होगा। इसी तरह शाम होने के बाद ज्यादा चाय-कॉफी से दूर रहें तो बेहतर होगा। सोने जाने के एक घंटे पहले रात का खाना जरूर खा लें। रात को हल्का और सुपाच्य भोजन लें।

सुबह की सैर करते हुए ईयरफोन लगा कर गाना सुन रहे हैं तो गाड़ी चलाते हुए न्यूज पोर्टल खोलकर पर राजनीतिक बहस, खाना खाते वक्त फेसबुक पर इसका जवाब दे रहे हैं कि ह्यआपके दिमाग में क्या हैह्न तो दफ्तर जाने के पहले इंस्टाग्राम को भी अद्यतन करना ही है। बीच में टीवी देखना और वाट्सऐप पर इधर-उधर की बातें पढ़ना और भेजना।

बिस्तर पर जाने के बाद सोशल मीडिया के किसी बहस में उलझ जाना। सोशल मीडिया के हर मंच पर हमेशा मौजूदगी दर्ज करानी जरूरी नहीं है। बिस्तर पर सोने जाने के एक घंटा पहले किसी भी तरह के स्क्रीन और सोशल मीडिया से दूरी बना लें।

बहुत लोगों की मजबूरी है कि उन्हें बहुत ज्यादा काम करना पड़ता है तो कुछ लोगों को लगता है कि ज्यादा से ज्यादा काम करना ही आगे बढ़ने का एकमात्र तरीका है। लेकिन यह आपकी मजबूरी हो या चुनाव, इसका हल तो आपको ही निकालना होगा। कुछ लोगों को सात से आठ घंटे सोना समय की बबार्दी लगती है। लेकिन आप देखेंगे कि अगर काफी दिनों तक ढंग की नींद नहीं लेते हैं तो आपका शरीर किसी न किसी बीमारी का शिकार हो जाता है।

फिर आपको मजबूरी में बिस्तर पकड़ना पड़ता है। तो ऐसी स्थिति आने से पहले अपने बिस्तर पर पर्याप्त समय दिया करें।नौकरी के तनाव का भी बहुत असर नींद पर पड़ता है। तो यह सोच लें कि तनाव लेने भर से कोई काम आसान नहीं हो जाता है। नौकरी को लेकर अति संवेदनशील रहने वाले लोग भी अनावश्यक तनाव लेते हैं। एक समय नौ से पांच की नौकरी का मजाक उड़ाने वाली पीढ़ी आज चौबीस गुणे सात के जाल में उलझ गई है। लेकिन अब लोग सेहत और काम के बीच के तनाव के बारे में जागरूक भी हो रहे हैं। अपनी सेहत और रुचि के हिसाब से कोई भी शारीरिक गतिविधि चुन लें।

## वर्तमान समय में बढ़ता बौद्धिक मानसिक युद्ध



# झारखंड राज्य में ऑटो राज्य?



**सुनील बादल**

22 साल के युवा झारखंड को अब तक जिम्मेदार बनकर भूगर्भ में मौजूद देश के लगभग 40 % बहूमूल्य भू संपदा और यहां के लगभग सवा तीन करोड़ मानव संसाधन के बलबूते एक आदर्श उपस्थित करना था पर राजनीति की प्रयोगशाला बनकर माननीय और अधिकारियों की बड़ी फौज के साथ सवालों के कटघरे में खड़ा है कि बिहार से अलग किन कारणों से हुआ था और क्या तब की स्थितियों में बदलाव हो गया ?

बिहार के जमाने के जंगल राज में अवश्य सुधार हुआ पर बिहार सहित देश के अन्य भागों में भी बाहुबली और माफियायों की समाप्ति के दौर में यहां इसे बड़ी उपलब्धि नहीं कहा जा सकता . पहली बार झारखंड आने वाले और दशकों बाद अपने राज्य को देखने वाले दोनों आश्चर्यचकित होते हैं सड़कों पर कब्जा कर दुकानें लगाना,बिना लाइसेंस या परमिट जब जहां इच्छा हो बाजार सजा देना,नो एंट्री में अनगिनत ऑटो रिक्शा,दबंग बस मालिकों की अवैध स्लीपर बसें,सड़क पर खड़े वाहन और सबसे बड़ी बात मनमाना किराया वसूलना, सबकुछ पहले भी होता था और कुछ कड़क पुलिस अधिकारियों की धमक को अपवाद मान लिया जाए तो अभी भी जारी है .



पड़ोसी राज्य बंगाल और ओड़िशा में कभी भी जाएं तो सड़क और दुकान में स्पष्ट अंतर दिख जाएगा पर झारखंड की राजधानी रांची से लेकर सुदूरवर्ती कस्बों तक यही दृश्य पहले भी दिखते थे और आज भी दिखते हैं।

कुछ अधिकारियों ने प्रयास किया भी पर माननीयों ने उनके कदम रोक दिए. माननीय उच्च न्यायालय ने ट्रैफिक सुधार के अनेक आदेश दिए पर सिर्फ हेलमेट जांच से मामला आगे नहीं बढ़ा. जमशेदपुर के निजी टाउनशिप एरिया को छोडकर संभवतः किसी भी भी शहर में या तो नो एंट्री और सिटी बस का स्टॉपेज तय नहीं है या उसका पालन नहीं होता है। हवाई अड्डे से लेकर सड़कों पर बेतरतीब पार्किंग करते और यात्रियों पर झपट्टा मारते टैक्सी वालों या ऑटो वालों ने जो बोल दिया सो किराया हो गया !

जबकि किसी भी शहर की सभ्यता संस्कृति की तरह नियंत्रित और सुरक्षित सार्वजनिक यातायात व्यवस्था उसकी पहचान होती है। रांची से अनेक समानताएं वाले नगर बंगलुरु ने ऑटो के लिए अलग लेन बना रखा है और वहां के सभी सार्वजनिक वाहनों में चालक का फोटो लगा पहचान पत्र अनिवार्य है ताकि यात्री समस्या होने पर शिकायत कर सकें . यहां कोई भी ऑटो या टैक्सी चालक वर्दी नहीं पहनता और किसी के पास किराया चार्ट नहीं है। सुरक्षा की दृष्टि से यह खतरनाक है और किसी आपराधिक या आतंकवादी घटना के बाद ऐसे लोगों को पकड़ना संभव नहीं जो बिना टोकन नंबर या लाइसेंस नंबर मनमाने ढंग से वाहन चलाते हैं.

लगभग यही स्थिति सरकारी कार्यालयों की है जिनमें झारखंड बनने के पहले भी अनधिकृत बिचौलिए मंडराते रहते थे और आज भी उनमें और सरकारी कर्मचारियों में अंतर समझना आसान नहीं. इसी प्रकार कहने को अनेक सेवाएं ऑनलाइन हो गई हैं पर अधिकांश मामलों में इसकी औपचारिकता सिर्फ निबंधन तक ही है फिर प्रार्थी को कागज लेकर हर टेबल पर बाबुओं की खुशामद करनी पड़ती है, भू राजस्व जैसे जनता से जुड़े कार्यालयों में इसी कारण सेवा का अधिकार सिर्फ सुनने की बात रह गई है। यही हाल सूचना के अधिकार का है।

आम जनता की जागरूकता पहले भी नगण्य थी और आज भी कमोबेस वही स्थिति है। बंगाल और ओड़िशा जैसे पड़ोसी राज्यों में सड़कों पर बिजली चोरी,भ्रष्टाचार और जनता से जुड़े हेल्पलाइन नंबर लिखे होते हैं जिससे आमजन में आत्मविश्वास और सुरक्षा की भावना बढ़ती है। यहां पहले भी सरकारी खर्चे पर नेताओं की ब्रांडिंग होती थी और आज भी लगभग वही स्थिति है । शोध से पता चलता है कि अनेक सरकारी योजनाएं इसलिए सफल नहीं हो पातीं क्योंकि अनपढ़,गरीब और कम पढे लिखे लोग इसके बारे में जानते नहीं और बिचौलिए उन्हें परेशान कर दोहन करते हैं।

वैसे इस पारंपरिक व्यवस्था में भी भ्रष्ट्र पकड़े भी जा रहे हैं और अनेक अधिकारी ऐसे भी हैं जो अपने विभागों में पारदर्शिता लाने के लिए कड़े कदम उठा रहे हैं।

स्वयं युवा मुख्यमंत्री के नेतृत्व में जनता से संवाद के कार्य हो रहे हैं पर अभी बहुत कुछ किया जाना शेष है ट्रैफिक नियम तोड़ने पर ऑनलाइन चालान और सड़कों पर मशीन से जुमार्ना जैसे उपाय एक सुखद अनुभूति देते हैं कि सुधार के कदम उठाए जा रहे हैं पर यह भी सच है कि अभी बहुत कुछ किया जाना है जिसके लिए कड़े कदम उठाए जाने की आवश्यकता है।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।


# देवांशु साहा गोलीबारी घटना में शामिल चार आरोपी गिरफ्तार

## एसपी द्वारा प्रेस कांफ्रेंस में दी गई जानकारी, एक पिस्टल, पांच गोली, सात मोबाइल, एक बाइक, एक बैग किया गया बरामद

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रामगढ़।** व्यवसायी देवांशु साहा पर गोलीबारी मामले में पुलिस ने 4 आरोपियों को पकड़ने में सफलता प्राप्त क है। इस संबंध में जानकारी शनिवार को प्रेस कांफ्रेंस में एसपी पीयूष पांडे द्वारा दी गई । उन्होंने बताया कि घटना के बाद एसडीपीओ रामगढ़ के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया गया था। जिसने छापेमारी अभियान चलाते हुए घटना में शामिल 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया। साथ ही आरोपियों के पास से एक मेड इन यूएसए 7.65 ऑटो पिस्टल (मैगजीन सहित), 7.65 एमएम की पांच गोली,सात मोबाइल, एक काले रंग की पल्सर बाइक व एक पिठ्ठू बैग बरामद किया। एसपी ने बताया कि घटना में शामिल अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। एसपी ने बताया कि बीते 6 दिसंबर को पतरातू हरदेव कंस्ट्रक्शन साइट पर गोलीबारी मामले में भी एक अपराधी को भी पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है। उसके पास से एक देशी कट्टा जिसमें एक जिन्दा गोली फंसा हुआ है, दो लाल रंग की एफजे एस मोटर साइकिल और एक खोखा बरामद किया गया है। एसपी ने बताया कि बीते 8 दिसंबर को बिजुलिया रेलवे ओवरब्रीज के पास अज्ञात अपराधकमीर्यों ने विकास नगर निवासी देवांशु साह को जान मारने के नियत से उनकी कार पर गोलीबारी किया। जिसमें वे गंभीर रूप से घायल हो गये। इस संबंध में रामगढ़ थाना कांड संख्या 309/22 धारा 385/ 357/ 307/ 120(4)/34 भादवि एवं 27 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज हुआ था। बताया कि गठित पुलिस टीम ने लगातार छानबीन एवं अनुसंधान करते हुए कांड में शामिल पाण्डेय गिरोह के चार अपराधकर्मियों को गिरफ्तार किया है। अन्य अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। बताया कि गिरफ्तार अपराधियों ने स्वीकारोक्ति बयान मे अपराध स्वीकार किया है। अभियुक्तों की निशानदेही पर इस घटना में प्रयुक्त हथियार को कुजू ओपी क्षेत्र के आराकांटा सात नम्बर कॉलोनी से बरामद कर जब्त किया गया। जिस संबंध में कुजू ओपी में अलग से प्राथमिकी दर्ज कर अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है।

### पतरातू हरदेव कंस्ट्रक्शन साइट पर गोलीबारी के मामले में एक अपराधी गिरफ्तार



जानकारी देते एसपी

**ये अभियुक्तों हुए गिरफ्तार :** गिरफ्तार आरोपियों में गोलू कुमार वर्मा (23 वर्ष) पिता किशोरी वर्मा थाना चौक थाना जिला-रामगढ़। मिलन तुरी (23 वर्ष) पिता-लखन तुरी सा गिद्दी वाशरी कॉलोनी थाना गिद्दी जिला- हजारीबाग, ध्रुव उरांव (19 वर्ष) पिता बहादुर उरांव साध- आराकाटा का नम्बर कॉलोनी थाना माण्डू (कुजू) जिला-रामगढ़ व सुरज साव (21 वर्ष) पिता बिनोद साव निवासी दिगवार थाना-मांडू (कुजू) जिला-रामगढ़ शामिल है।

**हरदेव कंस्ट्रक्शन साइट पर गोलीबारी मामले में एक गिरफ्तार :** पतरातू थाना क्षेत्र के हरदेव कन्स्ट्रक्शन में गोलीबारी की घटना को लेकर में पतरातू थाना में दर्ज कांड स०-222 / 22 दिनांक 0612-22 धारा-386/387/34 भादवि एवं 27 आर्म्स एक्ट दर्ज किया गया है। इस घटना में पांडेय गिरोह के सदस्य गुड्डू राजवंशी उर्फ किष्टो उम्र 27 वर्ष पिता स्व. राम स्वरूप राजवंशी पता- शहीद चौक पतरातू थाना पतरातू जिला- रामगढ़ को गिरफ्तार किया गया है। उसकी निशानदेही पर कांड में प्रयोग किये गये हथियार एवं मोटर साईकिल को बरामद कर जब्त किया गया है।

**छापेमारी दल में थे शामिल :** रामगढ़ थाना कांड संख्या 309 / 22 के छापेमारी दल में पुअनि रघुनाथ सिंह, रामगढ़ थाना, पुअनि सोनु कुमार, रजरप्पा थाना, पुअनि शशि प्रकाश, रामगढ़ थाना, पुअनि अफजल अंसारी यातायात थाना रामगढ़, पुअनि प्यारे हसन, रामगढ़ थाना और रामगढ़ थाना के सशस्त्र बल शामिल रहे। वहीं, पतरातू थाना कांड संख्या 222 / 22 छापेमारी दल में पुअनि गौतम कुमार थाना प्रभारी पतरातु, पुअनि अमित कुमार पतरातु थाना, पुअनि सोनु कुमार साहू पतरातु थाना, मयंक प्रसाद भुरकुंडा ओपी सहित सशस्त्र जवान शामिल थे।

# सरकार सभी आवेदकों से वसूला गया पंजीयन शुल्क उन्हें वापस लौटाए: किशोरी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**हजारीबाग।** नव झारखण्ड फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष किशोरी राणा ने कहा झारखंड नियोजन नीति पूरे तरीके से त्रुटिपूर्ण थी जिसके कारण हाईकोर्ट ने इस आधार पर लिए जाने वाले सारे परीक्षाओं को रद्द कर दिया। सबसे पहले तो सरकार सभी आवेदकों से वसूला गया पंजीयन शुल्क उन्हें वापस लौट आने का व्यवस्था करें अथवा उसी पंजीयन संख्या से ही मुफ्त आवेदन करने की सुविधा उपलब्ध कराएं। नई नियोजन नीति में झारखंड के स्थानीय निवासियों के साथ-साथ झारखंड के प्रवासी मजदूरों के बच्चों का भी रखा जाए ताकि उनका भविष्य सुधर पाए। झारखंड राज्य में चयन प्रक्रिया के दौरान बड़ी धांधली होने की आशंका रहती है। नियमावली के साथ चयन प्रक्रिया को भी पारदर्शी बनाकर प्रतिस्पर्धा का समान अवसर सभी को उपलब्ध कराया जाए। खैर झारखंड में स्थानीय नीति आने के बाद स्थानीय के लिए सुदृढ अवसर रहेगा। श्री राणा ने ये भी कहा , की झारखंड जैसे संसाधन परिपूर्ण राज्य में छात्रों की पढ़ाई हेतु संपूर्ण संसाधन उपलब्ध कराना सरकार का नैतिक कर्तव्य है। शिक्षित युवा शिक्षित समाज का निर्माण करता है और युवाओं के शिक्षा में बाधक बन कर सरकार अपने ही समाज के विकास में अवरोधक का काम कर रही है। चुनावी दौर में बड़े-बड़े वादा तो होता है लेकिन चुनाव के बाद वादा और इरादा दोनों बदल जाता है। सरकार के ऐसे दोहरी मानसिकता कारण ही झारखंड गर्त में गिर चुका है। कभी किसानों के साथ अन्याय होता है कभी शहीदों के साथ तो कभी छात्रों के साथ तो कैसे बनेगा हमारा सोना झारखण्ड।

# राहुल गांधी पदयात्रा कर पूरे देश में मोहब्बत का दे रहे हैं पैगाम : उमाशंकर

## राहुल गांधी की पदयात्रा से भाजपा खेमा है खलबली: मन्नान

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरही।** प्रखंड कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में पूर्वी पंचायत भवन में प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी की अध्यक्षता में कार्यकारिणी की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में विधायक उमाशंकर अकेला की मौजूदगी में नवमनोनीत जिलाध्यक्ष शैलेंद्र कुमार यादव का स्वागत किया गया। कार्यकताओं को संबोधित करते हुए विधायक उमाशंकर अकेला ने 2024 के लोकसभा चुनाव में पार्टी की जीत सुनिश्चित करने के लिए कांग्रेस कार्यकर्ता और स्थायी नेताओं को सामूहिक रूप से बूथ स्तर से काम करने के लिए दिशा निर्देश दिया।उन्होंने लोगों को बताया पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी द्वारा देश को जोड़ने को लेकर पूरे भारत में भारत जोड़ो यात्रा पर को सार्थक बताया।



कांग्रेस कार्यकारणी बैठक में शामिल जिलाध्यक्ष, विधायक व अन्य

उन्होंने कहा कि भाजपा देश में नफरत फैला कर देश तोड़ रही है तो दूसरी तरफ राहुल गांधी पदयात्रा कर मोहब्बत का पैगाम दे रहे हैं। जिसके कारण भाजपा खेमा में खलबली मची है, इसलिये लोगों को भाजपा से सावधान रहने की अपील की। वहीं नवमनोनित जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र यादव ने कहा कि भाजपा देश में नफरत फैला रही है, देश में महंगाई भ्रष्टाचार चरम पर है। मगर भाजपा के खिलाफ आवाज उठाने वालों को सीबीआई, ईडी, पुलिस का डर दिखाकर चुप कराया जा रहा है मगर कांग्रेस पार्टी चुप बैठने वाली नहीं है। वहीं प्रखण्ड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी ने बताया कि कांग्रेस पार्टी के द्वारा लगातार जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। मोदी सरकार के जनविरोधी नीतियों से लोगों को अवगत कराया जा रहा है ताकि आने वाले समय में लोग एकजुट होकर भाजपा को मुंहतोड़ जवाब दे सके।धन्यवाद ज्ञापन प्रखण्ड उपाध्यक्ष यमुना प्रसाद यादव ने किया।

बैठक में जिला उपाध्यक्ष डॉ निजामुद्दीन अंसारी, 20 सूत्री प्रखण्ड अध्यक्ष इकबाल रजा, जिला मीडिया प्रभारी निसार खान, जिला महासचिव बिनोद यादव, विस विधायक प्रतिनिधि छट्ठू गोप, प्रखण्ड प्रतिनिधि सुनील साहू, रघुनंदन गोप, युवा नेता मनोहर यादव सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# अवैध कोयला उत्खनन के विरुद्ध सीसीएल सुरक्षा विभाग ने चलाया अभियान

**कुजू।** सीसीएल तोपा परियोजना के सुरक्षा विभाग द्वारा इन दिनों अवैध कोयला उत्खनन के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान में क्षेत्रीय सुरक्षा टीम का भरपूर सहयोग मिल रहा है। अभियान के तहत सीसीएल तोपा परियोजना अंतर्गत ग्राम बनवार, मंगरदहा व दूधमटिया में अवैध कोयला उत्खनन करने के लिए खोले गए कुल 6 मुहानों को जेसीबी के माध्यम से मिट्टी पत्थर डालकर बंद कराया गया। परियोजना के सुरक्षा प्रभारी रामप्रसाद बेदिया ने अभियान के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि उनका यह अभियान फिलहाल तब तक जारी रहेगा, जब तक की अवैध कोयला उत्खनन पर पूर्णरूपेण विराम नहीं लग जाता। इस अभियान में परियोजना के सुरक्षा प्रभारी रामप्रसाद बेदिया, सुरक्षाकर्मी कुंवर महतो, क्षेत्रीय सुरक्षा विभाग के होमगार्ड महिला पुरुष जवान आदि शामिल थे।

# अदाणी फाउंडेशन ने लगातार दो दिन लगाया निशुल्क हेल्थ चेकअप कैंप



**बड़कागांव।** गोंदलपुरा खनन परियोजना के तहत अदाणी फाउंडेशन ने शुक्रवार और शनिवार को लगातार निशुल्क हेल्थ चेक-अप कैंप का आयोजन किया। पहले दिन जहां 40 मरीजों का इलाज किया गया, वहीं दूसरे दिन शनिवार को 43 मरीजों की जांच की गई। अपने सीएसआर (कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी) कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को चपरी गांव में हजारीबाग के जेनरल फिजिशियन डॉक्टर आरके रंजन ने ग्रामीणों को कई तरह की चिकित्सकीय सुविधाएं निशुल्क प्रदान की। चपरी गोंदलपुरा पंचायत के सुदूर गांव में से है, जहां इस तरह के मेडिकल कैंप से ग्रामीणों को बहुत राहत मिली है। वहीं, शनिवार को हरली स्थित हरिजन मोहल्ले में हजारीबाग के जेनरल फिजिशियन डॉक्टर विजय कुमार ने 43 मरीजों की जांच की। इस दौरान डॉक्टर ने ग्रामीणों के ब्लड प्रेशर, वजन, धड़कन और नब्ज की जांच की और उनके सामान्य शारीरिक फिटनेस की जानकारी ली। कैंप में डॉक्टर ने दवाओं के साथ सभी ग्रामीणों को आवश्यक सलाह देते हुए उनका अक्षरशः अनुपालन करने का निर्देश दिया। डॉक्टर ने यह भी कहा कि ठंड के मौसम में लोग अपने साथ-साथ बच्चों का विशेष ध्यान रखें। उन्होंने कहा कि सर्दी, खांसी और जुकाम जैसे तरह-तरह के वायरल और दूसरी बीमारियों से बचने के लिए सावधानी बेहद जरूरी है उक्त आशय की जानकारी गोंदलपूरा कोल ब्लॉक के पीआरओ अनिमेष कुमार ने दी।

## युवती ने दहेज के लिए शारीरिक एवं मानसिक उत्पीड़न करने का लगाया आरोप

# पीड़िता ने एसडीपीओ व एसपी को दिया आवेदन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

बरही। ग्राम कुरजून थाना इटखोरी निवासी पूजा कुमारी पिता राजेंद्र राणा ने अपने पति राकेश राणा, सास, ससुर, भैसुर एवं गोतनी सभी ग्राम हजारी धमना थाना चौपारण जिला हजारीबाग निवासी पर दहेज के लिए शारीरिक एवं मानसिक उत्पीड़न, मारपीट एवं जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने अपने एक रिश्तेदार के यहां पत्रकारों के सामने अपना पक्ष रखते हुए बताया कि उनका शादी छह माह पूर्व हजारी धमना निवासी राकेश शर्मा पिता कैलाश शर्मा के साथ हिंदू रीति रिवाज के अनुसार हुई थी। शादी के समय उनके पिता राजेंद्र राणा द्वारा यथासंभव दान दहेज भी दिया गया था, लेकिन उनके पति एवं सास ससुर ने शादी के एक सप्ताह के अंदर ही उनसे अतिरिक्त दहेज के लिए उनके साथ मारपीट एवं शारीरिक व मानसिक उत्पीड़न करना प्रारंभ कर दिया। जिसके लिए कई बार सामाजिक रुप से बैठक हुई एवं समझौता हुआ लेकिन उनके पति एवं सास ससुर द्वारा उन्हें प्रताड़ित करने का कार्य बदस्तूर जारी रखा। स्थिति को देखते हुए पीड़िता ने मजबूरन उनके खिलाफ हजारीबाग न्यायालय में शिकायत दर्द करवाया।अनुसंधान के पश्चात चौपारण थाना में कांड संख्या 271 दर्ज हुआ, लेकिन उनके पति द्वारा उक्त वाद से मुक्ति के लिए लगातार उन्हें एवं उनके रिश्तेदारों को कॉल कर जान से मारने की धमकी दे रहे है। साथ ही उनका कुछ फोटो, वीडियो एवं ऑडियो वायरल कर उनका व्यक्तिगत गोपनीयता को भंग करने का प्रयास किया जा रहा है। उक्त मामले को लेकर पीड़िता ने बरही एसडीपीओ व हजारीबाग एसपी को आवेदन देकर पति के खिलाफ जल्द से जल्द कानूनी कार्यवाही करते हुए कठोर से कठोर दण्ड देने का मांग किया है और स्वयं एवं अपने रिश्तेदारों की सुरक्षा की मांग की है। इधर युवक से उनका पक्ष जानने का प्रयास किया गया तो उन्होंने आरोप को बेबुनियाद बताया।



पीड़ित व पीड़ित परिवार पत्रकारों से बात करते

# गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय हजारीबाग में दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का समापन

## राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में भारतीय ज्ञान की परंपरा समाहित : प्रो. गोपाल कृष्ण ठाकुर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का समापन 17 दिसंबर को देश के विभिन्न राज्यों से पहुंचे शिक्षाविदों के विचार मंथन के साथ हो गया। बतौर मुख्य अतिथि दूसरे दिन के सत्र का उद्घाटन करते हुए सेंट्रल यूनिवर्सिटी वर्धा, महाराष्ट्र के डीन प्रोफेसर गोपाल कृष्ण ठाकुर ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में भारतीय ज्ञान की परंपरा समाहित है। इसके काफी समृद्ध दृष्टांत हैं। एनईपी से नौनिहालों को लाभान्वित करने के लिए शिक्षकों को अपनी भूमिका तलाशते हुए ईमानदारी और समर्पित भाव से अपना दायित्व निर्वहन करना होगा। आज एनईपी 2020 से विश्वगुरु बनने का लक्ष्य है। बतौर विशिष्ट अतिथि चौहान कॉलेज ऑफ एजुकेशन बरकातुल्लाह यूनिवर्सिटी, भोपाल की प्रिंसिपल डॉ वीणा झा ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के दूरगामी परिणाम आएंगे। इस नीति के तहत आज के युवाओं को रोजगारपरक शिक्षा देनी है। शिक्षा को सुगम बनाया जा रहा है और विद्यार्थियों का स्किल डेवलपमेंट किया जा रहा है। धर्म समाज कॉलेज राजा महेंद्र प्रताप सिंह यूनिवर्सिटी, अलीगढ़ के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ उमेंद्र सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति अर्थपूर्ण और रोजगारपरक शिक्षा है। भविष्य में इसके बेहतर परिणाम देखने को मिलेंगे। तकनीकी प्रस्तुति देते हुए विभावि एमएड विभाग के डॉ मृत्युंजय प्रसाद ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में भारत की वही पुरातन संस्कृति का प्रवाह है, जिस कारण यह विश्वगुरु था। बस जरूरत है इसे नए परिवेश और आयाम से जोड़ने की कोशिश हो। संत कोलंबा कॉलेज हजारीबाग के सहायक प्राध्यापक डॉ जयप्रकाश रविदास ने कहा कि इस शिक्षा नीति से बच्चों को उनके सपनों को उड़ान मिलेगा। राष्ट्रीय सेमिनार को मैक्स इंस्टीच्यूट ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग बिजुलिया, रामगढ़ के प्राचार्य डॉ आनंद किशोर और दौलत महतो बीएड कॉलेज बनासो, विष्णुगढ़ के प्राचार्य डॉ सुनील कुमार चतुवेर्दी ने भी संबोधित किया। इससे पहले गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, हजारीबाग प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष मनोज कुमार ने अतिथियों के सम्मान में स्वागत भाषण दिया। फिर सचिव मिथिलेश मिश्र के साथ अतिथियों को शॉल और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। अतिथियों ने प्रमाण पत्र वितरण किया। मंच संचालन बीएड की सहायक प्राध्यापक कुमारी अंजली और डॉ बसुंधरा कुमारी ने किया। मौके पर उज्ज्वल भारत ट्रस्ट के उपाध्यक्ष अजय कुमार सिंह, गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अरविंद कुमार, बीएड व डीएलएड के व्याख्याता, प्रशिक्षु और शिक्षकेत्तर कर्मी मौजूद थे।

## देश के विभिन्न राज्यों से पहुंचे शिक्षाविदों ने एनईपी 2020 पर किया विचार मंथन



दीप प्रज्वल्लित करते मुख्य अतिथि व अन्य

## इस शिक्षा नीति के आएंगे दूरगामी परिणाम : डॉ वीणा झा

## एक नजर में

### वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिता का उद्घाटन

**दारू।** इरगा पंचायत के बड़वार में स्तिथ छत्रपति शिवाजी +2 उच्च विद्यालय में वार्षिक खेल खुद प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ शनिवार को किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्घाटन सांसद प्रतिनिधि सुरेश प्रसाद , पंचायत की मुखिया अनिता देवी और विद्यालय के निर्देशक सह प्रधानाध्यापक सिकंदर यादव ने संजुक्त रूप से फीता काटकर किया।वार्षिक खेल प्रतियोगिता के शुभारम्भ के बाद मौजूद अतिथियों पर पुष्प वर्षा कर मंच तक लाया गया। अतिथियों के स्वागत में बुके देने के बाद स्कूली बच्चीयों के द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया।इस बारे में विद्यालय के प्रधानाध्यपक ने बताया की कोविड काल के कारण पिछले दो वर्षों से खेल कूद प्रतिगोगिता का आयोजन नही हो सका था इसलिए इस बार विद्यालय प्रबंधन के द्वारा भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में जेआरबी मेमोरिअल उच्च विद्यालय और विवेकानंद उच्च विद्यालय के छात्र छात्राएं भी शामिल है। प्रतियोगिता में ऊंची ,लंबी कूद, खो खो, कबड्डी, दौड़, बॉलीबॉल आदि के खेल शामिल है। यह प्रतियोगिता दो दिवसीय है जिसका समापन रविवार को होगा। इस प्रतियोगिता में जीतने वाली टीम को ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया जाएगा।इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि ने प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले बच्चों का हौसला बढ़ाते हुए उन्हें पढ़ाई के साथ साथ खेल खुद में बेहतर करने को कहा जिससे उनका शारीरिक और मानसिक विकाश भी हो सके। मुखिया अनिता देवी ने विद्यालय प्रबंधन को वार्षिक खेल खुद प्रतियोगिता के बेहतर आयोजन के लिए बधाई दी। इस कार्यक्रम में रामचन्द्र ठाकुर, गंगासागर, आशीष चौरसिया, नंदकिशोर सिंह,अनिता शर्मा, विक्रांत कुमार, सुबोध कुमार, राज खान, संतन कुमार, नासरीन खातून,भुनेश्वर यादव मनोरंजन यादव, महावीर यादव, आदि शामिल थे।

### पंकज कुमार का अंडर 14 जिला स्तरीय क्रिकेट टीम में हुआ चयन, बधाईयों का लगा तांता

**दारू।** प्रखंड क्षेत्र के पुनाई पंचायत के जरगा निवासी पूर्व बीससूत्री उपाध्यक्ष सह पूर्व सांसद प्रतिनिधि अजित कुमार के पुत्र पंकज कुमार का चयन अंडर 14 जिला स्तरीय क्रिकेट टीम में हुआ है।यह खिलाड़ी अपने टीम के साथ 18 दिसंबर को गोड्डा में अपना पहला मैच खेलेगा। क्रिकेट कोच रंजीत सिन्हा एवं मनोहर सिंह ने बताया कि हजारीबाग में आयोजित चयन ट्रायल में पंकज कुमार जौहर दिखा कर अपना प्रदर्शन कर चयनकताओं का दिल जीतते हुए अंडर 14 क्रिकेट टीम में अपना स्थान पक्का किया। पंकज के जिला में चयन होने से प्रखंड क्षेत्र के लोगों में काफी खुशी देखी जा रही है और उनके घर बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। पंकज एक बहुत प्रतिभावान खिलाड़ी है और उसने कठीन मेहनत से चयन होने में सफलता पाई है। पंकज के पिता एक जाने माने समाजजसेवी है उनका कोर्रा चौक में मोबाइल की दुकान है।बरकट्ठा विधानसभा के विधायक अमित यादव ने उसकी सफलता पर हर्ष ब्यक्त करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। पुनाई पंचायत के मुखिया अनिल कुमार देव ने उसके जिला टीम में चयन होने पर बधाई देते हुए कहा कि पंकज ने पंचायत के साथ पूरे प्रखंड और जिला में अपना नाम रौशन किया है उन्हें उम्मीद है कि वह जिला से ऊपर उठकर राज्य स्तर की टीम में उनका चयन होगा।पंकज के पिता अजित कुमार ने बताया कि पुत्र के चयन होने पर गर्व महसूस हो रहा है । खेल में जितना आगे बढ़ना चाहेगा मेरा हर समय पूरा सहयोग रहेगा । उसकी उपलब्धि को लेकर बधाई देने वालो में प्रदीप यादव, राजकुमार यादव,राजेश कुमार, सावन कुमार, रंजीत कुमार सिन्हा, सुनील कुमार, दीपक देव, गोपाल देव आदि शामिल थे।

### खेल मैदान पर दबंगो का कब्जा, ग्रामीण पहुंचे अंचल

**बरही।** प्रखण्ड के खोड़ाहर पंचायत अंतर्गत पांचमाइल के सार्वजनिक खेल मैदान को कुछ लोगो के द्वारा साजिस के तहत दबंगई कर कब्जे में ले लिया है।मजबूरन ग्रामीणों ने अंचलाधिकारी को आवेदन देकर करवाई करने की मांग किया है।इस बाबत ग्रामीणों ने बताया कि वर्षो से खेला जा रहा खेल मैदान पांचमाइल में गांव के एक परिवार द्वारा उक्त मैदान को निजी कार्य के लिए जोत आवाद कर दिया गया है। उक्त शिकायत को लेकर ग्रामीणों ने दर्जनों की संख्या में आकर अंचल अधिकारी को लिखित आवेदन 29 नवंबर 2022 को दिया था।परंतु कोई कार्यवाई नहीं होने पर पुनः 17 दिसंबर को अंचल अधिकारी से मुलाकात करते हुए कहा कि झारखंड सरकार के द्वारा आदिवासियों को सारे सुख सुविधा मुहैया कराने को कहा जाता है परंतु स्थानीय अधिकारी सरकार के सभी बातों को ताक पर रखकर कार्य करते है। आखिर आदिवासी परिवार का इसमें क्या दोष है, जो वर्षो से खेला जा रहा खेल मैदान को निजी व्यक्ति द्वारा जोत आवाद करने के बाद भी कई बार अंचल का कार्यालय का चक्कर लगाना पड़ रहा है।बावजूद उक्त आवेदन के आधार पर अधिकारियों द्वारा कोई कार्यवाही नही किया गया है। आदिवासी परिवार से पूछे जाने पर आदिवासी परिवार काफी आक्रोश में दिखे और अविलंब कार्रवाई नहीं होने पर उन्होंने बहुत जल्द अंचल कार्यालय के पास धरना देने के बात भी कही। मौके पर दिलीप एक्का, सुनील उरांव, बुधुवा बाड़ा, अजय एक्का समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### कंबल व चावल का किया गया वितरण

**बरही।** प्रखंड के केवाल बिरहोर टोला में सामाजिक कार्यकर्ता आकाश जायसवाल समेत बरही के अन्य सामाजिक कार्यकताओं ने जरूरतमंदों के बीच पहुंचकर बढ़ती ठंड को देखते हुए कंबल का वितरण किया। सामाजिक कार्यकर्ता आकाश जयसवाल ने कहा कि कंबल वितरण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज के जरूरतमंदों को ठंड से राहत पहुंचाना है। कहा कि इस साल अन्य वर्ष की अपेक्षा कुछ ज्यादा ही सर्दी पड़ रही है, जिससे गरीबों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसलिए समाज के सभी लोगों को इनकी मदद के लिए आगे आना चाहिए। श्री जायसवाल ने कहा कि सर्दी अपने चरम पर है और समाज में अभी भी ऐसे कई लोग हैं जो गर्म कपड़ों, स्वेटर और कंबल से मोहताज हैं। हमारी कोशिश है कि हम ऐसे जरूरतमंद लोगों को इस कड़ाके की ठंड में उनके हिस्से की गर्माहट दे सकें। मौके पर अशोक ठाकुर, महेंद्र निषाद, सेराज अंसारी, संजय साव, सुनील राणा मौजूद थे।

### पशुओं को रोग मुक्त करने को लेकर 65,000 टिका व कीट का वितरण

**बड़कागांव।** बड़कागांव के पशु चिकित्सालय में राष्ट्रीय रोग नियंत्रण के तहत पशुओं को विभिन्न बीमारियों से बचाने के लिए बड़कागांव के 13 टीका कर्मियों एवं केरेडारी प्रखंड के 8 टीका कर्मियों के बीच कीट एवं टीका का वितरण किया गया।पशुपालन प्रभारी लाइस राम गोसाई सिंह ने बताया कि बड़कागांव में 40,000 टीका एवं केरेडारी प्रखंड के लिए 25,000 टीका व कीट टीका कर्मियों को दिया गया जिसमें से बड़कागांव के टीका कर्मी अरविंद गोप, नितेश कुमार, आशीष कुमार, अरविंद कुमार, छठु महतो, दिनेश महतो,रंजन कुमार, उदय कुमार, दिलीप कुमार दांगी, राजेंद्र प्रसाद, रवी शंकर प्रसाद, केरेडारी के टिका कर्मी छोटू यादव, फूलचंद प्रसाद कुशवाहा, अशोक कुमार महतो, नागेश्वर महतो, प्रभु कुमार, वीरेंद्र कुमार रजक, सरिता कुमारी, प्रमोद कुमार साव को टिका, कीट व दवाइयां दिया गया। इन कर्मियों द्वारा बड़कागांव एवं केरेडारी प्रखंड में पालतू पशुओं को टिका दिया जाएगा। ताकि पशुओं को बीमारी से बचाया जा सके।

### जंगली हाथी ने एक ग्रामीण के घर को किया क्षतिग्रस्त

**चरही।** चरही वन क्षेत्र के रौवता गांव में बीते रात को झुंड से बिछड़े एक जंगली हाथी ने जमकर उत्पात मचाया।तथा उक्त गांव के निवासी सदन मांझी के घर को क्षतिग्रस्त कर दिया।हाथी के आक्रमक रुख को देख ग्रामीण भयभीत है।ग्रामीणों का कहना है कि यह जंगली हाथी विगत कई दिनों से रौवता और लुकैया के जंगलों में डेरा जमाए हुए है।बीते रात कजरी के लगनाबेड़ा में एक जंगली हाथी को विचरण करते देखा गया था।इस संबंध में वनरक्षी अजय कुमार से पूछे जाने पर बताया कि झुंड से बिछड़े एक जंगली हाथी कई दिनों से रौवता और लुकैया के जंगलों में भटक रहा है।ग्रामीणों को जंगल नही जाने का निर्देश दिया गया है। जब तक कि जंगली हाथी को यहां से खदेड़ नही दिया जाता है।

## स्पीड न्यूज

### एसडीओ व प्रशिक्षु आईएएस ने किया सदर अस्पताल का निरीक्षण

**गुमला।** अनुमंडल पदाधिकारी रवि जैन व प्रशिक्षु आईएएस के द्वारा शुक्रवार की रात सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रतिनियुक्त डॉक्टर उपस्थित पाये गये। निरीक्षण कर दोनों अधिकारी व्यवस्था से संतुष्ट नजर आये। एसएनसीयू वार्ड में निरीक्षण के दौरान बिजली की समस्या पायी गई।

### शिक्षकों को उपहार देकर किया गया सम्मानित

**घाघरा।** वेस्कोट पब्लिक स्कूल घाघरा के निदेशक विक्की एंथोनी ने विद्यालय परिसर में शनिवार को सभी शिक्षक शिक्षकेतर कर्मचारियों को क्रिसमस व नया साल के शुभ अवसर पर उपहार देकर सम्मानित किया। इस मौके पर विक्की एंथोनी ने कहा प्रत्येक वर्ष विद्यालय की ओर से शिक्षक शिक्षकेतर कर्मियों के बीच क्रिसमस व नए वर्ष को लेकर उपहार देकर सम्मानित किया जाता है।

### सीमेंट से लदा ट्रक पलटा, चालक घायल

**गुमला।** पालकोट थाना क्षेत्र के पिंजराडीपा पुल के समीप सीमेंट से लदा ट्रक अनियंत्रित होकर जा पलटा। जिसमें चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी देते हुए घायल चालक योगेंद्र यादव ने बताया कि ट्रक में सिमेंट लोड कर राउरकेला से बालूमाथ जा रहा था। जहां पुलिस के द्वारा घायल चालक को पालकोट उप स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने बताया कि घायल चालक को सर सहित कई जगह में चोट लगी है।

### ट्रेलर व पिकअप की सीधी भिड़ंत में पिकअप चालक की मौत

**गुमला।** गुमला थाना क्षेत्र के लांजी भरदा के समीप शनिवार को ट्रेलर व पिकअप वाहन में सीधी भिड़ंत हो गई। जिसमें पिकअप चालक की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी के अनुसार पत्थलगांव सुसडेगा निवासी 35 वर्षीय कैलाश यादव पिकअप में जसपुर से टमाटर लेकर रांची जा रहा था। इसी क्रम में लांजी भारदा के समीप रांची की ओर से आ रहे ट्रेलर ट्रक से पिकअप की भिड़ंत हो गई। आसपास के लोगों ने बताया कि दोनों गाड़ी की आपस में भिड़ंत इतनी जोर से हुई कि पिकअप के परखच्चे उड़ गये। जिसमें दबकर चालक कैलाश की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। वही घटनास्थल पहुंचे पुलिस टीम ने कटर मशीन मंगा कर पिकअप का चदरा काटते हुए बड़ी मशक्कत से चालक के शव को बाहर निकाला। जिसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर सदर अस्पताल गुमला पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया गया।

### उदरंगी गांव में शीघ्र नया ट्रांसफार्मर लगाया जाएगा : आलोक

**लोहरदगा।** जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष आलोक कुमार साहू शनिवार को भंडरा प्रखंड के उदरंगी गांव पहुंचकर वहां के ग्रामीणों से रूबरू हुए। मौके पर ग्रामीणों ने श्री साहू को बताया कि उदरंगी मुस्लिम टोला में विगत 15 दिन पूर्व 100 केवी का ट्रांसफार्मर जल गया है जिसके कारण यहां की जनता अंधेरे में रहने को मजबूर है। इसलिए जल्द से जल्द नया ट्रांसफार्मर लगाने की मांग किये।

### रक्तदान कर मरीज की बचाई जान

**लोहरदगा।** सेन्हा प्रखंड के सेरेंगहातु तोडार निवासी बंधन खेरवार की मां राजपली देवी बीएस कॉलेज स्थित नीलकमल हॉस्पिटल में इलाजरत डॉक्टर ने खून की कमी बताई। मरीज के शरीर में मात्र चार पॉइंट ही ब्लड मौजूद था। स्थिति काफी गंभीर होने की वजह से परिवार के लोग काफी परेशान थे वे जय श्री राम समिति से संपर्क किया। समिति ने तत्काल पहल करते हुए जिला कोषाध्यक्ष सुनील अग्रवाल ने एक यूनिट ब्लड देकर गरीब मरीज की जान बचाई। मौके पर जिला संरक्षक अजय सोनी जिला कार्यकारी अध्यक्ष ओम महतो, नंदलाल खेरवार, बिक्की कुमार साहू आदि लोग मौजूद थे।

### डुमरी के बासा नदी से ट्रैक्टर में अवैध बालू का उठाव कर भेजा जा रहा है छतीसगढ़ राज्य

# बालू का अवैध उठाव, पत्थर चिप्स की भी हो रही है तुड़ाई

### दिन के उजाले में भी चलता है अवैध उत्खन्न का खेल, प्रशासन बना मुक दर्शक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** गुमला जिला के डुमरी प्रखंड से बड़े पैमाने पर बासा नदी से बालू का अवैध उत्खन्न कर छतीसगढ़ राज्य भेजा जा रहा है। प्रखंड में बालू के अवैध उत्खन्न में कई लोग सक्रिय हैं। प्रखंड प्रशासन को बासा नदी से अवैध बालू का उठाव होने की जानकारी होने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं किया जाना अचरज में डालता है। प्रखंड प्रशासन मुक दर्शक की भूमिका में दिखलाई पड़ती है क्योंकि अवैध उत्खन्न के बाद भी कार्रवाई न हो


बासा नदी से ट्रैक्टर में बालू का अवैध किया गया उठाव

इसी ओर इशारा करती है। दिन के उजाले में बासा नदी में ट्रैक्टर खड़ा कर प्रतिदिन कई ट्रैक्टर बालू झारखंड की सीमा को पार कर छतीसगढ़ भेजा जा रहा है। इसे झारखंड सरकार को राजस्व का हानि हो रही है। डुमरी प्रखंड के साथ-साथ चैनपुर व रायडीह प्रखंड में भी बिना किसी नदी के बंदोबस्ती के बालू का दोहन किया जा रहा है। इन क्षेत्रों में बालू के अलावे अवैध ईंट भट्ठा व क्रशर भी संचालित है। बालू के साथ-साथ छतीसगढ़ राज्य पत्थर चिप्स भी भेजा जा रहा है। वहीं जारी प्रखंड के कई क्षेत्रों में बंगला भट्ठा भी संचालित किया जाता है। कहा जाए तो पूरे चैनपुर अनुमंडल क्षेत्र में बालू, चिप्स व अवैध ईंट भट्ठों का संचालन किया जा रहा है। जो सबकुछ आंखों के सामने स्पष्ट दिखलाई पड़ता है लेकिन ऐसे अवैध कार्यों पर शायद लगाम लगाना मुश्किल दिखलाई पड़ता है। हालात यह है के पीएम आवास निर्माण कार्य के लिए भी स्थानीय लोगों को ट्रैक्टर मालिकों व हाईवा मालिकों को मोटी रकम देनी पड़ रही है। सरकार द्वारा बालू घाटों की बंदोबस्ती की प्रक्रिया चल रही है लेकिन अभी तक बंदोबस्ती का कार्य पूरा नहीं हो पाया है। बालू बंदोबस्ती का कार्य पूरा हो या न हो अवैध उत्खन्न कार्य में लगे लोग बालू से सोने निकालने में महारत हासिल कर चुके हैं। वे बालू का अवैध उत्खन्न कर मालामाल हो रहे हैं। वहीं नदियों से लगातार बालू के दोहन से हमें प्राकृतिक आपदाओं का भी सामना करना पड़ा रहा है। नदियां अत्याधिक बालू निकासी के कारण समय से पूर्व सुख जा रही है। जिसके कारण पशुओं को भी नदियों से पानी नसीब नहीं हो पा रहा है।

### धरातल पर सोलर जलापूर्ति योजन का हाल है बुरा

## खराब पड़ा है जलापूर्ति का मशीन, ग्रामीण परेशान


सारू गांव का बेकार पड़ा सोलर जलापूर्ति योजना

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** गुमला सदर प्रखंड के सारू गांव में लगा सोलर जलापूर्ति योजना के लंबे समय से खराब रहने के कारण लोगों को पेयजल समस्या से झूजना पड़ रहा है। गांव के ग्रामीणों ने बताया कि जब सोलर जलापूर्ति योजना लगा था तो गांव के लोग खुश थे कि अब उनको पेयजल की समस्या से छुटकारा मिल गया है। लेकिन छः माह बाद सोलर जलापूर्ति योजना का मशीन खराब हो गया और लोग पानी के लिए परेशान हो उठे। ग्रामीणों ने कई बार विभाग को जलापूर्ति योजना को चालू कराने के लिए गुहार भी लगाया लेकिन अब तक समस्या का समाधान नहीं हो पाया है। ज्ञात हो कि गुमला जिले में लगे अधिकांश सोलर जलापूर्ति योजना हाथी का दांत साबित हो रहा है। कहीं छः माह तो कहीं साल भर जलापूर्ति के बाद सभी स्थानों पर मशीन व अन्य खराबी के कारण लोगों को पानी नहीं मिल पा रहा है। लोग जलापूर्ति योजना चालू करने की विभाग से मांग भी करते हैं लेकिन विभाग कभी भी ग्रामीणों की फरियाद को नहीं सुनता है। लाखों रूपये खर्च कर घर-घर तक पानी पहुंचाने की योजनाओं का धरातल पर बुरा हाल है। ऐसा कहा जाता है कि अधिकांश स्थानों पर मानक के अनुरूप मशीन या सामग्री नहीं लगाया गया है। जिसके कारण कुछ माह में ही योजना ठप पड़ जा रही है। जबकि पांच सालों तक योजना की देखरेख की जिम्मेवारी सोलर जलापूर्ति लगाने वाली कंपनी की है लेकिन कंपनी के लोग जलमीनार लगाकर मशीन चालू करने के बाद कभी उस दिशा में पलट कर भी नहीं देखते हैं कि ग्रामीणों को पानी मिल रहा है की नहीं।

## समाज को आगे बढ़ाने के लिए विज्ञान रूपी ज्ञान जरूरी है: बीडीओ

### एकेडमी रन्हे घाघरा में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**घाघरा।** चिल्ड्रन एकेडमी रन्हे घाघरा में शनिवार को बच्चों में वैज्ञानिक सोच पैदा करने व उनके हौसलों को उड़ान प्रदान करने के लिए विज्ञान प्रदर्शनी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विज्ञान प्रदर्शनी में एक बच्चे ने जेट इंजन बनाकर अपनी कला का बखूबी प्रदर्शन किया। जेट इंजन के उपयोग और उसको संचालित करने की तकनीक का अपने प्रदर्शनी में बच्चे ने उल्लेख कर बताया। प्रदर्शनी में स्कूल के दसवीं कक्षा के छात्र निशांत कुमार के द्वारा जेट इंजन, सिमरन ग्रुप ने पदार्थ के सूक्ष्म कणों को दशार्या, विखंडन अभिक्रिया का प्रयोग किया, क्लास नौवीं के विद्यार्थियों द्वारा पृथ्वी की घूर्णन गति एवं परिक्रमा, भूकंप व सूक्ष्मदर्शी को दशार्या। वहीं कक्षा आठवीं के विद्यार्थियों ने डांसिंग लाइट इलेक्ट्रिकल हीटर बायोगैस विस्थापन अभिक्रिया को प्रदर्शित किया। वहीं सातवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने भूकंप, सौर ऊर्जा, जल चक्र व विद्युत हीटर बनाकर अपने विज्ञान सोच का भी प्रदर्शन किया। विज्ञान प्रदर्शनी का मुख्य अतिथि बीडीओ विष्णु देव कच्छप, विशिष्ट अतिथि सीओ प्रणव


विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन करते बीडीओ



विज्ञान प्रदर्शनी कार्यक्रम को संबोधित करते अंचलाधिकारी

ऋतुराज, दुर्जय पासवान, दीपक वर्मा, मुकेश सोनी व अनिरुद्ध चौबे के अलावे अतिथियों ने लोकन किया और विद्यार्थियों की प्रशंसा की। इस दौरान बीडीओ ने कहा चिल्ड्रन एकेडमी स्कूल द्वारा विद्यार्थियों का विज्ञान के प्रति झुकाव एवं कोशिश बहुत सराहनीय है। उन्होंने विद्यार्थियों को सुझाव देते हुए कहा कि विज्ञान प्रदर्शनी का मतलब सिर्फ भौतिक रसायन व जीव विज्ञान के अलावा आज समाज को आगे बढ़ाने के लिए विज्ञान रूपी ज्ञान की आवश्यकता है। सीओ ने कहा सभी नन्हे वैज्ञानिक है जिन्होंने अपने प्रदर्शन एवं विज्ञान प्रदर्शन से हमें मंत्रमुग्ध कर दिया है। इस मौके पर मुख्य रूप से बीडीओ विष्णु देव कच्छप, प्रणव ऋतुराज, अनिरुद्ध चौबे, अजय कुमार साहू, मिथिलेश महापात्रा, विजय कुमार साहू, सुशील टोप्पो, प्रवीण कुमार, रेशमा कुमारी, सोनाली कुमारी, निधि कुमारी, राहुल कुमार व मनोज साहू सहित कई लोग मौजूद थे।

### उपायुक्त की अध्यक्षता में खेल मद से संबंधित समीक्षात्मक बैठक संपन्न

## विभिन्न खेलों के लिए एक एक नोडल पदाधिकारी का करें चयन: उपायुक्त

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** उपायुक्त सुशांत गौरव की अध्यक्षता में खेल मद से संबधित समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त ने खेल मद में प्राप्त आवंटनों से किए जाने वाले कार्यों की समीक्षा की। उपायुक्त ने खेल नीति को बढ़ावा देने हेतु क्रिकेट एवं अन्य खेलों के लिए भी बच्चों के बीच टूनामेंट करवाने की बात कही। उपायुक्त ने जल्द ही एक क्रिकेट मैच का आयोजन करने का निर्देश दिया। साथ ही क्रिकेट से संबंधित सभी खेल सामग्रियों को स्पोर्ट्स बैंक में रखने की भी बात कही। उपायुक्त ने समय से सभी कोच, प्रशिक्षक,


बैठक में निर्देश देते उपायुक्त व उपस्थित अधिकारी

खिलाड़ियों की छात्रवृत्ति एवं कर्मियों को वेतन भुगतान करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक माह का वेतन नियमानुसार मासिक रूप से होनी चाहिए विलंब होने पर दोषी खेल विभाग को ठहराया जाएगा। उन्होंने विभिन्न खेलों के लिए एक एक नोडल पदाधिकारी का चयन करने का निर्देश दिया। उन सभी नोडल पदाधिकारियों की जिम्मेदारी होगी की संबंधित खेल का टूनामेंट समय से हो सके। उपायुक्त ने अब तक जिले में हुए प्रतियोगिता की भी समीक्षा की। उन्होंने और भी टूर्नामेंट कराने की बात कही। उपायुक्त ने अल्बर्ट एक्का स्टेडियम एवं तेलंगा खड़िया स्टेडियम के बीच बारह हजार लीटर की टंकी का स्ट्रक्चर बनाने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने डे बोर्डिंग को बेहतर करने की दिशा में एक बेहतरीन योजना तैयार करते हुए अधोहस्तक्षर कार्यालय में प्रस्ताव समर्पित करने का निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा की डे बोर्डिंग छात्रावास के बाहर भी एक शौचालय एवं चेंजिंग रूम का निर्माण करे ताकि बाहर से आकर खेलने वाले बच्चों को दिक्कत ना हो। साथ ही छात्रावास के अंदर मल्टी जिम का प्रस्ताव बनाने का निर्देश दिया। छात्रावास में रहने वाले बच्चों का प्रत्येक माह डिटेल्स एंट्री करने की बात कही ताकि उन्हें मिलने वाली राशि का समय से वितरण किया जा सके। उन्होंने एथलेटिक्स , हॉकी, क्रिकेट आदि खेलों के लिए भी मैदान बनाने की बात कही। उपायुक्त ने एक महिला एवं एक पुरुष का असिस्टेंट कोच के रूप में बहाली करने का निर्देश दिया। बैठक में मुख्य रूप से डीडीसी गुमला हेमंत सती, एसडीओ गुमला रवि जैन, सहायक समाहर्ता आशीष गंगवाल, जिला नजारत उप समाहर्ता, जिला खेल पदाधिकारी हेमलता बुन के अलावा अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

### बाल विद्यावेश्म में तीन दिवसीय खेल कूद प्रतियोगिता संपन्न

## खेल कूद से बच्चो में होता है सर्वांगीण विकास : एसडीओ


कार्यक्रम में मौजूद अतिथि

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** बाल विद्यावेश्म विद्यालय में तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का समापन शनिवार को हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल एवं विशिष्ट अतिथि डॉक्टर गणेश प्रसाद मौजूद थे। एसडीओ अरविंद कुमार लाल ने कहा कि बाल्यावस्था से ही बच्चों में विभिन्न खेलों के प्रति उत्साहित एवं प्रोत्साहित करना चाहिए। इससे बौद्धिक क्षमता, शारीरिक स्वास्थ्य बढ़ती है। इसके अतिरिक्त बच्चों का रुझान खेल एवं पढ़ाई में सदैव लगा रहता है। इसके माध्यम से हम अपने बच्चों को सशक्त नागरिक बनाकर देश की सेवा में लगा सकते हैं। विशिष्ट अतिथि डॉक्टर गणेश प्रसाद ने कहा कि दीघार्यु एवं स्वस्थ जीवन खेल के माध्यम से ही संभव है। खेल बच्चों को रोगमुक्त करता है। कार्यक्रम में विजेता बच्चो को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत भी किया गया।

## एक नजर में

### रात्रि पाठशाला में आयोजित किया गया क्विज प्रतियोगिता

**गुमला।** मिशन बदलाव सदस्य बुद्धेश्वर उरांव भरनो प्रखंड के सूपा में संचालित रात्रि पाठशाला कार्यक्रम में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया। जिसमें सभी बच्चों ने शानदार प्रदर्शन किया। बच्चों को पढ़ाई के स्तर के आधार पर तीन ग्रुप में बांटा गया और तीनों ग्रुप से दस-दस प्रश्न पूछे गये। जिसमें पहला ग्रुप में शिवम उरांव दस में से कुल नौ प्रश्न सही बनाए। दूसरा ग्रुप में शिवानी कुमारी दस में से कुल नौ प्रश्न व तीसरा ग्रुप में अमित उरांव दस में से कुल नौ प्रश्न बनाया। मिशन बदलाव के बुद्धेश्वर टोप्पो ने बताया कि तीनों ग्रुप में अच्छा प्रदर्शन करने वाला बच्चों को पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किए। जिससे कि बच्चो को प्रतियोगिता के प्रति उत्साह बना रहे और बाकि बच्चों को निराश नहीं होने को कहा।

### महत्वाकांक्षी योजना को लेकर कार्यशाला का आयोजन

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड के मालम पंचायत भवन में शनिवार को मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, सर्वजनिक पेंशन योजना एवं दिव्यांग पेंशन योजना को लेकर बीडीओ की अध्यक्षता में एक दिवसीय कार्यशाला हुआ। कार्यशाला में बीडीओ ने कहा कि सरकार की मंशा है कि इन योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक लोगों को दिया जाए ताकि कोई भी लाभुक वंचित न रहे है। उन्होंने कहा कि गांव-गांव में जाकर लोगों को योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा इस कार्यक्रम का आयोजन बारी-बारी से प्रत्येक पंचायत में किया जाना है। उन्होंने ने कहा कि मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, सार्वजनिक पेंशन योजना एवं दिव्यांग पेंशन योजना के तहत 15 आवेदन जमा हुए हैं। सभी आवेदनों को पर जल्द कार्रवाई कर आवेदनकर्ता को लाभ दिया जाएगा।

### अज्ञात वाहन के धक्के से स्कूटी सवार एक युवक की मौत, एक घायल, रिम्स रेफर

**गुमला।** गुमला थाना क्षेत्र के खरका नदी पुल के टर्निंग में अज्ञात वाहन के धक्के से स्कुटी सवार दो युवक अनियंत्रित होकर गिर गये। वाहन के धक्के से स्कुटी में सवार दोनों युवक काफी दूर जा गिरे। इस घटना में लोहरदगा जिला के सेन्हा थाना क्षेत्र के बक्शीडीपा गांव निवासी नंदलाल उरांव का 16 वर्षीय पुत्र रोशन उरांव की मौत हो गई। जबकि उसका साथी आशीष उरांव घायल हो गये। जिसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मिली जानकारी के अनुसार दोनों युवक स्कुटी में सवार होकर गुमला सदर प्रखंड के लहटोंगरी में आयोजित मेला देखने आ रहे थे। इसी दौरान अज्ञात वाहन स्कुट को धक्का मारकर भाग निकला। वहीं दुर्घटना में घायल युवकों को स्थानीय लोगों के द्वारा उठाकर इलाज के लिए गुमला सदर अस्पताल भेजा गया। जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद रोशन उरांव को मृतक घोषित कर दिया। वहीं दुर्घटना में आशीष उरांव का पैर टूट गया है। जिसे जांच के बाद रांची रिम्स रेफर कर दिया गया।

### प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना को लेकर डीसी ने की बैठक

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में शनिवार को प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना 2022-23 से संबंधित जिला स्तरीय अनुमोदन एवं अनुश्रवण समिति की आवश्यक बैठक समाहरणालय सभागार में हुई। इस बैठक में निर्देश दिया गया कि विद्यालय संस्थान नोडल पदाधिकारी स्तर पर इंट्री किये गये आवेदन को स्वीकृत करना सुनिश्चित करें। जो आवेदन जिला नोडल पदाधिकारी के स्तर से इंट्री किये जा चुके हैं उनका भुगतान सुनिश्चित करें। बैठक में आईटीडीए परियोजना निदेशक अरविंद कुमार लाल, जिला कल्याण पदाधिकारी, कोषागार पदाधिकारी थेलमा अनिता मिंज, शिक्षा विभाग की ओर से अशोक पाण्डेय, जिला अग्रणी बैंक के प्रतिनिधि व अन्य उपस्थित थे।

### कृषक मित्रों के साथ हुई बैठक

**कैरो।** प्रखंड सभागार में शनिवार को अंचल अधिकारी की अध्यक्षता में कृषक मित्रों की बैठक हुई। बैठक में मुख्य रूप से सुखाड़ राहत योजना का आवेदन का सत्यापन को लेकर जांच किया गया जिसमें, कई आवेदन में किसानों के खेत का रकबा अत्यधिक देखा गया। साथ ही कागजात का सत्यापन भी किया गया। मौके पर प्रखंड कृषि पदाधिकारी सुनील कुंवर, अनीश अहमद, कुंवर साहू, राजनारायण सिंह, फुलमनी उरांव, प्रतिमा देवी सहित कृषक मित्र मौजूद थे।

### अवैध बालू लदा ट्रक पकड़ा गया, मामला दर्ज

**कुड़ू लोहरदगा।** थाना क्षेत्र के मदरसा चौक - हनहट मुख्य पथ से पुलिस ने अवैध बालू लदा ट्रक को पकड़ा। पकड़े गए ट्रक में अवैध बालू लदा था। पुलिस ने इसकी सूचना जिला खनन पदाधिकारी को दी है। खनन विभाग मामले की जांच कर रही है। पुलिस को सुचना मिली कि हनहट कोयल नदी से एक ट्रक में बालू लोड कर रांची जा रही है। पुलिस ने छापामारी अभियान चलाते हुए बालू लदा ट्रक नम्बर जेएच 01 बीपी 5725 को थाना क्षेत्र के लापुर गांव के समीप पकड़ा। बालू खनन तथा परिवहन से संबंधित कागजात की मांग की गई तो चालक ने किसी तरह का कागजात नहीं पेश किया। इसके बाद पुलिस ने अवैध बालू लदा ट्रक को थाना लेकर पहुंची तथा खनन विभाग को सुचना दी। खनन विभाग मामले की जांच कर रही है।

### 57.5 लाख रुपए का गबन,दो बैंक कर्मी पर मामला दर्ज

**लोहरदगा।** जिले में एचडीएफसी बैंक की गुदरी बाजार शाखा के वाल्ट से 57 लाख,50 हजार रुपए गबन का मामला प्रकाश में आया है।इसे लेकर ब्रांच मैनेजर द्वारा सदर थाना में बैंक के ही दो लोगो पर प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।यह मामला बैंक की आंतरिक की आंतरिक ऑडिट में उजागर हुई है। इस मामले में शाखा प्रबंधक स्वेताभ रंजन ने सदर थाना में वरीय कैशियर धीरज भारती और कैशियर सुबोजित डे के विरुद्ध सदर थाना में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है। धीरज भारती को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। वहीं सुबोजीत डे ने कोर्ट में सरेंडर किया है। बताते चलें कि 12 दिसंबर को बैंक के आंतरिक ऑडिट डिपार्टमेंट द्वारा लोहरदगा शाखा की जांच की गई। इसमें पाया गया कि 9 दिसंबर को बैंक कार्य अवधि के बाद कुल 2 करोड़ 49 लाख 72 हजार 420 रुपए जमा थे। अभी मात्र 1करोड़ 92लाख 16 हजार 801 रुपए जमा है। यह जानकारी मिलते ही बैंक में कोहराम मच गया , आनन फानन में सदर थाना में मामला दर्ज कराया गया है।जिले के बैंक में इतने बड़े राशि का गबन का मामला पहली बार सामने आया है।

## कमल किशोर भगत के अधूरे सपनों को पूरा करना मेरा लक्ष्य: नीरू

### पूर्व विधायक कमल किशोर भगत की प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** झारखंड आंदोलनकारी सह लोहरदगा पूर्व विधायक कमल किशोर भगत का प्रथम पुण्यतिथि सह श्रद्धांजलि सभा का आयोजन ब्लॉक मोड़ स्थित आजसू पार्टी के प्रधान कार्यालय में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष ओम भारती ने किया ।इस श्रद्धांजलि सभा में कार्यकताओं ने कमल किशोर भगत के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए उन्हें याद किया ।इस मौके पर कमल किशोर भगत की धर्म पत्नी नीरू शांति भगत ने कहा की मेरे पति ने काफी संघर्ष के साथ इस जिले के विकास के लिए




श्रद्धांजलि देती नीरू शांति भगत व उपस्थित लोग

काफी कुछ किया,कुछ सपने जो पूरा नहीं हुआ है उसे मैं आप लोगो की मदद से पूरा करने की कोशिश करूंगी।मौके पर कमल किशोर भगत के सिखाए गए बातों और उनके सपनों को पूरा करने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में आने वाले दिन में आपसी द्वेष को तोड़ते हुए सभी लोग मिलकर आजसू पार्टी को मजबूत पूरे जिले में जोर-शोर से करने और आने वाले दिनों में लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र से आजादी के बाद प्रथम बार महिला विधायक झारखंड के विधानसभा में लोहरदगा की आवाज को बुलंद करने के लिए और स्वर्गीय कमल किशोर भगत के अधूरे सपनों को पूरा करने के लिए उनकी धर्मपत्नी नीरू शांति भगत को जीत दिलाने की बात कही गई।

स्पीड न्यूज

## बिछड़े हाथी वापस आये फसल को भारी नुकसान

**जादूगोड़ा।** हाथियों के झुंड में लगातार वृद्धि हो रही है। बिछड़े साथी के जुड़ जाने से संख्या बढ़ कर हुई 10 तक पहुंच गई है। इस बाबत क्षेत्र के रेंजर विमद कुमार कहते है सावधानी व सतर्कता के साथ जंगली हाथी को अन्यत्र ले जाने जा प्रयास किया जा रहा है। इस ग्रुप में बिछड़े साथी के मिल जाने इसकी संख्या बढ़ कर 10 हो गई है। इधर गांव के मुखिया श्री राम सोरेन कहते है कि हाथियों का आतंक जारी है।

## ज्ञानदीप विद्यालय में वार्षिक खेलकूद संपन्न

**जमशेदपुर।** शनिवार को ज्ञानदीप विद्यालय में प्राथमिक विद्यालय के बच्चों का वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न हुआ, जिनके मुख्य अतिथि फादर एडविन कोयलो व विशिष्ट अतिथि के रुप में विधायक सरयू राय (जमशेदपुर ) श्रीमती सोसन टोपनो, समाजसेवी एम चंद्रशेखर राव एवं प्रेमनाथ महतो, श्रीमती हेलेन बानरा,सभी अतिथि गण ने बच्चों का हौसला बढ़ाया साथ ही अपने कर कमलों द्वारा पुरस्कृत किये।

## आनंद मार्ग के सेंटर में 45 लोगों की नेत्र जांच

**गम्हरिया।** आनंदमार्ग आश्रम कांड्रा में आनंदमार्ग यूनिवर्सल रिलीफ टीम ग्लोबल एवं पूर्णिमा नेत्रालय के संयुक्त तत्वावधान में नि:शुल्क मोतियाबिंद जांच शिविर लगाया। इस शिविर में विशेषज्ञ चिकितसमों द्वारा कुल 45 लोगों की नेत्र जांच की गई जिसमें 18 मोतियाबिंद के रोगी पाए गए। चयनित मोतियाबिंद रोगियों का ऑपरेशन आगामी 20 दिसम्बर को किया जायेगा। इससे पूर्व शिविर का शुभारंभ आनंदमार्ग यूनिवर्सल रिलीफ टीम ग्लोबल के सचिव गोपाल बर्मन ने विजन सेंटर का उद्घाटन कर व संस्था के संस्थापक श्री श्री आनंदमूर्ति जी के चित्र पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्जवलित कर किया गया। शिविर को सफल बनाने में पूर्णिमा नेत्रालय के डॉ बर्षा गुप्ता, अमित, आनंदमार्ग यूनिवर्सल रिलीफ टीम ग्लोबल के प्रवेश गोप, भर्तहरि, बसंत राम देव, जितेन बर्मन, सूर्य प्रकाश आदि का मैक्स सराहनीय प्रयास रहा।

## आज बिरसा युवा मंच का प्रथम महासम्मेलन

**जमशेदपुर।** पूर्व डीआइजी राजीव रंजन सिंह द्वारा प्रमोटेड बिरसा युवा मंच का प्रथम महासम्मेलन 18 दिसंबर को 1 बजे से सोनारी ट्राइबल कल्चर सोसायटी में किया जा रहा है। मंच के संस्थापक अध्यक्ष पूर्व कोल्हान डीआईजी श्री राजीव रंजन सिंह ने बताया की इस कार्यक्रम में पूर्वी सिंहभूम के पटमदा, बोराम, गुराबंदा, पोटका, घाटशिला, हल्दीपोखर, चाकुलिया, जादूगोड़ा, मुसाबनी एवं जमशेदपुर शहरी क्षेत्र के करीब 1000 युवाओं का सम्मिलित होने की संभावना है। बैठक में बिरसा युवा मंच के संस्थापक अध्यक्ष पूर्व कोल्हान डीआईजी राजीव रंजन सिंह, सचिव रीता पात्रों, उपाध्यक्ष सुनीता देव सोरेन, संभू चौधरी, सुखदेव सिंह, अशोक सिंह मुंडा, दीपक सिंह थे।

## आज पूजा स्थल बचाओ समिति का मशाल जुलूस

**जमशेदपुर।** शनिवार को अपराह्न 1 बजे त्रयंबक महादेव मंदिर के प्रांगण में गांधी मैदान पूजा स्थल बचाओ समिति की बैठक श्री श्री गांधी मैदान दुर्गा पूजा समिति के द्वारा आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि किसी भी परिस्थिति में गांधी मैदान में जहां हर वर्ष दुर्गा पूजा का आयोजन सन 1964 से होता आ रहा है वह सभी हिंदुओं के आस्था का स्थल है। वहां किसी भी परिस्थिति में स्टेडियम निर्माण नहीं होने दिया जायेगा। इसी क्रम में 18 दिसंबर रविवार के दिन संध्या 5 बजे गांधी मैदान के दुर्गा पूजा स्थल से एक विशाल मशाल जुलूस दुर्गा पूजा बचाओ समिति के तत्वावधान में गांधी मैदान से लेकर मानगो चौक तक निकाली जायेगी।

## शौर्य संस्था ने किया पूर्व सैनिकों का सम्मान

**जमशेदपुर।** विजय दिवस पर 1971 में भारत पाकिस्तान के बीच हुए युद्ध में सेना के पराक्रम को नमन करने के उद्देश्य से शौर्य संस्था द्वारा वीरगति को प्राप्त हुए शहीदों को नमन किया गया एवं पूर्व सैनिकों का सम्मान किया गया। गोलमुरी केबल क्लब में कार्यक्रम किया गया था।

# श्रीनाथ विश्वविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय हिंदी महोत्सव 20-22 तक

➲ देश-विदेश के 50 विवि से 2000 छात्र-छात्राओं का होगा जुटान

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** हमारा उद्देश्य हिंदी भाषा को न केवल भारत के जन जन तक पहुंचाना है बल्कि इसे अंतर्राष्ट्रीय क्षितिज पर भी व्यापक रूप से परिभाषित करना है। इसी उद्देश्य के तहत श्रीनाथ विवि छठा अंतर्राष्ट्रीय हिंदी महोत्सव-2022 आयोजित करने जा रहा है। आदित्यपुर स्थित विवि परिसर में यह महोत्सव 20 दिसंबर से शुरु होकर 22 दिसंबर तक चलेगा।

उक्त जानकारी श्रीनाथ विवि के कुलाधिपति सुखदेव महतो ने एक संवाददाता सम्मेलन में दी। इस अवसर पर उनके साथ विवि के कुलपति डॉ गोविंद महतो और सहायक प्रध्यापक विनय शांडिल्य भी मौजूद थे। कुलाधिपति सुखदेव महतो ने बताया कि इस वर्ष महोत्सव में देश के नामचीन साहित्यकार जैसे दिल्ली विवि की डॉ अल्पना मिश्र, बनारस हिंदू विवि से डॉ चंद्रकला त्रिपाठी, एवं डॉ वशिष्ट नारायण त्रिपाठी तथा अंतर्राष्ट्रीय वक्ता के रूप में लोस अंजेलेस, अमेरिका से अभिजीत मनुश्री रथ तथा श्रीमती मानसी मनुश्री रथ इस महोत्सव से जुड़ेंगे। अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में कोलहान विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ गंगाधर पंडा, अरका जैन विवि के कुलपति डॉ एसएस



संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते कुलाधिपति सुखदेव महतो। साथ में सबसे दाये बैठे हैं कुलपति डॉ गोविंद महतो एवं बायें विनय शांडिल्य।

रज्जी, सरला बिरला विवि के कुलपति प्रो गोपाल पाठक तथा एनआइएफ टी भुवनेश्वर के निदेशक, श्री राजेश कुमार झा भी उक्त महोत्सव में अपनी उपस्थिति से छात्रों को प्रेरित करेंगे।

कुलाधिपति सुखदेव महतो ने बताया कि 20 दिसंबर को उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में कोल्हान के आयुक्त मनोज कुमार उपस्थित रहेंगे जबकि द्वितीय दिवस पर झारखंड ऐकडेमिक काउंसिल के अध्यक्ष अनील कुमार महतो तथा समापन समारोह में राहुल पुरवार, सचिव, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, झारखंड ने आने की सहमति दी है।

उन्होंने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय हिंदी महोत्सव-2022 में विद्यार्थियों के लिए बहुआयामी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है जिसमें देश झ विदेश के 60 से अधिक विश्वविद्यालयों / कॉलेजों के 2000 से अधिक विद्यार्थी ने अपनी कला- कौशल का परिचय देने के लिए अभी तक अपना पंजीकरण सुनिश्चित किया है। कोलहान क्षेत्र के सभी महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों के साथ एनआईटी जमशेदपुर, एनआईटी राउरकेला, आईआईटी खड़गपुर, बीएचयू वाराणसी, जेएनयू दिल्ली, डीयू दिल्ली, कीटस विवि भुवनेश्वर जैसे विवि एवं संस्थानों के अलावा विदेशों से परडीयू विवि, अमेरिका, वॉर्सा विवि एवं जैन कोचनवसकी, पोलैंड, आइबीएम डेवलपमेंट विवि, न्यूरेनवर्ग के विद्यार्थी भी प्रतिभागी के रूप में इसमें शामिल होकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

### देखने को मिलेगा हिंदी भाषा और तकनीक का अनूठा समायोजन

यह महोत्सव अपने कार्यक्रमों में नवीनता के लिए जाना जाता है जहां हिंदी भाषा और तकनीक का एक अनूठा समायोजन देखने को मिलता है। महोत्सव को लेकर विवि परिसर में उत्साह का माहौल है। प्रत्येक विभाग के शिक्षक, विद्यार्थी महोत्सव को अंतिम रूप प्रदान करने के लिए दिन-रात महत्वपूर्ण योगदान देने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर रहे हैं।

### ये प्रतियोगिताएं की जायेंगी आयोजित

हिंदी महोत्सव में विश्वविद्यालय / महाविद्यालय के प्रतिभागियों के लिए हास्य कवि सम्मलेन, दीवार सज्जा, साहित्यिक सफर, मुखड़े पर मुखड़ा, रिपोतार्ज लेखन, प्रश्नोत्तरी, सामूहिक चर्चा, समाचार वाचन, लिखो कहानी, व्यक्तित्व झांकी, उल्टा-पुल्टा, कोलाज कला, भाषा रूपांतरण, शब्द सरिता, कहानी से कविता तक, विज्ञापन रचना, रेडियो श्रीनाथ, रील्स संचार, रंगोली, वाद चातुर्य, वृत्तचित्र प्रदर्शन, लघु नाटिका जैसे पूरे 22 प्रतियोगिताए आयोजित की जा रही हैं।

# महाभारत के प्रसंगों में जीवन की समस्याओं का समाधान : मेहता

➲ जुगसलाई में कलश यात्रा से भागवत ज्ञान यज्ञ कथा का शुभारंभ

➲ श्रीमद् भागवत मर्मज्ञ गुरु पंडित विजय शंकर मेहता दे रहे हैं प्रवचन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** भगवान श्रीकृष्ण स्वयं श्रीमद् भागवत में विराजित है। उद्धव को अपने अंतिम संदेश में श्रीकृष्ण ने स्पष्ट यह घोषणा की है। भागवत का प्रधान विषय है निष्काम भक्ति। महाभारत में जितने भी प्रसंग आए हैं, उनमें हमारे जीवन की समस्याओं कं समाधान मिलते हैं। जीवन में जब हमारे अपनो से ही युद्ध करना पड़े तो कैसे खुद को संभाला जा सकता है यह भगवान कृष्ण से सीखें।

यह उद्गार प्रसिद्ध जीवन प्रबंधन गुरू पंडित विजयशंकर मेहता ने व्यास पीठ से जुगसलाई एमई स्कूल रोड़ स्थित श्रीराजस्थान शिव मंदिर परिसर में संगीतमयी श्रीमद् भागवत कथा के पहले दिन शनिवार को व्यक्त किए। उन्होंने तनाव रहित जीवन में अध्यात्म का महत्व बताया साथ ही भागवत का माहातम्य,आत्मदेव प्रसंग तथा महाभारत के प्रसंगों की व्याख्या परिवार प्रबंधन के सूत्रों के साथ की। उन्होंने परिवार प्रबंधन के सूत्र-संयम के आधार पर कथा की व्याख्या की। परिवारों में प्रेम की भाषा बोलनी चाहिए। संयम और धैर्य इसमें बड़े काम आएंगे। कथा के दौरान उनके संगीत पार्षदों द्वारा सुमधुर भजनों की प्रस्तुति भी दी गयी। सात दिवसीय श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ कथा का आयोजन 23 दिसम्बर तक होगा। इसका आयोजन जुगसलाई के चौधरी परिवार द्वारा किया जा रहा हैं।





प्रवचन करते विजय शंकर मेहता व कार्यक्रम के दौरान स्वागत में जुटे लोग।

सुबह निकली कलश यात्राः- शनिवार की सुबह 11 बजे कलश यात्रा से इस धार्मिक कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। जुगसलाई चौक बाजार स्थित सत्यनारायण ठाकुरबाड़ी मंदिर से कलश यात्रा का शुभारंभ हुआ, जो कथा स्थल श्री राजस्थान शिव मंदिर पहुँचा। कलश यात्रा की पूजा सत्यनारायण ठाकुरबाड़ी मंदिर में हुई। उससे पहले श्री राजस्थान शिव मंदिर के हॉल में स्थानीय पुजारी मूलचंद शर्मा, दिपक जोशी, मनीष शर्मा गोलू, सत्यनारायण शर्मा ने संयुक्त रूप से पूजा करायी। पूजा के मुख्य यजमान बीणा-जयराम चौधरी, यजमान निशी-निकेश चौधरी, नेहा-नवनीत और श्वेता-आनन्द थे। कलश यात्रा में चौधरी परिवार के 150 से अधिक लोग शामिल थे।

**रविवार की कथा :** कथा के दूसरे दिन रविवार को कपिल गीता, शिव-सती चरित्र, ध्रुव चरित्र आदि प्रसंगों की व्याख्या सुमधुर भजनों के साथ की जाएगी। मालूम हो कि पंडित मेहता अपनी मौलिक विचार दृष्टि और ओजस्वी वाणी के साथ जीवन प्रबंधन एवं परिवार प्रबंधन पर व्याख्यान एवं कथाओं की व्याख्या के लिए जाने जाते हैं।

**इनका रहा योगदान :** आज के कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रमुख रूप से जयराम, नवनीत, रतन, पुरूषोतम, आनन्द, मुकेश, विशाल, मनोहर, बंटीख सुनील, बिल्लू, श्रवण आदि का योगदान रहा।

## जेंडर स्टडीज, ह्यूमन राइट्स व फॉरेस्ट्री साइंस कोर्स होंगे शुरू

वीमेंस यूनिवर्सिटी

■ विद्वत परिषद की दूसरी बैठक में हुए अहम फैसले

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी की विद्वत परिषद की दूसरी बैठक माननीय कुलपति प्रो (डॉ) अंजिला गुप्ता की अध्यक्षता में शनिवार को संपन्न हुई। बैठक में कई अहम फैसले लेते हुए तीन नये कोर्स शुरू करने पर सैद्धांतिक सहमति दी गई। जेंडर स्टडीज में पीजी डिप्लोमा कोर्स की मांग ज्यादा है। एनजीओ सहित वीमेन ट्रैफिकिंग के खिलाफ में काम कर रही संस्थाओं में रोजगार के अवसर इससे खुलते हैं। माननीय कुलपति ने कहा कि महिलाओं के सामाजिक स्तर और उसमें सुधार की संभावनाओं पर आधिकारिक समझ के साथ छात्राएं बेहतर योगदान दे सकेंगी।



कुलपति डा अंजिला गुप्ता।

## बर्बरीक की शक्ति से आश्चर्यचकित ब्राह्मणरूपी श्री कृष्ण ने दान में मांगा शीश

➲ बिष्टुपुर तुलसी भवन में तीन दिवसीय श्याम कथा का विश्राम

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** बिष्टुपुर तुलसी भवन में शहर की सामाजिक संस्था जेसीआई जमशेदपुर पहचान द्वारा आयोजित तीन दिवसीय संगीतमय श्री खाटू श्याम जी की कथा (शीश के दानी की अमर कहानी) का शनिवार को विश्राम हो गया। तीसरे दिन शनिवार को व्यास पीठ से कथा व्यास श्याम रत्न खाटू वाले पप्पू शर्मा ने भगवान कृष्ण के द्वारा शांति के लिए अंतिम प्रयास भी विफल होने के बाद महाभारत का युद्ध की घोषणा का प्रसंग विस्तार से सुनाया। बर्बरीक का युद्ध में आगमन, एक मुहर्त में समस्त सेना का नाश करने की प्रतिज्ञा, शीश के दान का संकल्प, महाभारत युद्ध का निर्णय, भगवान कृष्ण द्वारा भीमसेन को अपनी शक्ति का एहसास कराने, खाटू धाम में प्रकट होने समेत भगवान कृष्ण द्वारा कलयुग में पूजने का बर्बरीक (श्याम बाबा) को वरदान देने की कथा का प्रसंग सुनाते हुए कहा कि खाटू श्याम का संबंध महाभारत से है। घटोत्कच का पुत्र था बर्बरीक जो अपने पिता से भी बलशाली और मायावी था। बर्बरीक देवी दुर्गा का परम भक्त था। देवी की कृपा से उसे तीन दिव्य बाण की प्राप्ति हुई जो अपने लक्ष्य को साधकर वापस लौट आते थे। उन्होंने आगे कहा कि महाभारत के युद्ध के समय भीम पौत्र बर्बरीक ने प्रण लिया।





कथा सुनाते पप्पू शर्मा।

## न्यू केबुल टाउन के सीवरेज लाइन की समस्या पर जेएनएसी को सौंपा मांग पत्र

खबर मन्त्र संवाददाता

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पूर्वी विस के गोलमुरी क्षेत्र के न्यू केबुल टाउन में सीवरेज लाइन पिछले कई महीनों से जाम है। पूरे टाउन क्षेत्र के मुख्य लाइन होने के कारण सभी रोड के ब्रांच लाइन इसी लाइन में मिलकर आगे जाते हैं। सीवरेज लाइन जाम हो जाने से सीवरेज का गंदा पानी घर के दीवारों और नालियों से लोगों के घर में घुस जा रहा है। शनिवार को जाम सीवरेज लाइन की समस्या को लेकर स्थानीय निवासियों ने जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति के विशेष पदाधिकारी संजय कुमार से मुलाकात की। भाजपा जिला महामंत्री राकेश सिंह एवं जिला प्रवक्ता प्रेम झा मौजूद रहे। स्थानीय निवासी सह जिला प्रवक्ता प्रेम झा ने विशेष पदाधिकारी को जाम सीवरेज लाइन से उत्पन्न हो रही समस्याओं पर आवेदन से ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा कि सीवरेज लाइन जाम होने से गंदा पानी अनवरत बाहर निकल रहा है जिससे बदबूदार पानी लोगों के घरों के पास जमा हो गया है। गंदे बदबूदार पानी से मच्छरों की भी भरमार हो गई है। जिससें मौसमी बीमारियों समेत डेंगू, मलेरिया इत्यादि का खतरा भी बना हुआ है।



विशेष पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपते भाजपाई।

## विधायक मंगल कालिंदी ने ग्राम पूजा में लिया भाग

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर प्रखंड अंतर्गत लुआबसा पंचायत के समूटोला, खैरबनी ग्रामवासी और सामु मेमोरीयल क्लब द्वारा ग्राम पूजा (बड़ा पूजा) समारोह का आयोजन किया गया जिसमें बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित हुए झारखंड विधानसभा सत्तारूढ़ दल के सचेतक सह जुगसलाई विधानसभा के विधायक मंगल कलिंदी उपस्थित हुए।

बड़ा पूजा प्रत्येक 5 वर्ष में एक बार किया जाता है। ग्रामीण द्वारा आदिवासी संस्कृति रीति रिवाज के साथ विधायक का स्वागत किया गया। इस अवसर पर विधायक ने ग्रामवासी को प्रकृति की पूजा और झारखंड के संस्कृति को बचाए रखने के लिए कहा ताकि हमारे आने वाले पीढ़ी हमारे परम्परा और संस्कृति को आगे बढ़ा सके।

## अपने क्षेत्र में शीर्ष पर रहे, अब बन रहे समाज में बदलाव के वाहक

■ टेड के सेमिनार में व्हाट नेस्ट विषय पर समाज में बदलाव के वाहक बने विद्वानों ने सुनाये अनुभव

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** ट्रेडे एक्स बिस्पुर की ओर से आज समाज में परिवर्तन के वाहक बने अथवा वाहक बनने की दिशा में प्रयासरत युवाओं एवं उद्यमियों का सेमिनार रूसी मोदी सेंटर फॉर एक्सीलेंस में व्हाट नेस्ट विषय पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम के प्रवर्तक थे : स्वच्छता पुकारे फाउंडेशन के संस्थापक गौरव आनंद।

कार्यक्रम में नमामि गंगे के पूर्व महानिदेशक एवं सेवानिवृत आईएएस राजीव रंजन मिश्रा ने अपने संबोधन में गंगा के कायाकल्प में नमामि गंगे अभियान पर प्रकाश डाला और उन्होंने बताया कि कैसे यह दुनिया का अनोखा और सपुल अभियान है। इस अभियान के तहत आस्था एवं टेक्नोलॉजी से जोड़कर गंगा जैसी बड़ी नदी को प्रदूषण मुक्त कर उसे नया जीवन देने की दिशा में प्रभावी कदम उठाया गया है। श्री मिश्रा ने कहा कि नदिया आदिकाल से मानव सभ्यता का उद्गम बिंदु रही हैं। नदियों के किनारे ही मानव सभ्यता फलती-फूलती आई हैं। अगर हम अपनी नदियों को नहीं बचायेंगे उसे स्वच्छ नहीं रखेंगे तो इससे न सिर्फ नदियों को बल्कि उसके आसपास बसने वाली आबादी के अस्तित्व पर खतरा पैदा हो जायेगा। उन्होंने अपने अनुभव से बताया नगरों से निकलने वाले सिवरेज एवं औधोगिक कचरे को एसटीपी के जरिए प्रदूषण मुक्त करके ही उसे नदी में छोड़ा जाना चाहिए तभी नदी स्वस्थ हो पाएगी। इसके साथ- साथ नदियों के दोनों और रहने वाली आबादी के बीच भी हमें जन जागरूकता अभियान चलाकर यह समाज को बताना पड़ेगा कि कैसे नदियां उनके लिए मायने रखती हैं।



डॉ अजय कुमार, दिशोम : द स्कूल ऑफ लीडरशिप के संस्थापक वीरेन भुटा, नमामि गंगे के पूर्व डीजी राजीव रंजन मिश्रा, स्वच्छता पुकारे फाउंडेशन के संस्थापक गौरव आनंद , कंसल्टेंट शशांक शेखर के साथ, राजवीर सुरुपा।

कैप्टन अमित वेद ने बताया कि वे पेशे से पायलट है किंतु अब उनके जीवन में नौकायन के प्रति युवाओं में आकर्षण पैदा कर उन्हें प्रशिक्षित कर ओलंपिक में मेडल दिलाना लक्ष्य बन गया है। उन्होंने अपनी यात्रा में आए उतार-चढ़ाव पर भी चर्चा की।

एक नजर में

## चांडिल : हीरो ई -बाइक शोरूम का हुआ उद्घाटन



**चांडिल।** मेन रोड चांडिल में विश्वनाथ एसोसिएट ने हीरो ई बाइक शोरूम का उद्घाटन किया। उद्घाटन फदलगोड़ा कली मंदिर जूना अखाड़ा के अंतररष्ट्रीय उपाध्यक्ष महंत विद्यानंद सरस्वती ने किया। शोरूम के प्रोपराइटर सपन गुप्ता ने बताया कि चांडिल क्षेत्र में एक भी ई बाइक का शोरूम उपलब्ध नहीं है जिस कारण इस क्षेत्र के लोगों को जमशेदपुर जाकर ई बाइक खरीदना पड़ता था। उन्होंने कहा बाइक की सर्विसिंग भी उपलब्ध रहेगी। उन्होंने कहा लोगों की सुविधा के लिए इसमें फाइनेंस का भी सुविधा रहेगी।

## समाजसेवी रानी गुप्ता ने श्रेया को किया सम्मानित



**जमशेदपुर।** समाजसेवी रानी गुप्ता ने सम्मानित सृष्टि महिला विकास सहयोग समिति की ओर से सोनारी आदर्श नगर निवासी जमशेदपुर ग्रेजुएट कॉलेज की छात्रा श्रेया अधर को उनकी उपलब्धि को देखते हुए आज मोमेंटो, बुके, शॉल, अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। वर्फिटनेस फेडरेशन के विमेंस स्पोर्ट्स मॉडल प्रतियोगिता के दौरान झारखंड में श्रेया ने तीसरे स्थान एवं सिक्किम और पूरी में दो बार नेशनल प्रतियोगिता में पांचवा स्थान प्राप्त कर जमशेदपुर सहित झारखंड का नाम रोशन किया है।

## श्रीनाथ पब्लिक स्कूल में संता फेस्ट 2022 संपन्न




**जमशेदपुर।** आदित्यपुर स्थित श्री नाथ पब्लिक स्कूल में सांता पेस्ट 2022 संपन्न हुआ। मौके पर विद्यालय के सीसीए ग्रुप की को-ऑर्डिनेटर प्रवीण अरोड़ा ने अलग-अलग कक्षाओं के लिए अलग-अलग प्रतियोगिताएं रखी। कक्षा प्रथम और द्वितीय के लिए ग्रीटिंग कार्ड मेकिंग प्रतियोगिता, तृतीय एवं चतुर्थ के लिए क्रिसमस वृक्ष को सजाना पंचम एवं षष्ट के लिएफूलों का माला एवं जूती पर चित्रकारी,सप्तम से ग्यारहवीं के लिए अग्नि रहित रसोई बनाना। सभी कक्षाओं के छात्रों ने शत प्रतिशत प्रतियोगिता में भाग लिए एवं हर्षोल्लास के साथ अपनी अपनी प्रतिभा और कल्पना को यथार्थ करने की कोशिश की। इससे छात्रोंको क्रिसमस पर्व की महत्ता, प्रेम भाई चारा एवं आपसी सहयोग का संदेश देना है विद्यालय की ओर से प्राय: सभी पर त्योहारों में बच्चे अलग अलग प्रतियोगिताओं का खूब आनंद लेते हैं। इस तरह उनके अंदर रचनात्मक अभिवृद्धिव एवं सकारात्मक सोच उत्पन्न होता है। विद्यालय के प्राचार्य संजय कुमार सिंह ने सभीकक्षाओं में जाकर बच्चों की कलाकारी का जायजा लिया एवं सभागार में सभी बच्चों को संबोधित करते हुए कहा।

## मुखियाओं की मनमानी के खिलाफ ज्ञापन सौंपा



**जमशेदपुर।** झारखंड राज्य जल सहिया संघ की पूर्वी सिंहभूम शाखा की अध्यक्ष नीतू सिंह की अगुवाई में एक प्रतिनिधिमंडल गत शुक्रवार को डीसी के नाम एक ज्ञापन सौंपा। डीसी की अनुपस्थिति में एडीएम लॉ एंड आर्डर को सौंपे गये ज्ञापन में संघ ने आरोप लगाया है कि जिले के कुछ मुखिया पहले से कार्यरत जलसहिया को हटाकर नए जलसहिया को बहाल करने की कोशिश कर रहे हैं जो सरासर गलत है। जिलाध्यक्ष नीतू सिंह ने डीसी को सूचित किया है कि जिले में करीब 2400 जलसहिया बहनें पहले से कार्यरत हैं। ये जल सहिया बहने ही 2011 से अब तक अपने पंचायतों में विभाग के सारे कार्य करते आ रही हैं। बहुत सी ऐसी भी पंचायतें हैं जहां जलसहिया नहीं है वैसे स्थान पर जल सहिया चुनना है ताकि विभाग का काम अच्छे ढंग से किया जा सके। जलसहिया संघ ने डीसी को चेतावनी दी है कि अगर मुखियागणों की मनमानी पर रोक नहीं लगाई गई तो जिला मुख्यालय का घेराव किया जायेगा।

## भाजपाइयों ने डीसी के जरिए भेजा ज्ञापन



**जमशेदपुर।** प्रशासन द्वारा गत दिनों आधी रात को भाजपा नेता सह भाजपा झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के झारखंड प्रदेश संयोजक विकास सिंह के घर की घेराबंदी कर छापामारी करने और उनकी गैरमौजूदगी में उनके परिवारजनों से अमर्यादित आचरण करने पर शहर के भाजपा कार्यकर्ता आक्रोशित हैं। शनिवार को इसे लेकर भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव के नेतृत्व में जिला पदाधिकारी एवं मोर्चा जिलाध्यक्षों के प्रतिनिधमंडल ने उपायुक्त से मुलाकात की। इस दौरान महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव ने उपायुक्त को घटनाक्रम की पूरी जानकारी देकर ध्यान आकृष्ट कराते हुए मानगो थाना प्रभारी ने विकास सिंह के घर पर आधी रात को भारी-भरकम पुलिस बल से घेराबंदी कर छापेमारी करने एवं गिरफ्तारी के लिए जिला पुलिस के आचरण पर कड़ी आपत्ति जताई। गुंजन यादव ने महामहिम राज्यपाल के नाम उपायुक्त को ज्ञापन सौंपकर हस्तक्षेप की मांग की। इस दौरान जिला पदाधिकारी सुधांशु ओझा, संजीव सिन्हा, बबुआ सिंह, राकेश सिंह, अनिल मोदी समेत कई वरिष्ठ भाजपाई उपस्थित थे।

## बिजनेस एनालिटिक्स कोर्स के लिए ग्रेजुएटिंग सेरेमनी

**कोलकाता/ जमशेदपुर।** कामकाजी पेशेवरों के लिए बिजनेस एनालिटिक्स में छह महीने के सर्टिफिकेट कोर्स का ग्रेजुएटिंग सेरेमनी 17 दिसंबर को आईएसआई कोलकाता में आयोजित किया गया। इस कोर्स की परिकल्पना आईएसआई (इंडियन स्टैटिसटिकल इंस्टीट्यूट) और जेएमए (जमशेदपुर मैनेजमेंट एसोसिएशन) द्वारा संयुक्त रूप से की गई थी। ग्रेजुएटिंग सेरेमनी में सुश्री संघमित्रा बंद्योपाध्याय (डायरेक्टर, आईएसआई) और श्री चाणक्य चौधरी (वीपी, कॉर्पोरेट सर्विसेज, टाटा स्टील और प्रेसिडेंट, जेएमए) ने शिरकत लिया। इस कार्यक्रम को पूरे भारत और विदेशों के छात्रों ने खूब सराहा। ये छात्र विनिर्माण, लॉजिस्टिक्स, चिकित्सा विज्ञान, उपयोगिता सेवा कंपनियों से सम्बंधित थे।

स्पीड न्यूज

## रेल कर्मी का शव झाड़ियों से बरामद हत्या की आशंका

**धनबाद।** शनिवार को जिले के बरवाअड्डा थाना क्षेत्र के जयनगर जोरिया के पास झाड़ियों में एक युवक का शव बरामद हुआ है। शव मिलने की सूचना के साथ ही पूरे इलाके में सनसनी फैल गयी। स्थानीय लोगों ने शव की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और जांच पड़ताल में जुट गई है। पुलिस ने बताया कि शव के पास से आधार कार्ड और रेलवे की आईडी कार्ड मिला है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेज दिया है बताया जा रहा है कि सब के गले पर गहरे जख्म के निशान है स्थानीय लोगों ने बताया कि हत्या के बाद शव को झाड़ियों में फेंक दिया गया है हालांकि पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। मिली जानकारी के अनुसार स्थानीय लोग शनिवार की सुबह जयनगर जोरिया की ओर जा रहे थे, इसी दौरान लोगों को झाड़ियों में एक शव दिखा। इसके बाद घटना की सूचना पुलिस को दी गई । लोगों की सूचना पर मौके पर पुलिस पहुंची और छानबीन की।

## ऑपरेशन स्माइल कैंप का आयोजन



**बोकारो/कसमार।** ऑपरेशन स्माइल के तहत सहयोगिनी कार्यालय में ओठ और तालु कटे बच्चों के लिए शुक्रवार को विशेष कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में 20 बच्चों की जांच किया गया। जिनका नि:शुल्क ऑपरेशन 18 जनवरी 2023 को क्षितिज हॉस्पिटल हजारीबाग में किया जायेगा। इस संबंध में सहयोगिनी के निदेशक गौतम सागर ने बताया कि जन्मजात रूप से कुछ बच्चों के ओठ और तालु में छेद रहता हैए जिसका पूर्ण रूप से मुफ्त ऑपरेशन किया जाता हैं।इस दौरान इंनगा हेल्थ केअर के शुभम कुमार मंडल ने बताया कि ऑपरेशन स्माइल के तहत झारखण्ड सहित देश के विभिन्न प्रान्तों में यह कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। इस दौरान सहयोगिनी के रवि कुमार रायए सूर्यमुनी देवीए मंजू देवीए कुमारी किरण मौजूद थी।

## घर में लगी आग सामान जलकर राख

**बेरमो/खेतको।** पेटरवार थाना क्षेत्र के मायापुर पंचायत के जमुनिया में पन्डरु मांझी के घर शुक्रवार को लगभग 3 बजे सुबह घर जल कर राख हो गयी। पन्डरु मांझी ने जानकारी देते बताया कि जब आग की लहक दूसरे घर में धुआं धुआं होने लगा तो देखा कि बगल के रूम में आग लगा हुआ है। अगल बगल वाले ग्रामीनो को हल्ला बोल किये लोग ठिठरती रात में लोग अपने अपने घरों से पानी लाकर आग बुझाने के लिए प्रयास किया तबतक घर मे सोफासेट एअलमीराए45 हजार रुपये ए सोना व चांदी दस दस की सिक्के चार हजार थी वह भी जल राख हो चुकी थी। इसकी जानकारी मुखिया नामकिशोर मांझी को दिया गया।

# बेनीडीह गोली कांड के बाद भी बरोरा थाना क्षेत्र में जारी है कोयले का अवैध कारोबार

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद जिले में अवैध कोयले के कारोबार में लगाम लगने का नाम नही ले रहा है। बरोरा थाना से महज 3 किलोमीटर और बीसीसीएल शताब्दी कोलयरी से चंद किलोमीटर से कोयले की तस्करी कर रहे है तस्कर। बीती रात बरोरा थाना क्षेत्र के बरोरा बस्ती में प्राइवेट गार्ड ने अवैध कोयला लोड मिनी हाइवा वाहन को पकड़ लिया। अवैध कोयला कारोबारी को जानकारी होने पर मौके पर पहुच गया।जिसके बाद आधा दर्जन कोयला तस्कर पहुच प्राइवेट गार्ड से बहसबाजी कर दी और अवैध कोयला लोड वाहन को जबरन छुड़वा कर फरार करवा दिया।इतना ही नही अवैध कोयला तस्कर महेंद्र चौहान ने प्राइवेट गार्ड को बुरा अंजाम भुगतने का धमकी भी दिया।

वही अवैध कोयला तस्करी करने वाले का मनोबल इतना बढा हुआ कि कैमरा देखने के बाद भी वाहन ड्राइवर हँसते रहे। वही प्राइवेट गार्ड ने कहा कि हर दिन छोटे वाहनो से इसी रास्ते कोयला तस्करी होता है।पूर्व में भी गाड़ी पकड़ पुलिस को सौप दिए थे,लेकिन कोई कार्रवाई नही की गई थी। वही बताया जा रहा कि अवैध कोयला तस्करी का का बरोरा पंचायत के पूर्व मुखिया महेंद्र चौहान करवा रहे है।

### उपायुक्त को पत्र लिख अवैध पत्थर खदान को बंद करने की मांग

**धनबाद।** शनिवार को जदयू प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह एवं जदयू धनबाद जिलाध्यक्ष पिन्टु कुमार सिंह के नेतृत्व में ग्रामीणों का एक प्रतिनिधिमंडल अपर समाहर्ता धनबाद से मिलकर जनहित याचिका निष्पादन होने तक तोपचांची अंचल अमलखोरी में संचालित, मे.सोन बाबा स्टोन मिनरल्स एवं छिन्मस्तिका स्टोन मिनरल्स पत्थर खदान में यथास्थिति बनाए रखने की मांग उपायुक्त के नाम पत्र दे कर किया। इस अवसर पर दीप नारायण सिंह ने कहा है कि मे. सोन बाबा स्टोन मिनरल्स एवं छिन्मस्तिका स्टोन मिनरल्स के नाम अवैध तरीके से पत्थर खदान लिज होने, उत्खनन के कारण पर्यावरण को हो रही क्षति,जल-वायु, कृषि योग्य भूमि एवं वायु प्रदुषण के साथ - साथ हो रहे मौलिक अधिकार का अनन के विरुद्ध प्रभावितों द्वारा माननीय उच्च न्यायालय में जनहित याचिका दायर की गई है। जिसका याचिका है। जो माननीय उच्च न्यायालय में लंबित है। इसके बावजूद भी कंपनी द्वारा धनबल का प्रयोग कर असामाजिक तत्वों के साथ - साथ प्रशासन तंत्र का सहायता लेकर आम जनमानस के लिए ग्रामीणों द्वारा दी जा रही लगातार 141वें दिन के शांतिपूर्ण धरना - प्रदर्शन को कुचलने एवं लगभग पांच माह से बंद पड़े पत्थर खदान को चालू करने का प्रयास किया जा रहा है। जिसके कारण पत्थर खदान के अगल - बगल में अवस्थित सात गांवों के लोगों में घोर आक्रोश है। क्योंकि अवैध तरीके से पत्थर उत्खनन होने से आम लोगों की मूलभूत सुविधाएं, जैसे - स्वच्छ पानी, स्वच्छ वायु, सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, खेती से लोग वंचित हो रहे हैं। ग्रामीणों की भूमि तेजी से बंजर हो रही है। जिसके परिणामस्वरूप किसानों की आजीविका नष्ट हो रही है। कंपनी द्वारा ग्रामीण सड़क को बर्बाद कर दिया गया है। जिससे राहगीरों को खास कर प्रसव महिलाओं को काफी परेशानियां होती है। अवैध उत्खनन से जल श्रोत नष्ट हो रहे हैं। यहां तक कि श्मशान में शव जलानें वाले भी अवैध उत्खनन के डर के माहौल में शव जलानें के लिए विवश हैं। क्योंकि कई बार उत्खनन के दौरान लोग बाल - बाल बचे है। उत्खनन के दौरान खुलेआम वन अधिनियम की धज्जियां उड़ाई जा रही है। क्योंकि उत्खनन पट्टा सरकारी नियमों को ताक पर रख कर सात गांवों के बीच आवंटित किया गया।

## महिला विस्थापित मोर्चा ने हर्ल को सौंपा मांग पत्र

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिन्दरी ।** महिला विस्थापित मोर्चा सिन्दरी के बैनर तले शनिवार को सिन्दरी व इसके आसपास के विस्थापित महिलाओं ने प्रदर्शन करते हुए हर्ल व एफसीआई को 12 सूत्री मांगों का ज्ञापन सौंपा। हर्ल मुख्य द्वार पर महिला विस्थापित मोर्चा की संयोजक आशा हेम्ब्रम ने कहा कि झारखंडी क्रांतिकारी बिरसा के वंशज हैं और उलगुलान नामक हथियार से अँग्रेजों के दमनात्मक कार्रवाई के विरुद्ध लड़ाई लड़ी गई थी। उन्होंने कहा कि गहराई से चिंतन कर दोनों प्रबंधन माँगों का समर्थन करें। अनिता महतो ने कहा कि विस्थापित महिलाओं के कंधों पर परिवार का पूरा भार है।



### सीइआर फंड से महिलाओं का करें कल्याण

मोर्चा संरक्षक अंबुज मंडल ने कहा कि हर्ल प्रबंधन सीइआर फंड से विस्थापित महिलाओं का कल्याण करे। हर्ल को कौशल विकास कराकर विस्थापित महिलाओं के नियोजन, स्वयं सहायता समूह द्वारा मूलभूत सुविधाएं सहित विस्थापित परिवार के बेरोजगारों को नियोजन की माँग के लिए पत्र दिया गया है। वहीं एफसीआई को अनुपयोगी जमीन विस्थापित को वापस करने, आदिवासियों के देवस्थान के लिए जमीन आवंटित करने, विस्थापितों को पुनर्वास, बिरसा समिति को अविलंब आवास आवंटन सहित आठ सूत्री माँग पत्र सौंपा गया। प्रदर्शन में अंबुज मंडल, सुरेश प्रसाद, आशा हेम्ब्रम, अनीता महतो, पुजा मरांडी, वास्की संध्या महतो, रेखा देवी, महालाल हाँसदा, नुनूलाल टुडू, प्रदीप पाल, रोबीन सोरेन, लोगन हेम्ब्रम, सुबल महतो, ममता मल्लिक, अन्नु देवी सहित कई महिला पुरुष शामिल रहे।

## बाघमारा बीडीओ ने किया बौआ कला उत्तर पंचायत का निरीक्षण

**निचितपुर।** बाघमारा प्रखंड विकास पदाधिकारी सुनील कुमार प्रजापति ने शनिवार को बौआ कला उत्तर पंचायत अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया।बीडीओ द्वारा विशेष कर निरीक्षण निर्माण कार्य में हो रहीं देरी के कारण की गई।कई महीनों बीत जानें के बावजूद कई लाभुकों ने योजना का लाभ लेकर अब तक निर्माण कार्य पूर्ण नहीं किया हैं।

वहीं कई लाभुकों ने तो अब तक निर्माण कार्य प्रारंभ भी नहीं किया हैं।बाघमारा बीडीओ ने इससे पूर्व भी बुधवार को निरीक्षण किया था।जिससे कुछ लाभुकों ने निर्माण कार्य में सक्रियता दिखाई।वहीं कुछ ने राशि वापस करने की भी बात कही।शनिवार को लाभुक सरस्वती देवी, खेपा डोम, लतिका देवी, शांति देवी, सोमिया देवी एवं अन्य के प्रधानमंत्री आवास निर्माण कार्य का निरीक्षण किया गया।पूर्व निरीक्षण में विजय बाउरी,फकीर दास का निर्माण कार्य भूमि विवाद और भूमिहीनता के कारण बाधित था।जिसके लिए उन्हें भूमि भी दिखाई गई। जहां उन्होंने निर्माण कार्य प्रारंभ करने की बात कहीं हैं। वहीं मोहन भुईयां अपने ही यहां निर्माण कार्य प्रारंभ करेंगे।वहीं निरंजन रवानी, लॉबिन रवानी,लक्खीराम रवानी,लालू रजक सहित अन्य के कार्य में निरीक्षण के उपरांत गति आई हैं।

## जिला स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल टूर्नामेंट प्रतियोगिता शुरू

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** जिला स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल टूर्नामेंट प्रतियोगिता 2022 का शुभारंभ बोकारो शहर के सेक्टर.3 स्थित ट्रेनिंग सेंटर के मैदान में हुआ।तीन दिवसीय इस प्रतियोगिता का उद्घाटन धनबाद सांसद प्रतिनिधि भैया आरण एनण ओझा एवं जिला खेल पदाधिकारी मारकश हेंब्रम ने किया। प्रतियोगिता में सभी प्रखंडो से बालक वर्ग के नौ एवं बालिका वर्ग के कुल पांच टीमों सहित कुल 14 टीमें भाग ले रहीं हैं। गोमिया बनाम चंदनकियारी के बीच खेले गये मैच में गोमिया टीम की ओर से राजु कुमार ने 24 वें मिनट पर एकमात्र गोल दाग कर विजय हासिल की तो दुसरे मैच में पेटरवार की टीम ने बेरमो प्रखंड की टीम को टाईब्रेकर में 4.2 गोल के अंतर से पराजित किया। बालिका वर्ग के मैच में कसमार की टीम ने नावाडीह प्रखंड टीम को 2.0 गोल से पराजित किया। बालक वर्ग के एक अन्य मैच में चास प्रखंड की टीम ने जरीडीह प्रखंड को एकमात्र गोल से पराजित किया। टीम की ओर से एकमात्र गोल प्रदीप हेम्ब्रम ने खेल के 19 वें मिनट पर किया। बालक वर्ग के मैच में चंद्रपुरा की टीम ने कसमार टीम को टाई ब्रेकर के सहारे पराजित किया।मैच का संचालन रेफरी संजय मोदीए मनोज कुमार महतोए मुरलीधर महतोए विश्वनाथ महतोए सुनील महतो व मनोज कुमार ने किया।

## हर्ल जनता को देगा हेल्थ सेंटर का लाभ

खबर मन्त्र संवाददाता



**सिन्दरी।** हर्ल सिन्दरी प्रबंधन ने शनिवार को प्रेसवार्ता के दौरान कहा कि नये वर्ष में सीमित दायित्व के साथ आम जनता के लिए नि:शुल्क हर्ल हेल्थ सेंटर का तोहफा देने जा रही है। हेल्थ सेंटर का निर्माण रोहड़ाबाँध पानी टंकी के समीप किया जा रहा है। फिलहाल सेंटर में एक चिकित्सक सहित नर्सिंग स्टाफ के साथ दिन में कुछ घंटे की ओपीडी की व्यवस्था व जेनेरिक दवाओं का वितरण नि:शुल्क किया जाएगा। हर्ल प्रशासनिक भवन स्थित सभागार में प्रेस को बताते हुए हर्ल सिन्दरी सिनीयर वाइस प्रेसिडेंट दिप्तेन राय ने कहा कि सिन्दरी में चिकित्सीय सुविधा की कमी लगातार देखी जा रही है। इन समस्याओं से आम जनता व हर्ल कर्मियों को कुछ हद तक राहत देने के लिए हर्ल नये वर्ष में रोहड़ाबाँध में नि:शुल्क हर्ल हेल्थ सेंटर का उद्घाटन करेगी। इसमें फिलहाल एक ओपीडी की सुविधा उपलब्ध होगी। इसमें जेनेरिक दवाओं का वितरण नि:शुल्क किया जाएगा। सेंटर में बीसीसीएल से रिटायर एक चिकित्सक डॉक्टर अजय नारायण सिंह व नर्सिंग स्टाफ सहित प्राथमिक उपचार की सुविधा उपलब्ध रहेगी। उन्होंने कहा कि हर्ल हेल्थ सेंटर में एंबुलेंस सुविधा की व्यवस्था अगला कदम होगा। उन्होंने इसके विस्तारीकरण व हेल्थ सेंटर की चौबीस घंटे सेवा पर भी भविष्य में काम करने को लेकर आश्वस्त किया है। उन्होंने नीमकोटेड यूरिया व अमोनिया उत्पादन पर बताया कि रविवार से अमोनिया का पुनः उत्पादन किया जाएगा और यूरिया का उत्पादन सोमवार से संभव हो पाएगा। भविष्य में हर्ल द्वारा संचालित सेटलिंग टैंक में पिकनिक सहित अन्य कार्यक्रमों के लिए हर्ल की अनुमति आवश्यक होगी। हर्ल सेटलिंग टैंक को पिकनिक स्पॉट के रूप में तैयार कर रही है।

## डीपीएस चास में लोक नृत्य प्रतियोगिता

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो/चास।** डीपीएस चास में डॉण राधाकृष्णन सहोदया स्कूल कॉम्प्लेक्स के तत्वावधान में आयोजित ष्अंतर विद्यालय सामूहिक लोकनृत्य प्रतियोगिताष् समारोह में बतौर मुख्य अतिथि जिले के एसपी चंदन कुमार झा ने बच्चों में छात्र.जीवन से ही अपनी संस्कृति और परंपरा से जुड़ाव क आवश्यक बताया और इसके लिए कक्षाएँ आयोजित करने की सलाह भी दी। संथाली झूमरए सरहुलए नागपुरी झूमरए मुंडारी गीत व झूमर जैसे अनेक लोकनृत्यों में विद्यार्थियों के थिरकते पाँवों ने झारखंड की मिश्रित संस्कृति के दर्शन कराए। अन्य आमंत्रित सम्मानित अतिथियों में विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य व शिक्षक उपस्थित थे। प्रभारी प्राचार्या दीपाली भुस्कुटे ने सभी अभ्यागतों का स्वागत करते हुए डीपीएस चास द्वारा बच्चों के सर्वांगीण विकास को लेकर किए जा रहे प्रयासों की चर्चा की।चीफ मेंटर डॉण हेमलता एसण मोहन ने कहा कि डीपीएस चास गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। समेकित प्रदर्शन के आधार पर पहले स्थान पर क्रिसेंट पब्लिक स्कूल की टीमए डीपीएस बोकारो और एमजीएम हायर सेकेंडरी स्कूल बोकारो ने क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त किया।

मंच संचालन कक्षा.सातवीं की अक्षराए सृष्टि व निकिता तथा नौवीं के सौरभ व आदित्य ने किया।मुख्य अतिथि एवं निर्णायक मंडली के सदस्यों ने विजेता स्कूलों के प्रतिभागियों को ट्रॉफी व प्रमाण.पत्र देकर प्रोत्साहित किया।

## दहेज हत्या के आरोपी को कोर्ट ने पाया दोषी, 20 को सुनवाई

**बेरमो/तेनुघाट कोर्ट।** तेनुघाट व्यवहार न्यायालय के जिला जज द्वितीय अनिल कुमार ने दहेज हत्या के आरोप में कसमार थाना अंतर्गत गरी निवासी विवेक चौबे को सिद्ध दोषी पायास बताते चलें कि सूचक पेटरवार थाना अंतर्गत गागी निवासी शशि भूषण चौबे ने कसमार थाना प्रभारी के समक्ष 3 अक्टूबर 2020 को बयान दर्ज कराया कि उसकी पुत्री की शादी विवेक चौबे के साथ 28 जून 2020 को हुई थी। उसकी पुत्री को उसका पति विवेक चौबे और ससुराल वाले दहेज के लिए प्रताड़ित किया करते थे स 3 अक्टूबर 2020 को अभियुक्त विवेक चौबे ने सूचना दिया कि आपकी बेटी फांसी लगा ली है स सूचना मिलने के बाद सूचक तुरंत कसमार अपनी बेटी के ससुराल पहुंचा तो देखा कि उसकी बेटी की लाश फंदा में लटक रहा है स जिसे देखकर यह प्रतीत होता है उसकी बेटी को मार कर टांग दिया गया है स उक्त बयान के आधार पर कसमार थाना में मामला दर्ज किया गया स आरोप पत्र समर्पित होने के बाद मामला स्थानांतरित होकर एडीजे दितिय श्री कुमार के न्यायालय में आया।

# रोजगार सृजन मेला में 1169 ने कराया रजिस्ट्रेशन

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी द्वारा शनिवार को न्यू टाउन हॉल में आयोजित रोजगार सृजन मेला सह मोबिलाइजेशन कैंप में 1169 लोगों ने रोजगार के लिए विभिन्न कंपनियों में अपना रजिस्ट्रेशन कराया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि सह सांसद धनबाद पशुपतिनाथ सिंह, विधायक टुंडी मथुरा प्रसाद महतो, जिला योजना पदाधिकारी महेश भगत ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया।

समारोह में सांसद ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा इसका आयोजन करने से बेरोजगारों में आशा की किरण जगी है। बेरोजगार एवं शिक्षित युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराना, बेरोजगार युवाओं को बेहतर भविष्य प्रदान करना, गरीब बेरोजगार युवाओं को रोजगार से जोड़ना तथा उनको समाज में पहचान एवं मान सम्मान दिलाना इसका उद्देश्य है। उन्होंने कहा लोगों को रोजगार मिलने से राज्य और राष्ट्र में समृद्धि आती है। साथ ही कहा कि मशीन व कंप्यूटर आने से सैकड़ों लोगों को रोजगार से वंचित होना पड़ा है। यह चुनौती आज की नहीं वर्षों पुरानी है। आयोजन से लोग स्वनियोजन से आत्मनिर्भर होंगे।

### रोजगार सृजन में जेएसएलपीएस बेहतर प्लेटफार्म

मथुरा प्रसाद महतो ने कहा कि रोजगार सृजन करने के लिए जेएसएलपीएस ने बेहतरीन प्लेटफार्म प्रदान किया है। साथ ही कहा कि यहां से प्रशिक्षण लेकर लोग स्वरोजगार से दूसरों को भी रोजगार दे सकते हैं। उन्होंने कहा की आज कई उत्पाद को बाजार उपलब्ध नहीं है। जब तक उत्पाद को बाजार उपलब्ध नहीं होगी तब तक केंद्र और राज्य सरकार की योजनाएं धरातल पर नहीं उतरेगी। उन्होंने लोगों से मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना का लाभ लेने का भी आह्वान किया। जिला योजना पदाधिकारी महेश भगत ने कहा कि भारत विश्व में युवाओं का देश माना जाता है। इसलिए केंद्र और राज्य सरकार की सोच है कि युवा कौशल से परिपूर्ण हो जाए। जिससे वे रोजगार मांगने वाले नहीं बल्कि रोजगार देने वाले बनेंगे। उन्होंने कहा युवाओं को क्या चाहिए, क्या करना है इसके लिए जागरूक करना होगा। जब देश का हर नागरिक कुशल हो जाएगा तब हम विश्वगुरु बन जाएंगे। समारोह के दौरान लक्ष्मी टुडू, गीता देवी, आसिफ इकबाल, विमल प्रमोद महतो, गीता कुमारी, सिद्धि गुप्ता, नीतू कुमारी, खुशबू कुमारी, अनुराधा कुमारी, जाबा कुमारी महतो, मामोनी कुमारी, सोमा महतो एवं अनु कुमारी को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। वहीं समारोह से पूर्व मुख्य अतिथि एवं माननीय विधायक का पारंपरिक रीति-रिवाज से स्वागत किया गया। न्यू टाउन हॉल में पलाश मार्ट, कॉमन सर्विस सेंटर, सेफ एक्सप्रेस, रूरल सेल्फ एंप्लॉयमेंट ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट, श्रम नियोजन एवं जिला कौशल, स्वास्थ्य सहित 25 विभागों के स्टाल लगे थे। मंच का संचालन घनश्याम दुबे ने किया। समारोह में सांसद धनबाद पशुपतिनाथ सिंह, विधायक टुंडी मथुरा प्रसाद महतो, जिला योजना पदाधिकारी महेश भगत, जेएसएलपीएस की डीपीएम रीटा सिंह, माननीय विधायक झरिया के प्रतिनिधि केडी पांडेय, माननीय विधायक सिंदरी के प्रतिनिधि कुमार महतो, सांसद के प्रतिनिधि नितिन भट्ट, रणविजय सिंह, जेएसएलपीएस के मोबास्सीर कमाल, राजीव कुमार पांडेय, आनंदिता मोइत्री, सिद्धि गुप्ता, चंदन कुमार, हसनैन वारसी, अखिलेश्वर मिश्रा, आसिफ इकबाल सहित रोजगार देने वाली कंपनी के प्रतिनिधि तथा विभिन्न प्रखंड से बड़ी संख्या में आए लोग मौजूद थे।

एक नजर में

## इस्पात मंत्रालय के ओएसडी का बोकारो दौरा संपन्न



**बोकारो।** दो दिवसीय दौरे पर बोकारो आए इस्पात मंत्रालय के ओएसडी एन एन सिन्हा ने जेएनबी पार्क में पौधरोपण व जगन्नाथ मंदिर में पूजा .अर्चना पश्चात बीएसएल के सीएसआर के तहत नव .निर्मित बोकारो हैंडीक्राफ्ट ट्रेनिंग सेंटर का उद्घाटन किया तथा अन्य सीएसआर गतिविधियों की जानकारी ली। बोकारो निवास में बीएसएल के वरीय अधिकारियों के साथ आयोजित एक बैठक में एन एन सिन्हा को एक प्रस्तुतिकरण के माध्यम से संयंत्र के उत्पादनए सामग्री प्रबंधनए वित्तीय प्रदर्शनए कोलियरीजए झारखण्ड में अवस्थित सेल के खदानए सेल रिफ्रेक्ट्री यूनिट का उत्पादन तथा अन्य सम्बंधित पहलुओं से अवगत कराया गया। मौके पर बीएसएल के निदेशक प्रभारी अमरेन्दु प्रकाशए अधिशासी निदेशक गणए विभिन्न विभागों के मुख्य महाप्रबंधक तथा अन्य वरीय अधिकारी भी उपस्थित थे।

## शहीद शशिकांत पांडेय की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन



**पुटकी।** गोपालीचक 2 नंबर स्तिथ हनुमान मंदिर प्रांगण में ग्रामीण एकता मंच के अध्यक्ष रंजीत सिंह उर्फ बबलू सिंह के द्वारा झारखंड के वीर शपुत शहीद शशिकांत पाण्डेय की 6 पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।एवं ग्रामीण एकता मंच के सभी सदस्यगण मौजूद थे। सभी सर्व प्रथम शहीद के तस्वीर पर फूलमाला चढ़ाकर श्रद्धासुमन अर्पित किया।और शहीद शशिकांत पाण्डेय अमर रहे के नारे लगाए। तत्पश्चात ग्रामीण एकता मंच के सदस्य जोरापोखर थाना के पास उनके प्रतिमा पर जाकर पुष्प अर्पित किए वही ग्रामीण एकता मंच के अध्यक्ष ने कहा कि धनबाद के लिए यह गौरव की बात है कि हमारे बीच का एक भाई बोडर पर दुश्मनो से लड़ते हुए देश के लिए अपनी कुबार्नी दे दी।हम ऐसे वीर सपूत और भाई शशिकांत पाण्डेय को शत शत नमन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।अनिल शर्मा,उदय तिवारी, कमलेश उपाध्याय,भोला ठाकुर, संजय चौहान,उत्पल झा,विनोद सिंह, रवि यादव,दीपक सिंह,अजय पासवान,सुमेश चंद पाठक,रंजन सिंहा,विकास चौधरी,अंकित कुमार, दिलीप सिंह,सुभाष पासवान,तापस बनर्जी इत्यादि गण्यमान लोग मौजूद थे।

## बोकारो जिला आपदा प्रबंधन ने एचपीसीएल के साथ किया मॉक ड्रिल

बोकारो। जिला मुख्यालय के बियाडा क्षेत्र स्थित हिंदुस्तान पेट्रोलियम कारपोरेशन लिमिटेड के डिपो में आपात स्थिति में आगजनी एवं दुर्घटना में बचाव को लेकर की जाने वाली कार्रवाईयों के लिए मॉक ड्रिल किया गया। मॉक ड्रिल में आगजनीध्दुर्घटना के बाद उत्पन्न आपात स्थिति से निपटने के लिए की जाने वाली कार्रवाईयों ऑन स्पॉट करके देखा गया।कर्मियों की तत्परता व सुझ . बुझ से यह मॉक ड्रिल सफल रहा।मौके पर उपस्थित जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी शक्ति कुमार ने आपदा प्रबंधन के विभिन्न गुणों से उपस्थित कर्मियों को अवगत कराया। मौके पर एचपीसीएल के ख्यालिया एवं प्रियंका कुमारीएप्रदीप कुमार आदि उपस्थित थे।

## पानी भरे खदान से गोताखोरों ने निकाली हत्या में प्रयुक्त टांगी



**बेरमो।** बेरमो थाना क्षेत्र के सुभाष नगर रांची धौड़ा निवासी सीसीएल कर्मी मंशा पातर उर्फ मंजीत के हत्या के आरोपियों के बयान के आधार पर गांधीनगर थाना पुलिस ने शुक्रवार को डीवीसी माइंस के मैदान के निकट पानी भरे माइंस में टांगी खोजने के लिए फिर जरिडीह बाजार के गोताखोरों को उतारा गया। गोताखोर दोपहर लगभग एक बजे चुंबक लेकर खदान में उतरे। काफी मशक्कत के बाद दोपहर साढ़े तीन बजे एक टांगी को बरामद करने में गोताखोरों को सफलता मिली। हालांकि इस हत्या में गिरफ्तार अभियुक्तों ने दो टांगी से हत्या कर टांगी को खदान में फेंकने का बयान दिया है। गांधीनगर पुलिस और इस हत्या के अनुसंधानकर्ता संदीप कुजुर काफी मेहनत कर रहे हैं। चार बार गोताखोरों को ठंड के बावजूद शुक्रवार को चौथी बार पानी भरे खदान में उतारा गया। ट्यूब के सहारे पानी में उतरे जरीडीह बाजार रांची धौड़ा निवासी गोताखोर गुड्डू भुइयां पिता विजय भुइंया को पानी में चुंबक के सहारे टांगी मिला। दूसरे ट्यूब पर बेरमो स्टेशन के रहने वाले राजेश कुमार साहनी पिता स्वण रामाशीष साहनी के अलावा गोताखोरों की टीम में राजेंद्र कुमार निषादए विजय निषादए भूलन निषादए मांझी निषादए राजेश निषादए चीकू निषादए सुजीत साहनीए विजय निषाद आदि शामिल थे।

## अवैध शराब की बिक्री पर अंकुश लगाना जरूरी: विनोद यादव

**बेरमो/गोमिया।** इन दिनों गोमिया और इसके आसपास के इलाकों में अवैध शराब की बिक्री धडल्ले से हो रही है। शराब के चंगुल में ज्यादातर युवा वर्ग हैंए कई युवाओं को जगह जगह अक्सर नसे में धुत देखा जा रहा है। इससे पूर्व अत्यधिक शराब पीने की लत से कई लोग गंभीर बीमारी की चपेट में आने के बाद अपनी जान गवां चुके हैं। जागरूकता के अभाव में कई शराब का सेवन कर रहे हैं। कई चौक चौराहों व गली मुहल्लों पर ऐसे लोगो को चखना का जुगाड लगाते देखा जाता है। बीते माह सभी पंचायतों में आयोजित आपकी योजनाए आपकी सरकारए आपके द्वार कार्यक्रम में राज्य सरकार की ओर से फूलो झानो योजना के तहत हडीया-दारु बेचने वाले लोगो को स्वरोजगार के लिए 10 हजार रुपए राशि का चेक दिया गया था।

### पेज एक का शेष

## बांग्लादेश को हरा

**सुनील मैन आफ द मैच :** टूनामेंट में लगातार तीसरा शतक जड़ते हुए 63 गेंदों पर 24 चौकों और एक छक्के की मदद से 136 रन बनानेवाले सुनील को मैन ऑफ द मैच के पुरस्कार से नवाजा गया। वहीं कप्तान अजय ने 50 गेंदों पर 18 चौकों की बदौलत 100 रन की पारी खेली। जवाब में बांग्लादेश की टीम 3 विकेट पर 157 रन ही बना सकी। इस तरह भारतीय टीम ने 120 रन के बड़े अंतर से मैच जीत लिया। पहले 2017 में हुए टी20 वर्ल्ड कप के फाइनल में भारत ने पाकिस्तान को हराया था। पाकिस्तान ने पहले खेलते हुए 8 विकेट पर 197 रन बनाये थे। जवाब में भारतीय टीम ने एक विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया था। भारत ने 9 विकेट से जीत दर्ज की थी। इससे पहले 2012 में भी भारत ने खिताब पर कब्जा किया था।

## स्पीड न्यूज

### राहुल गांधी को सुप्रीम कोर्ट से मिली राहत



**नयी दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। शीर्ष कोर्ट ने केरल के वायनाड से उनके लोकसभा सदस्य चुने जाने को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दी। राहुल गांधी 2019 के आम चुनाव में वायनाड से निर्वाचित हुए थे। राहुल गांधी के निर्वाचन को सरिता एस नैयर ने 31 अक्तूबर 2019 को सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर केरल हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती दी थी।

### बिलकिस बानो की याचिका खारिज

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने 2002 के गुजरात सांप्रदायिक दंगों के दौरान सामूहिक दुष्कर्म-हत्या के लिए दोषी ठहराए गए 11 लोगों की आजीवन कारावास की सजा पर राज्य सरकार को फैसला करने का निर्देश देने के शीर्ष अदालत के फैसले पर समीक्षा करने की बिलकिस बानो की याचिका खारिज कर दी है। दुष्कर्म पीड़िता बिलकिस बानो ने शीर्ष अदालत के इस साल 13 मई के फैसले को चुनौती दी थी।

### मुंबई : भीषण आग से एक की मौत, 2 जख्मी

**मुंबई।** मुंबई के घाटकोपर इलाके में शनिवार को आग लगने से एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि 2 घायल हैं। विश्वास नाम की इमारत के जूनो पिजा होटल के मीटर रूम से यह आग फैली।

### बिहार में शाहरुख और दीपिका के खिलाफ केस

**पटना।** शाहरुख खान-दीपिका पादुकोण की पठान को लेकर 7 राज्यों में विरोध शुरू हो गया है। मध्यप्रदेश, राजस्थान बिहार, उत्तरप्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात और महाराष्ट्र में प्रदर्शन हो रहे हैं। बिहार के मुजफ्फरपुर शाहरुख खान और दीपिका सहित पांच लोगों पर धार्मिक भावना को ठेस पहुंचाने और अश्लीलता फैलाने के आरोप में केस दर्ज किया गया है।

### दूसरी बार आयरलैंड के पीएम बने भारतीय मूल के लियो वराडकर

**डबलिन।** लियो वराडकर आयरलैंड के नए प्रधानमंत्री बने हैं। लियो भारतीय मूल के हैं। 2020 में बनी गठबंधन सरकार में कुर्सी के बंटवारे की सहमति के तहत लियो प्रधानमंत्री बने हैं। वे पहले भी 2017 से 2020 तक ताओसीच (पीएम) और रक्षा मंत्री रह चुके हैं।

## 25वीं पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक में बोले अमित शाह

# पूर्वी क्षेत्र से खत्म हुआ उग्रवाद

एजेंसी

**कोलकाता।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को 25वीं पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक की अध्यक्षता की। इस दौरान उन्होंने राज्यों के मुख्यमंत्रियों से अगले एक वर्ष के दौरान उनके राज्यों में आयोजित होने वाले जी-20 से संबंधित विभिन्न कार्यक्रमों के दौरान अपने राज्यों की सांस्कृतिक विविधता और पर्यटन स्थलों को दुनिया के सामने प्रदर्शित करने का आग्रह किया।

**खत्म हुआ नक्सलवाद**

गृह मंत्रालय के मुताबिक, अमित शाह ने कहा कि देश के पूर्वी क्षेत्र में वामपंथी उग्रवाद या नक्सलवाद लगभग समाप्त हो गया है।

इस पर इस निर्णायक प्रभुत्व को बनाए रखने के प्रयास किए जाने चाहिए। यह इन राज्यों में फिर से उभरना नहीं चाहिए। यहां देश के अन्य हिस्सों के बराबर विकास होना चाहिए।

**ड्रग्स के खिलाफ अभियान को और तेज करने की जरूरत**

गृह मंत्री ने मुख्यमंत्रियों से आग्रह किया कि वे जिला स्तर पर



एनसीओआरडी प्रणाली का निर्माण सुनिश्चित करें और नशीले पदार्थों के खिलाफ लड़ाई के लिए इसकी नियमित बैठक करें। आज देश में ड्रग्स के खिलाफ लड़ाई निर्णायक चरण में है और एआई के जरिए ड्रग्स के खिलाफ अभियान को और तेज करने की जरूरत है।

**1,000 मुद्दों में से 93 प्रतिशत का समाधान :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले आठ वर्षों में क्षेत्रीय परिषदों की बैठकों में 1,000 से अधिक मुद्दों पर चर्चा की गई और उनमें से 93 प्रतिशत का समाधान किया गया जो कि एक बहुत बड़ी उपलब्धि है।

**बैठक में इन मुद्दों पर हुई चर्चा**

गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में पश्चिम बंगाल सचिवालय में हुई बैठक में अवैध घुसपैठ, सीमा पार तस्करी और भारत-बांग्लादेश सीमा से जुड़े अन्य मुद्दों पर चर्चा की गई।

**बैठक में शामिल हुए हेमंत सोरेन-तेजस्वी :** एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि 25वीं ईजेडसी बैठक में राज्यों के बीच परिवहन सुविधाओं और जल-बंटवारे पर भी बातचीत हुई, जिसमें मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, झारखंड के उनके समकक्ष हेमंत सोरेन, बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव और ओडिशा के मंत्री प्रदीप अमत ने भाग लिया।


### ममता व बीएसएफ अधिकारियों के बीच बहस

इधर, पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक के दौरान ममता व बीएसएफ अधिकारियों के बीच बहस होने की भी खबर है। सूत्रों के अनुसार, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सीमा सुरक्षा का मुद्दा उठाया। उन्होंने आरोप लगाया कि बीएसएफ की ओर से सहयोग नहीं मिल रहा है। जिसके बाद बीएसएफ अधिकारियों के साथ बहस हो गई। बैठक में बीएसएफ के महानिदेशक (डीजी) पंकज कुमार सिंह भी मौजूद थे। मालूम हो कि इससे पहले ममता ने बीएसएफ के दायरे को 15 किलोमीटर से बढ़ाकर 50 किलोमीटर करने का भी पुरजोर विरोध किया था। अधिकारी ने कहा कि बाद में गृह मंत्री अमित शाह ने बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से सचिवालय की 14वीं मंजिल पर उनके कक्ष में मुलाकात की। बैठक में हिस्सा लेने के बाद अमित शाह असम के लिए रवाना हो गए है।

## अब पाक ने दी परमाणु ताकत की गीदड़भभकी

एजेंसी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो के बाद अब पड़ोसी मुल्क की गरीबी उन्मूलन मंत्री शाजिया मर्री भारत के खिलाफ बयान दे रही हैं। शाजिया ने बिलावल के आपत्तिजनक बयान पर अफसोस जताने के बजाय पाकिस्तान के परमाणु शक्ति संपन्न होने का हवाला दिया है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पाकिस्तान को खरी-खरी सुनाई थी और कहा था कि अगर आप अपने घर के पीछे सांप पालते हो तो वह सिर्फ पड़ोसी को ही नहीं काटेगा, बल्कि आपके घर के लोगों को भी



काटेगा। इसी के बाद से पाकिस्तान की तरफ से बौखलाहट भरे बयान सामने आ रहे हैं।

शनिवार को शहबाज सरकार में मंत्री शाजिया मर्री ने भारत को गीदड़ भभकी देते हुए कहा, 'पाकिस्तान जवाब देना जानता है। पाकिस्तान वह मुल्क नहीं है जो एक थप्पड़ के नतीजे में दूसरा गाल आगे करेगा। यह सब उनका एक प्रोपेगेंडा है।'

उन्होंने कहा कि अगर कोई मुल्क यह सोचता है कि वह पाकिस्तान जैसे परमाणु ताकत वाले मुल्क से बच सकता है, तो यह उसकी गलती है।

### 7000 किमी तक निशाना लगाने को तैयार अग्नि-5

**नयी दिल्ली।** भारत ने गुरुवार को ही न्यूक्लियर क्षमता वाली अग्नि-5 बैलेस्टिक मिसाइल का सफल परीक्षण किया है। अब भारत इस मिसाइल की मारक क्षमता को बढ़ाने की तैयारी में है। इसके बाद अग्नि-5 से 7000 किमी की दूरी तक मार की जा सकेगी। डीआरडीओ के सूत्रों के मुताबिक इसके लिए अग्नि-5 मिसाइल के वजन को घटाने पर काम किया जा रहा है। इसके लिए मिसाइल से स्टील हटाकर कंपोजिट मटीरियल्स का इस्तेमाल किया जाएगा।

## तवांग घटना चीन की सुनियोजित साजिश भारत करारा जवाब देने में सक्षम : तिब्बत

एजेंसी

**जम्मू।** तिब्बत के प्रधानमंत्री पेपा सेरिंग ला ने कहा कि चीन ने तवांग घटना को सुनियोजित तरीके से अंजाम दिया है। चीन का नेतृत्व और सरकार खुद को वर्तमान में असुरक्षित महसूस कर रही है। वह अपने देश की जनता का ध्यान हटाने के लिए भारत में इस तरह की गतिविधियों को अंजाम देने में लगी हुई है। उन्होंने कहा भारत अब 1962 वाला देश नहीं है। भारत अब बदल चुका है और यहां पर पीएम मोदी जैसा मजबूत नेतृत्व है। ऐसे में उन्हें लगता है कि भारत, चीन को करारा जवाब देने में सक्षम है। उन्होंने कहा भारत को मजबूती के साथ अपनी स्थिति पर टिके रहने की जरूरत है क्योंकि चीन कभी भी कमजोर देश का सम्मान नहीं करता है। सरिंग ने कहा कि हम तिब्बत की आजादी के बजाय स्वायत्तता की मांग कर रहे हैं । हमारा मानना है कि पड़ोसी देशों के साथ नफरत भरे संबंध भविष्य के लिए बेहतर नहीं हो सकते हैं इसलिए चीन को तिब्बत को स्वायत्तता देनी चाहिए।

### चीन पाकिस्तान की भाषा बोलते हैं राहुल गांधी : नड्डा

**नयी दिल्ली।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के चीन के बारे में बयान की कड़ी भर्त्सना करते हुए शनिवार को कहा कि राहुल वो भाषा बोलते हैं जो चीन और पाकिस्तान बोलता है। नड्डा ने एक विज्ञप्ति में कहा कि राहुल गांधी का देश की सेना के मनोबल को तोड़ने वाला बयान सर्वथा निंदनीय और देश की एकता एवं अखंडता पर प्रश्न चिह्न लगाने वाला है। उन्होंने कहा, 'यह देश के वीर जवानों का अपमान है। इसकी जितनी भी भर्त्सना एवं निंदा की जाए, वह कम है। मैं इसकी कड़ी शब्दों में निंदा करता हूं।

## देश के जयचंद हैं राहुल : भाजपा

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** चीनी सैनिकों द्वारा भारतीय सैनिकों की पिटाई के राहुल गांधी के बयान से उठा सियासी तूफान थमने का नाम नहीं ले रहा। शनिवार को भाजपा ने इसको लेकर एक बार फिर राहुल गांधी पर तीखा हमला बोला। भाजपा ने कहा कि ऐसी टिप्पणी करने पर कांग्रेस को राहुल गांधी को फौरन पार्टी से बाहर का रास्ता दिखाना चाहिए। भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कहा कि अगर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे रिमोट से संचालित नहीं होते हैं। अगर विपक्षी दल देश के साथ खड़ा है तो राहुल को उनकी टिप्पणियों के लिए निष्कासित किया जाना चाहिए, जिसने भारत का अपमान किया है और सशस्त्र बलों का मनोबल तोड़ा है।

**सशस्त्र बलों का मनोबल तोड़ने का आरोप :** भाटिया ने गांधी की तुलना कन्नौज के राजा जयचंद से की, जिन्हें कुछ ऐतिहासिक वृत्तांत में भारत से गद्दारी करने वाला व्यक्ति बताया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि पूर्व कांग्रेस प्रमुख सशस्त्र बलों का मनोबल तोड़ने की कोशिश लगातार करते रहे हैं। चाहे पाकिस्तान में आतंकवादी शिविरों पर सर्जिकल स्ट्राइक और हवाई हमले हों या गलवान घाटी में झड़प हो, जिसमें 20 जवान शहीद हो गए थे। गांधी ने पाक में आतंकवादियों पर सशस्त्र बलों के हमले का कथित सबूत मांगा था।

### चीनी घुसपैठ पर चर्चा क्यों नहीं कराती सरकार : खड़गे

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने शनिवार को इस बात पर हैरानी जताई कि चीन देश के भीतर घुस आया है और सीमा पर रणनीतिक महत्व के क्षेत्रों में निर्माण कार्य कर रहा है, लेकिन सरकार इस बारे में चर्चा कराने को तैयार नहीं है। पूर्वोत्तर की सीमा पर रणनीतिक महत्व के इलाकों में चीन जिस तरह से अपनी गतिविधियां चला रहा है वह देश की सुरक्षा के लिए चिंता का विषय है और सरकार को इस बारे में देश के साथ विचार विमर्श करना चाहिए। उन्होंने ट्वीट किया 'जम्फेरि रिज' तक चीन का ढांचागत निर्माण का कार्य भारत के रणनीतिक 'सिलीगुड़ी कॉरिडोर' को खतरे में डाल रहा है - पूर्वोत्तर राज्यों का प्रवेश द्वार।

## तवांग क्षेत्र पूरी तरह से सुरक्षित : रिरिजू

एजेंसी

**तवांग।** केंद्रीय कानून मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि राहुल गांधी न केवल भारतीय सेना का अपमान कर रहे हैं, बल्कि देश की छवि को भी नुकसान पहुंचा रहे हैं। बता दें कि राहुल गांधी ने शुक्रवार को आरोप लगाया था कि चीन युद्ध की तैयारी कर रहा है जबकि भारत सरकार सोई हुई है और खतरे को नजरअंदाज करने की कोशिश कर रही है। इसके साथ ही, रिजिजू ने तवांग में यांग्त्से क्षेत्र का दौरा किया, जहां चीनी और भारतीय सैनिकों के बीच झड़प हुई थी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि अरुणाचल के तवांग में यांग्त्से क्षेत्र पूरी तरह सुरक्षित है।



**राहुल पर लगाया सेना का अपमान करने का आरोप**

रिजिजू ने कहा, 'राहुल गांधी न केवल भारतीय सेना का अपमान कर रहे हैं, बल्कि देश की छवि को भी नुकसान पहुंचा रहे हैं।

वह न केवल कांग्रेस पार्टी के लिए एक समस्या हैं, बल्कि वह देश के लिए एक बड़ी शर्मिंदगी बन गए हैं।'

इसके साथ ही, उन्होंने ट्वीट किया, 'भारतीय सेना के बहादुर जवानों की पर्याप्त तैनाती के कारण अरुणाचल प्रदेश के तवांग में यांग्त्से क्षेत्र अब पूरी तरह से सुरक्षित है।'

## जो पियेगा वो मरेगा, तो क्या जो पलटी मारेगा वो राज करेगा! : सुमो

खबर मन्त्र संवाददाता

**छपरा।** बिहार में जहरीली शराब कांड पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के 'जो पिएगा वो मरेगा' वाले बयान पर भाजपा जमकर हमलावर है। भाजपा सांसद सुशील मोदी शनिवार को सारण जिले के मशरक पहुंचे। यहां बरौली में उन्होंने जहरीली शराब पीने के बाद मरने वाले लोगों के परिवार वालों से मुलाकात की। सुशील मोदी ने कहा कि नीतीश कुमार कह रहे हैं जो पियेगा वो मरेगा, तो पलटी मारने वाले को भी राज नहीं करने देने का हम लोग संकल्प ले चुके हैं। जहरीली शराब कांड में मरने वाले लोगों की लाशों को जबरन जलाया



गया। अस्पतालों में उचित व्यवस्था नहीं थी वरना कुछ लोगों की जान बच सकती थी। उन्होंने पुलिस पर भी आरोप लगाया कि लोगों को शवों का पोस्टमार्टम करवाने से डरवाया गया। बता दें कि जहरीली शराब पीने से बिहार में 80 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। इनमें से करीब 75 मृतक अकेले छपरा से हैं।

### बक्सर निकाय चुनाव बूथ लुटेरों को देखते ही गोली मारने के निर्देश

**बक्सर।** नगर निकाय चुनाव में मतदान के दौरान सख्त पुलिसिया व्यवस्था का इंतजाम किया गया है। ताकि, कहीं कोई गड़बड़ी नहीं कर सके। इस दौरान हर जगहों पर पुलिस की पैनी निगाह रहेगी। बूथ लुटेरों को तो देखते ही गोली मारने के निर्देश दिए गए हैं। सदर एसडीओ धीरेंद्र कुमार मिश्रा ने बताया कि पूरे नगर परिषद क्षेत्र में धारा 144 लागू है। ऐसे में अगर एक स्थान पर पांच या उससे अधिक लोगों की भीड़ दिखी तो खैर नहीं है। ऐसे में संबंधित लोगों पर कार्रवाई हो सकती है। बूथ के सौ मीटर के अंदर किसी प्रत्याशी का कोई कार्यालय नहीं होगा।

### पुतिन के साथ मोदी की बातचीत पर प्रतिक्रिया

## हम पीएम मोदी के कहे शब्दों का स्वागत करते हैं : अमेरिका

एजेंसी

**वॉशिंगटन।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की फोन वार्ता के बाद अब अमेरिका का भी बयान आया है। अमेरिका ने बातचीत का स्वागत किया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से टेलीफोन पर बात की और अपने इस आह्वान को दोहराया कि यूक्रेन संकट हल करने के लिए बातचीत और कूटनीति 'एकमात्र रास्ता' है। अमेरिका ने पीएम मोदी के आह्वान का स्वागत किया। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रधान उप प्रवक्ता वेदांत ने कहा, 'हम पीएम मोदी के कहे शब्दों का स्वागत करते हैं। जब वे हकीकत बनेंगे तो उन टिप्पणियों का स्वागत करेंगे।

रूस के साथ संबंधों पर अन्य देश भी अपना निर्णय लेंगे। हम युद्ध के प्रभावों को कम करने के लिए सहयोगियों के साथ समन्वय करना जारी रखेंगे।' पटेल ने ये टिप्पणी रूस-यूक्रेन के बीच जारी युद्ध को लेकर भारत की स्थिति और जंग को खत्म करने के लिए पीएम मोदी के आह्वान पर एक सवाल के जवाब में की।

## इंडो इटैलियल फिल्म में लियोनार्डी के साथ नजर आयेंगी चित्रांगदा सिंह



अभिनेत्री चित्रांगदा सिंह इंडो-इटैलियल फिल्म में मार्को लियोनार्डी के साथ नजर आयेंगी। चित्रांगदा सिंह, फिल्मकार गौतम घोष की अगली इंडो-इटैलियन फिल्म में मुख्य भूमिका निभाती नजर आयेंगी। इस फिल्म में चित्रांगदा सिंह इटली के दिग्गज अभिनेता मार्को लियोनार्डी के साथ नजर आएंगी। फिल्म की शूटिंग 2019 में शुरू हुई थी, लेकिन महामारी के कारण बाकी फिल्मों की तरह इस फिल्म की भी शूटिंग रुक गई और अब टीम ने एक बार फिर से फिल्म पर काम शुरू कर दिया है। इस फिल्म की शूटिंग का एक बड़ा हिस्सा मुंबई और जबलपुर में शूट किया जाएगा। इस फिल्म का फर्स्ट लुक जारी कर दिया गया है। इस पोस्टर में प्लेन ऑरेंज साड़ी और कम से कम मेकअप में चित्रांगदा काफी खूबसूरत नजर आ रही हैं। इस फिल्म की पटकथा गौतम घोष और जगन्नाथ गुहा ने लिखी हैं।




## तबाही मचाने उतरेंगे फ्रांस-अर्जेंटीना के खिलाड़ी

दोहा। अर्जेंटीना और फ्रांस के बीच रविवार को होने वाले विश्वकप फाइनल में एक तरफ जहां लियोनेल मेसी होंगे वहीं दूसरी तरफ उन्हें टक्कर देने के लिए काइलियन एम्बाप्पे होंगे। इन दोनों सहित जिन अन्य खिलाड़ियों पर विश्वकप फाइनल में नजर टिकी रहेगी, उनकी जानकारी इस प्रकार है।

**लियोनेल मेसी :** 35 साल के मेसी अर्जेंटीना की टीम के दिल और आत्मा दोनों हैं। वह टूर्नामेंट में अब तक पांच गोल कर चुके हैं और इस मामले में संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं। जब भी गोल करने का मौका हो तब मेसी की फुर्ती देखने लायक होती है। विश्व कप का खिताब उन्हें डियागो माराडोना के समान 'आइकन' का दर्जा दिला देगा।

**जुलियन एल्वारेज :** एल्वारेज ने टूर्नामेंट आगे बढ़ने के साथ लगातार अच्छा प्रदर्शन किया और उन्होंने अब तक चार गोल दागे हैं। मैनचेस्टर सिटी की तरफ से खेलने वाले इस 22 वर्षीय खिलाड़ी का तेज दौड़ लगाने में कोई सानी नहीं है। उन्होंने सेमीफाइनल में टीम की 3-0 से जीत में मेसी के साथ शानदार जोड़ी बनाई थी।

**एमिलियानो मार्टिनेज :** अर्जेंटीना का यह गोलकीपर छह फुट चार इंच लंबा है। यदि फाइनल मैच पेनल्टी शूटआउट तक खिंचता है तो फिर मार्टिनेज की भूमिका अहम होगी। उन्होंने नीदरलैंड के खिलाफ क्वार्टर फाइनल और पिछले साल कोपा अमेरिका के सेमीफाइनल में पेनल्टी शूटआउट में अर्जेंटीना को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी।

**नहुएल मोलिना :** मोलिना ऊजार्वान फुल बैक है और उनमें मजबूत डिफेंडर होने के सभी लक्षण मौजूद है। एटलेटिको मैड्रिड के 24 वर्षीय खिलाड़ी मोलिना को अपने आक्रामक रवैये के लिए भी जाना जाता है।

**एंजो फर्नांडीज :** फर्नांडीज ने टूर्नामेंट की शुरूआत स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में की थी, लेकिन अर्जेंटीना के मैक्सिको पर जीत में गोल करने के बाद वह टीम के मुख्य खिलाड़ी बन गए। वह अर्जेंटीना की मध्य पंक्ति के प्रमुख खिलाड़ी हैं।

**फ्रांस के इन खिलाड़ियों पर रहेगी नजर**

**काइलियन एम्बाप्पे :** अर्जेंटीना के लिए एम्बाप्पे सबसे बड़े खतरनाक खिलाड़ी हैं जो अपनी तेजी और गोल करने में महारत के लिए जाने जाते हैं। पेरिस सेंट जर्मेन की तरफ से खेलने वाला यह 23 वर्षीय स्ट्राइकर विश्व कप में अभी तक मेसी के समान पांच गोल दाग चुका है। अर्जेंटीना के खिलाफ जीत दर्ज करने पर वह महानतम खिलाड़ियों में शामिल हो जाएंगे।

**एंटोनियो ग्रीजमैन :** 31 साल ग्रीजमैन इस विश्वकप में फ्रांस के लिए महत्वपूर्ण खिलाड़ी साबित हुए हैं। एटलेटिको मैड्रिड के इस स्ट्राइकर ने अपने कौशल में रक्षात्मक गुण भी जोड़े हैं। फाइनल में मेसी के साथ उनका मुकाबला देखने लायक होगा।



**ह्यूगो लोरिस :** टोटेनहैम की तरफ से खेलने वाले 35 वर्षीय ह्यूगो लोरिस पहले ऐसे कप्तान बनने की राह पर हैं जिन्होंने दो विश्वकप जीते। वह मितभाषी हैं लेकिन अपने काम को अच्छी तरह से अंजाम देते हैं। फ्रांस की तरफ से सर्वाधिक मैच खेलने का रिकॉर्ड उन्हीं के नाम पर है।

**राफेल वरान :** फ्रांस की रक्षापंक्ति की मजबूत कड़ी हैं 29 वर्षीय राफेल वरान। वह अपने करियर में चोटों से जूझते रहे हैं लेकिन अब अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए तैयार हैं।

**टचौमेनी :** टचौमेनी पिछले चार साल से पाल पोग्बा की जगह मध्य पंक्ति में अपनी भूमिका पूरी निष्ठा के साथ निभा रहे हैं।

## जाकिर का शतक, मगर जीत के करीब भारत



**चटगांव (एजेंसी)।** युवा सलामी बल्लेबाज जाकिर हसन (100) के शानदार शतक से बंगलादेश ने भारत के खिलाफ पहले टेस्ट के चौथे दिन शनिवार को 272 रन बना लिये, हालांकि छह विकेट गंवाने के कारण उस पर हार का खतरा मंडरा रहा है। बंगलादेश को अब भी जीत के लिये 241 रन चाहिये, जबकि भारत विजय से सिर्फ चार विकेट दूर है। चौथे दिन बांग्लादेश के जाकिर हसन और नजमुल हसन ने पहले विकेट के लिए 124 रन की साझेदारी कर भारत की जीत का इंतजार बढ़ा दिया। नजमुल हसन ने 67 रन की पारी खेली। भारत के लिए अक्षर पटेल सबसे सफल गेंदबाज रहे और उन्होंने तीन विकेट लिए। फिलहाल कप्तान शाकिब 40 और मेहदी हसन नौ रन बनाकर खेल रहे हैं।

### पोलैंड के जीमॉन मार्सिनियाक होंगे विश्व कप फाइनल के रेफरी

पोलैंड के जीमॉन मार्सिनियक को अर्जेंटीना और फ्रांस के बीच रविवार को होने वाले फीफा विश्व कप फाइनल का रेफरी चुना गया है। फीफा ने कहा है कि मार्सिनियक के हमवतन पावेल सोकोलनिकी और तोमाज लिस्टकीविक्ज खिताबी मैच में असिस्टेंट रेफरी होंगे।

**फ्रांस की टीम में फ्लू फैला :** अर्जेंटीना के खिलाफ फीफा 2022 विश्व कप फाइनल से पहले फ्रांस की टीम में वायरस का प्रकोप जारी है। फॉरवर्ड खिलाड़ी रैडल कोलो ने कहा यह जानकारी दी।

### गाबा टेस्ट के पहले दिन गिरे 15 विकेट

**ब्रिसबेन।** ऑस्ट्रेलिया ने ट्राविस हेड (78 नाबाद) के आक्रामक अर्द्धशतक और स्टीव स्मिथ (36) के साथ उनकी शतकीय साझेदारी से दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट के पहले दिन शनिवार को पांच विकेट के नुकसान पर 145 रन बना लिये। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए दक्षिण अफ्रीका 152 रन पर ऑलआउट हो गयी और ऑस्ट्रेलिया पहली पारी में अब सिर्फ सात रन से पीछे है। हेड जब बल्लेबाजी करने उतरे तब ऑस्ट्रेलिया ने 27 रन पर तीन विकेट गंवा दिये थे। गेंदबाजों के लिये मददगार विकेट पर हेड ने प्रत्याक्रमण शुरू किया और 23वें ओवर में लुंगी एनगिडी के खिलाफ 15 रन जोड़े।

V.P.M. GYAN NIKETAN SCHOOL
BAIRIA, DALTONGANJ, PALAMU, JHARKHAND - 822102

REQUIRED PRINCIPAL

Post Graduation with M.Ed./B.Ed. having excellent communication skills in English & minimum 10 years teaching experience out of which minimum 5 years as Principal position in Senior Secondary CBSE School with clear vision and strategies to develop and maintain high curriculum standards preferred.

Salary will be negotiable.

Interested Candidates should mail their resume with an application within 10 days at : vpmgns66373@gmail.com

Contact - 6205574800

VERMA PRESS

वर्मा प्रेस प्रा० लि० रॉंची

Verma's® Today®

शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 120 | Hindi | ₹ 100 |
| English | ₹ 120 | English | ₹ 120 |
| Mathematics | ₹ 120 | Mathematics | ₹ 120 |
| Science | ₹ 120 | Science | ₹ 120 |
| Social Science | ₹ 120 | Social Science | ₹ 120 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi - B | ₹ 80 | Hindi - B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran - II | ₹ 100 | Hindi Vyakaran - II | ₹ 100 |
| English Grammar - II | ₹ 100 | English Grammar - II | ₹ 100 |
| Sanskrit Vyakaran-II | ₹ 70 | Sanskrit Vyakaran-II | ₹ 70 |
| Hindi Practical | ₹ 50 | Hindi Practical | ₹ 50 |
| English Practical | ₹ 50 | English Practical | ₹ 50 |
| Maths. Practical | ₹ 60 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 60 | Science Practical | ₹ 55 |
| S. Science Practical | ₹ 60 | S. Science Practical | ₹ 60 |
| Sanskrit Practical | ₹ 50 | Sanskrit Practical | ₹ 50 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 60 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 60 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!